डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹76,590 10 ग्राम
₹89,830 01 किलो
सेंसेक्स 79,802.79 +759.05
डॉलर 84.580 +0.110

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 30 नवंबर 2024, वर्ष-31, अंक-46, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 कैनबरा में प्रैक्टिस करने उतरे शुभमन...

## एक नजर

### पोर्नोग्राफी मामले में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के घर ईडी की छापेमारी

**मुंबई।** पोर्नोग्राफी मामले में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा के मुंबई स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शुक्रवार सुबह से छापामारी कर रही है। ईडी की यह कार्रवाई राज कुंद्रा के करीबी समझे जाने लोगों के मुंबई और उत्तर प्रदेश में करीब 15 ठिकानों पर जारी है। अभी तक इस छापेमारी का ब्योरा नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि ईडी ने राज कुंद्रा के आवास से कुछ डिजिटल दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। जानकारी के अनुसार पोर्नोग्राफी मामले में मुंबई पुलिस की टीम ने 2021 में राज कुंद्रा के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। इसके बाद राज कुंद्रा को मुंबई पुलिस ने जुलाई 2021 में गिरफ्तार किया था। राज कुंद्रा को सितंबर 2021 में जमानत मिल गई थी।

### स्लरी उठाव स्थल पर हथियारबंद अपराधियों ने बोला धावा, फायरिंग कर ट्रक में लगाई आग

**खलारी।** खलारी थानान्तर्गत जी-टाइप के निकट स्लरी उठाव स्थल पर गुरुवार रात हथियार बंद अपराधियों ने धावा बोल दिया। रात करीब साढ़े बारह बजे 6-7 की संख्या में आये अपराधियों ने स्लरी उठाव स्थल पर हवाई फायरिंग किया। उसके बाद उन्होंने वहां मौजूद ट्रैक्टर, टर्बो ट्रक चालकों व खलारी सीमेंट लिमिटेड के सुरक्षा गार्डों के साथ मारपीट किया। चालान काटने के लिए लगाए गए तंबू को उखाड़ दिया। अपराधियों ने वहां खड़े एक टर्बो ट्रक (जेएच01डीके/4371) पर पेट्रोल डालकर आग लगा दिया। जाते जाते अपराधी स्लरी के लिए दिए जाने वाले चालान बुक तथा स्लरी के पैसे भी छीनकर साथ ले गए। घटना के दौरान अपराधी खुद को आलोक जी का आदमी बता रहे थे। उन्होंने चेतावनी दी कि आलोक से बात किए बिना काम चालू नहीं करना है। इधर घटना की सूचना पाते ही खलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। रात के अंधेरे का लाभ उठाकर अपराधी भाग निकले। इधर खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने कहा है कि घटना को अंजाम देने वाले जल्द ही पुलिस के कब्जे में होंगे।

## आज कल

तीसरी आंख




### केंद्रीय राज्य मंत्री ने लातेहार में स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत का लिया जायजा, कहा-

# मोदी सरकार का फोकस पिछड़े इलाकों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है

### केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से किया जाए

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** केंद्रीय पर्यटन, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने शुक्रवार शाम लातेहार पहुंचकर सदर अस्पताल और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में मौजूद सुविधाओं, आधारभूत संरचनाओं और योजनाओं के कार्यान्वयन का जायजा लिया।

मंत्री सुरेश गोपी ने शाम करीब पांच बजे लातेहार सदर अस्पताल पहुंचकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने एसएनसीयू वार्ड, दवा वितरण केंद्र, डायलिसिस केंद्र, और अन्य वार्डों में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना।

मंत्री ने विशेष रूप से अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, स्वच्छता व्यवस्था, और डॉक्टरों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह को निर्देश दिया कि मरीजों को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से यह भी कहा कि लंबित समस्याओं को जल्द से जल्द सुलझाया जाए और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, अन्य पदाधिकारी, डॉक्टर और अस्पताल कर्मी मौजूद थे। मंत्री ने सभी से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समस्याओं के समाधान में तत्परता दिखाने का आग्रह किया।



### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मैग्नोलिया पॉइंट की पेंटिंग भेंट की



सदर अस्पताल के निरीक्षण के बाद केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का दौरा किया। छात्राओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री ने विद्यालय में दी जा रही शैक्षणिक और आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। एक छात्रा ने उन्हें नेतरहाट के प्रसिद्ध मैग्नोलिया पॉइंट की पेंटिंग भेंट की। मंत्री ने विद्यालय प्रबंधन से छात्रों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और शिक्षा के स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान्य रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। मौके पर मौजूद उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीडीसी सुरजीत कुमार सिंह, और सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारियों को मंत्री ने निर्देश दिए कि केंद्र की योजनाओं का क्रियान्वयन तेज और प्रभावी तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का फोकस ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। मंत्री सुरेश गोपी ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केंद्र सरकार की योजनाएं लातेहार जैसे क्षेत्रों में हर व्यक्ति तक पहुंचे। स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारियों के साथ बैठक कर लंबित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इससे पहले परिसदन परिसर में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने केंद्रीय मंत्री को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। मंत्री ने पौधरोपण की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया।

# वीर बिरसा के परपोते का रिम्स में असामयिक निधन

**बाबूलाल मरांडी का आरोप**

- रिम्स ट्रामा सेंटर में नहीं मिला बेड, 10 घंटे एंबुलेंस पर ही रहे मंगल मुंडा
- 15 हजार की दवाईयां भी शहीद बिरसा के परिजनों को खुद खरीदनी पड़ी

### 25 नवंबर को खूंटी में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए थे मंगल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/खूंटी।** भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा का इलाज के दौरान रिम्स में गुरुवार की देर रात निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार को उनके पैतृक गांव खूंटी के उलिहतू ले जाया गया, जहां खूंटी जिला प्रशासन की ओर से उप विकास आयुक्त सह प्रभारी उपायुक्त श्याम नारायण राम ने पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बाद में सरना रिति-रिवाज के अनुसार उन्हें दफनाया गया। इसके पूर्व रिम्स से शव उलिहातू पहुंचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मंगल मुंडा के पिता सुखराम मुंडा, मां लखिमनी देवी, चाचा बुधराम मुंडा और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। उल्लेखनीय है कि मंगल मुंडा 25 नवंबर को सड़क दुर्घटना में गभीर रूप से घायल हो गये थे। उनका इलाज रिम्स में चल रहा था। खूंटी के उपायुक्त लाकेश मिश्रा की पहल पर खूंटी के सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम भी रिम्स गई थी। बाबूलाल ने आरोप लगाते हुये कहा इस नाजुक स्थिति में भी उन्हें समय पर रिम्स के ट्रामा सेंटर में बेड नहीं मिला। इलाज शुरू करने में 10 घंटे की देरी हुई। परिजनों को 15 हजार की दवाईयां भी खुद खरीदनी पड़ी। उपचार के दौरान गुरुवार की देर रात मंगल मुंडा का निधन हो गया।



### प्रधानमंत्री ने मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी के वंशज मंगल मुंडा के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना उनके परिवार के साथ ही झारखंड के जनजातीय समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों को संबल प्रदान करे।

### 28 की देर रात 12:30 बजे मंगल मुंडा ने ली अंतिम सांस

डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी सेहत पर नजर बनाए हुए थी। सिर में गंभीर चोट की वजह से वह रिकवरी नहीं कर पाए और गुरुवार की देर रात 12:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगल मुंडा के छोटे भाई ने शुक्रवार को फेसबुक पर अपने बड़े भाई के निधन की सूचना साझा की। इसके बाद से ही लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

### मुख्यमंत्री पहुंचे रिम्स, मंगल मुंडा को दी श्रद्धांजलि




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगल मुंडा के असामयिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री सोरेन शुक्रवार को रिम्स पहुंचकर दिवंगत मंगल मुंडा के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें सांत्वना दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत मंगल मुंडा के परिजनों को राज्य सरकार के स्तर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

सड़क दुघटनाम में घायल होने के बाद जग मंगल मुंडा को रिम्स ले जाया गया, तो किसी ने उनकी सुधि नहीं ली। वे रात भर घायल अवस्था में एंबुलेंस में ही पड़े रहे। सूचना मिलने पर उन्होंने रिम्स के अधिकारियों से बात कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। शहीद परिवार के वंशज के साथ इस तरह का व्यवहार स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। मंगल मुंडा का इलाज समय पर हो जाता, तो उनकी जान बच सकती थी।

**अर्जुन मुंडा, पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री**

जब मंगल मुंडा रिम्स में इलाजरत थे, उसी समय मैंने सलाह दी थी कि मंगल को बेहतर इलाज के लिए किसी बड़े संस्थान में ले जाना चाहिए, पर न तो रिम्स प्रबंधन ने और न ही राज्य सरकार ने मेरी बात सुनी। जीवन और मौत तो ऊपर वाले के हाथ में है, पर यदि मंगल मुंडा को दिल्ली या अन्य किसी बड़े अस्पताल में भर्ती कराया जाता, तो शायद उनकी जान बच जाती।

**कड़िया मुंडा, पद्मभूषण से सम्मानित लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष**

## मंगल मुंडा के मौत की हो उच्च स्तरीय जांच दोषियों पर हो कार्रवाई : बाबूलाल मरांडी

**■ मंगल मुंडा की मौत ने हेमंत सरकार की पोल खोल दी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को मंगल मुंडा की असामयिक मौत को व्यवस्थागत हत्या बताते हुए राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। मरांडी ने कहा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जिस तरह से उन्हें इलाज के लिए तड़पना पड़ा, वह हमारी व्यवस्था की संवेदनहीनता को दशार्ता है। इस नाजुक स्थिति में भी उन्हें समय पर ट्रामा सेंटर में बेड नहीं मिला। इलाज शुरू करने में 10 घंटे की देरी हुई। परिजनों को 15 हजार की दवाईयां भी खुद खरीदनी पड़ी। उन्होंने कहा कि अबुआ सरकार में एक गरीब आदिवासी की जिंदगी की कीमत आज बस इतनी ही रह गई है। यह केवल मंगल की मौत नहीं, बल्कि व्यवस्था के द्वारा उनकी हत्या है। जिस झारखंड को बिरसा मुंडा के आदर्शो पर चलना चाहिए था, वहां उनके वंशज के साथ ऐसा व्यवहार होना हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोर कर रख देता है। उन्होंने कहा कि क्या आज हमारी सरकार और व्यवस्था में गरीबों की कोई जगह नहीं बची है? यह सवाल सिर्फ मंगल मुंडा के परिवार का नहीं, बल्कि झारखंड के हर गरीब आदिवासी का है। उन्होंने कहा कि मंगल मुंडा के इलाज में बरती गई घोर लापरवाही की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। मरांडी ने स्व. मुंडा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कहा कि दुख की घड़ी में पूरा भाजपा परिवार साथ खड़ा है।

## साहित्यकार मुनि पार्श्वसुन्दर विजय को मिलेगा संस्कृत का साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने शुक्रवार को संस्कृत भाषा के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2024 साहित्यकार मुनि पार्श्वसुन्दर विजय की कृति हंसरत्नमहाकाव्यम को प्रदान करने की घोषणा की है। साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि मुनि पार्श्वसुन्दर विजय के नाम का चयन त्रिसदस्यीय जूरी ने किया। इसमें प्रो. सीएस राधाकृष्णन, प्रो. गोपबंधु मिश्र और प्रो. प्रह्लाद आर जोशी शामिल थे। यह पुरस्कार उस युवा लेखक की प्रकाशित पुस्तक को दिया जाता है, जिसकी उम्र पुरस्कार वर्ष में 1 जनवरी को 35 वर्ष से कम हो। पुरस्कार विजेता को पुरस्कार-स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्र फलक तथा 50 हजार रुपये की राशि का चेक एक विशेष कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विगत 15 जून को घोषित किए गए अन्य भाषा के पुरस्कारों के समय संस्कृत भाषा के लिए पुरस्कार की घोषणा नहीं की जा सकी थी।

## इंडिया

# असंभव लक्ष्य और करियर के लिए दांव पर युवा जिंदगी



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

भारत को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में विशेषज्ञों के अलावा सबसे बड़ी भूमिका युवाओं की है जो असंभव लक्ष्यों की दौड़ में दिन और रात का अंतर भूल गए हैं। लगभग तीन दशक पहले जब बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में अपना प्रभुत्व स्थापित कर रही थी तब यहां एक बंधी बंधायी कार्यसंस्कृति थी जो सरकारी या निजी में लगभग एक ही तरह की थी पर अचानक से बैंक ऋण तक प्रोडक्ट बन गए और फिर जो दौड़ शुरू हुई उसमें आज क्या निजी क्या सरकारी सभी लगे हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियां सरकारी या भारतीय कंपनियों के उलट धड़ाधड़ वेतन वृद्धि या प्रोन्नति देकर इस दौड़ को इतना तेज कर चुकी हैं कि नियम मापदंड सभी सिर्फ कागजों में रह गए हैं और युवा इसके पीछे ऐसे दौड़ रहे हैं कि सबकुछ भूलकर सिर्फ आगे का करियर दिख रहा है । इनके हाथों का लैपटॉप फ्लाइट,मेट्रो से लेकर घरों के बेडरूम तक चलता रहता है। बहुत ने शादी नहीं की या बच्चे नहीं चाहते कि उन्हें पालने का समय नहीं। इस अमानवीय होती दौड़ के बीच हाल में 26 वर्षीय चार्टर्ड अकाउंटेंट अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की दुखद मौत बहुत चर्चित हुई जिसमें कथित रूप से उनकी मौत शीर्ष वैश्विक अकाउंटिंग फर्म ईवाई ग्लोबल की पुणे स्थित फर्म एसआर बाटलीबोई में काम की अधिकता के कारण हुई थी। समाचारों के अनुसार नौकरी जॉइन करने के चार महीने बाद पेरायिल की मौत जुलाई में हो गई थी। अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की मां अनीता ऑगस्टाइन की ओर से भारत में कंपनी के चेयरमैन को लिखा गया पत्र हाल ही में सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से शेयर किया गया। इसमें उन्होंने कहा कि उनकी बेटी की मौत ज्यादा काम करवाने की वजह से हुई। ऑगस्टाइन ने कहा कि उनकी बेटी ने नई नौकरी की मांगों को पूरा करने के लिए जी-तोड़ मेहनत की थी, लेकिन काम की अधिकता, नया माहौल और लंबे समय तक काम करने का असर उसके स्वास्थ्य पर पड़ा। देश का सोशल मीडिया इस होनहार युवा महिला की असमय मौत की वजह से गुस्से और आक्रोश से भरा हुआ है। श्रम मंत्रालय ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। अन्र्स्ट एंड यंग कंपनी को भारी विरोध वाली प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने एक बयान जारी कर सेबेस्टियन की मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए सभी कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का वादा किया है। यह यदि सच है तो बहुत ही भयावह है, किंतु यह इस तरह की अकेली घटना नहीं है। न ही अधिक काम और तनाव केवल कंपनियों के उच्च अधिकारियों या शीर्ष कंपनियों में कार्यरत लोगों को प्रभावित कर रहा है। यह एक कड़वी सच्चाई है कि ऐसे देश में जहां शिक्षित लोगों समेत बड़ी संख्या में युवा बेरोजगारी का शिकार हैं और जहां बहुत ज्यादा लोग बेहद सीमित नौकरियों के पीछे भाग रहे हैं, असुरक्षा और तनाव युवाओं को अत्यधिक निराशा के गर्त में धकेल रहा है, जो कभी-कभी उनकी मौत का कारण भी बन रहा है। अन्ना की कहानी दिल दहला देने वाली है। ऐसी ही कहानी पार्टटाइम डिलीवरी का काम करने वाले 19 वर्षीय जे पवित्रन की है, जिसने इसी माह डिलीवरी में विलंब होने पर एक ग्राहक द्वारा डांटे जाने पर खुदकुशी कर ली। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा किए गए एक अध्ययन का निष्कर्ष है कि ₹प्रति सप्ताह 55 या अधिक घंटे काम करने से स्ट्रोक का खतरा 35% अधिक होता है और प्रति सप्ताह 35-40 घंटे काम करने की तुलना में इस्केमिक हृदय रोग से मरने का खतरा 17% अधिक होता है। एक सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार भारतीय एक सप्ताह में औसतन 46.7 घंटे काम करते हैं, जो जापान (36.6 घंटे), दक्षिण कोरिया (38.16) और चीन (46.1) समेत कई अन्य एशियाई देशों से ज्यादा है। भारत का 51 प्रतिशत कार्यबल साप्ताहिक रूप से 49 घंटे से अधिक काम करता है, जिससे भारत विस्तारित कार्य घंटों के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। इस रैंकिंग में भूटान अपने 61 प्रतिशत कार्यबल के साथ 49 घंटे की सीमा को पार करने के साथ सबसे आगे है। हालांकि, केवल लंबे समय तक काम करना ही नहीं, बल्कि काम का माहौल, शोषणकारी प्रथाओं और गुणवत्तापूर्ण नौकरियों की कमी के साथ ही सामाजिक सुरक्षा की कमी भी है, जो सामूहिक रूप से हमारे युवाओं पर भारी पड़ रही है।अन्य देशों की तुलना में भारत में युवाओं की आत्महत्याओं का बड़ा कारण यह भी है । राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के डाटा के अनुसार, आत्महत्या के सभी मामलों में चालीस फीसदी से ज्यादा मामले तो 30 वर्ष से कम की उम्र वाले युवाओं के हैं। हाल में हुई मौत और खुदकुशी के मामले चेतावनी दे रहे हैं।



## संसद के दोनों सदनों में व्यवधान जारी कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित



**नई दिल्ली।** लोकसभा और राज्यसभा में आज भी व्यवधान जारी रहा। इसके चलते दोनों सदनों की कार्यवाही थोड़े अंतराल के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष अडाणी और संभल मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रहा था। राज्यसभा में आज कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्ष ने विरोध स्वरूप हंगामा शुरू कर दिया। सभापति ने कहा कि नियम 267 को व्यवधान का एक हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने व्यवधान पर गहरी पीड़ा और दुख व्यक्त किया। सभापति ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से बार-बार विपक्ष उन्हीं मुद्दों को उठा रहा है। इसके चलते हमने तीन कार्य दिवस खो दिए हैं। हम एक बड़ा उदाहरण पेश कर सकते हैं लेकिन हम उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। व्यवधान को बढ़ता देख कार्यवाही को सदन शुरू होने के कुछ ही समय बाद सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दूसरी ओर लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे और फिर बाद में दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सुबह कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि देश की जनता सदन को सुचारू रूप से चलते हुए देखना चाहती है। संवाद होना चाहिए सहमति और असहमति लोकतंत्र की असली ताकत है।

## एक नजर

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर

**हैदरनगर।** जपला हैदरनगर मुख्य पथ पर सिमरसोत मोड़ के समीप गुरुवार की रात नौ बजे घायलावस्था में बाइक सवार पड़ा मिला है। इस मार्ग में गुजरने वाले अन्य राहगीरों ने उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद के चिकित्सा पदाधिकारी को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस से लाने के बाद प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। घायल युवक सिमरसोत गांव निवासी रामाशिष राम के पुत्र पवन कुमार (30 वर्ष) के रुप पहचान की गई है। घायल युवक के मोबाइल घटनास्थल पर ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से उनके परिजनों तक सूचना देने में काफी विलंब हो चुकी थी। दो घंटे बाद युवक के घर नहीं आने पर परिजन भी बेचैनी ये पता लगाना शुरू कर दिया था। इसी दौरान उन्हें अस्पताल में युवक के होने की जानकारी मिलने पर कई सदस्य पहुंचे।

# ऑपरेशन सतर्क के तहत 240 बोतल देसी शराब बरामद

## रेल पुलिस मामले की जांच में जुटी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** रेलवे सुरक्षा बल ने अपराधिक गतिविधि निगरानी व शराब तस्करी रोक थाम अभियान के दौरान मोहम्मदगंज स्टेशन पर अप सिंगरौली पटना एक्सप्रेस से जांच के दौरान बड़ी मात्रा में देसी शराब बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक जपला राजेश कुमार मीणा के निर्देश पर गुरुवार को उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, सहायक उप निरीक्षक उमेश चंद्र राम, आरक्षी अजीत कुमार रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन से अप सिंगरौली पटना एक्सप्रेस में चेकिंग करते हुए जपला रेलवे स्टेशन लौट रहे थी। इस दौरान चेकिंग जपला स्टेशन पहुंचने से पूर्व पीछे गार्ड बोगी से सटे जेनरल कोच में सीट के नीचे एक अदद जूट का बोरा व एक अदद काला पिट्ठू बैग में रखा संदिग्ध अवस्था में वजनी सामान पाया गया। इसके संबंध में मौजूद यात्रियों से पूछताछ करने पर बोरा और पिंटू बैग के बारे में कोई भी उक्त बोरा व बैग पर अपना मालिकाना हक नहीं जताया और नही ही कोई संदिग्ध व्यक्ति ही दिखाई दिया। उक्त बरामद एक अदद जूट का बोरा व काला बैग को गाड़ी के जपला रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर तीन पर उतरा गया और गवाहों के समक्ष खोलकर चेक किया करने पर जूट का बारा में चार पेटी निकाला। उसे खोलकर चेक करने पर प्रत्येक पेटी में 45 ब्लू लाइम देसी शराब (मसाला) फ्रूटी व काला पिट्ठू बैग में 60 ब्लू लाइम देसी शराब बरामद किया गया। 240 ब्लू लाइम देसी शराब (मसाला) प्रत्येक पर उत्तर प्रदेश में बिक्री अंकित पाया गया। मौके पर बरामद माल को समक्ष गवाह की उपस्थिति में आरपीएफ ने लेकर जब्ती नियमों का पालन करते हुए उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, रेलवे सुरक्षा बल जपला ने जब्ती रिर्पोट तैयार किया।

### बरामद शराब उत्पाद विभाग को सौंपा

बरामद ब्लू लाइम देसी शराब (मसाला) फ्रूटी का विवरण इस प्रकार है। जूट का बारा में 4 पेटी प्रत्येक पेटी में 45 ब्ल्यू लाइम देसी शराब (मसाला) फ्रूटी कुल 180 प्रति फ्रूटी की मात्रा 200 एमएल कुल 36000 एमएल था। जिसमें प्रत्येक फ्रूटी का मूल्य 70 रुपए जो कुल 12600 रुपए मात्र हुआ। काला पिट्ठू बैग में 60 ब्लू लाइम देसी शराब (मसाला) फ्रूटी, प्रति फ्रूटी की मात्रा 200 एमएल कुल 4200 रुपए मात्र। उपरोक्त ब्ल्यू लाइम देसी शराब (मसाला)फ्रूटी कुल 240 फ्रूटी, जिसका अनुमानित मूल्य 16,800 रुपया मात्र के बाबत अग्रिम कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग डालटनगंज को सुपुर्द किया गया।

# सांसद ने बेगमपुरा में रेलवे अंडरब्रिज बनाने की मांग रखी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की है। इसमें उन्होंने अन्य विषयों पर चर्चा के साथ ही बताया है कि अनमैन्ड रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने से एक ही गांव के दो भागों में विभक्त हो जाने की स्थिति में ग्रामीणों को हो रही परेशानी को देखते हुए एलएचएस व आरयूबी बनाने से कठिनाइयों से निजात मिलेगी। वैसे स्थानों में सांसद ने अन्य के अलावा बेगमपुरा (मोहम्मदगंज-कोसीआरा) में जनता की कठिनाईयों को देखते हुए एलएचएस/आरयूबी का निर्माण कराने की आवश्यकता बताया है। इस मामले का भी चेयरमैन ने समाधान करने का भरोसा दिया है। बता दें कि बेगमपुरा के ग्रामीणों ने रेलवे अंडरपास नहीं तो वोट नहीं का ऐलान किया था। हालांकि स्थानीय स्तर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की पहल पर उनके सकारात्मक आश्वासन के बाद ऐन वक्त पर मतदान में हिस्सा लिया था। उनकी समस्या के समाधान की दिशा में सांसद की इस पहल से बेगमपुरा के ग्रामीणों में खुशी है।

# थाना दिवस पर होगा भूमि से जुड़े मामलों का निष्पादन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिला के उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक के आदेश के आलोक में हैदरनगर थाना में प्रत्येक बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया जाएगा। थाना दिवस के मौके पर अंचल पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी व थाना प्रभारी जनता की भूमि संबंधित छोटे विवादों का निपटारा ऑन स्पॉट करेंगे। इस आशय की जानकारी हैदरनगर के थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न माध्यमों से थाना दिवस की जानकारी आम आवाम तक पहुंचाई जा रही है। मामूली भूमि विवादों की शिकायतों का निबटारा किया जाएगा। थाना दिवस में आने वाले मामलों की जांच एवं सुनवाई के बाद निष्पादित किया जाएगा। थाना प्रभारी ने थाना दिवस की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को भी दी है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि अगर उनके स्तर से मामले नहीं सुलझते हैं, तो वह उस तरह के मामलों को थाना दिवस के मौके पर रखने को कहें। थाना दिवस के दिन मौजूद अंचल अधिकारी समेत अन्य अधिकारियों के द्वारा मामले का निष्पादन करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य आम लोगों को छोटे भूमि विवादों का निबटारा करना है। जिससे गांव में शांति व्यवस्था कायम रह सके।

# गार्डवाल रहित उत्तर कोयल नहर पुल के नीचे गिरा पिकअप वाहन, चालक समेत तीन घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** हैदरनगर पंसा मुख्य पथ पर कोसीआरा में गाड़र्वाल रहित जर्जर उत्तर कोयल मुख्य नहर के पुल के नीचे असंतुलित होकर पिकअप वाहन गिरने से चालक समेत तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। घटना गुरुवार की रात 9.30 बजे की है। वाहन के नहर के नीचे गिरते ही आसपास के लोग शोर मचाना शुरू कर दिए। इसके बाद घायलों को रात में ही हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया। पिकअप पंसा से जपला की ओर जाने के क्रम में पुल के दीवार नहीं रहने से असंतुलित होकर गिर पड़ा। इस वर्ष इस नहर में अब तक दर्जनों वाहनों के पलटने का क्रम जारी है। इसमें सात बाइक, एक कमांडर जीप, दो कार व वर्तमान में एक पिकअप भी दुर्घटना का शिकार हो चुका है। यह पुल जर्जर व जानलेवा बना पुल पंसा गांव के समीप कोयल नदी में झारखंड की सबसे बड़ी बनी पुल गढ़वा समेत अन्य राज्यों को जोड़ती है। उत्तर कोयल मुख्य नहर का अति व्यस्तम पुल पर गार्डवाल तो धराशायी हो गए, अब पूरा जर्जर पुल ही कभी धराशायी होने के कगार पर है। इसके बावजूद अब तक न तो उत्तर कोयल मुख्य नहर परियोजना के अधिकारियों ने इस जर्जर पुल के जीर्णोद्धार को संज्ञान में लिया और राज्य सरकार और उनके आला अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि यदि इस पुल पर गार्डवाल सहित अविलंब मरम्मती का काम नहीं कराया गया तो कोई भी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# पोस्ट ऑफिस में आधार कार्ड सुधार नहीं होने से लोगों की परेशानी बढ़ी



**नवीनी मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत हुसैनाबाद क्षेत्रों में आधार कार्ड बनाने व सुधार कराने में एसबीआई बैंक में संचालित केंद्र बंद है। इससे लोगों को आधार कार्ड बनाने व सुधार कराने में काफी परेशानी आ रही है। इसके लिए लोग सुबह से बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। शहर में पहले बैंक व पोस्ट आफिस में आधार कार्ड बनाने व सुधार का काम हो रहा था। पोस्ट ऑफिस में पहले से ही बंद हो गया है। बैंक चार दिनों से बंद है। ठीक रहने के बाद भी कभी मशीन खराब तो कभी सर्वर डाउन का बहाना बनाकर लोगों को परेशान किया जा रहा था। ऐसे में लोगों को अन्य स्थान तक आधार कार्ड बनाने के लिए जाना पड़ रहा है। शुक्रवार को बैंक के बाहर स्कूली बच्चों व महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। एसबीआई के शाखा प्रबंधक रवि शंकर नायक ने बताया कि फिलहाल उपर से अगले आदेश तक बंद रखने की सूचना दी गई हैं। फिर पुनः आदेश आने पर आधार सुधार करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। लोगों ने बताया आधार कार्ड में सुधार के लिए परेशान होना पड़ रहा है। न तो कहीं आधार सुधार का केंद्र है, जहां बन रहे हैं ऐसे में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव से स्थानीय लोगों ने सरकार से बंद पड़े प्रज्ञा केन्द्रों पर आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया चालू कराने की मांग को हैं। क्षेत्र के लोगों ने जल्द से जल्द नया आधार कार्ड केंद्र खोलने की मांग की है।

### पीएम आवास योजना के 174 लाभुक राशि लेकर भी नहीं करा रहे निर्माण

# पीएम आवास योजना की प्रगति धीमी, विभाग कार्रवाई करने को तैयार



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** देश में सबका अपना पक्का का मकान हो इसके लिए 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की। इसके तहत गरीब व जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना देने की प्रक्रिया शुरू की गई। अब तक विश्रामपुर प्रखंड में सैकड़ों लोग इस योजना का लाभ लेते हुए अपना पक्का मकान बनवा चुके हैं। वहीं कुछ लोग सरकारी राशि के अलावा कुछ अपना पैसा भी लगाकर सपनों का घर बनवा चुके हैं, जबकि कुछ लोग सरकारी राशि लेकर भी आवास निर्माण नहीं करा रहे हैं। विश्रामपुर प्रखंड में ऐसे लाभुकों की संख्या 174 है। इस योजना का प्रथम व द्वितीय किस्त की राशि लेकर भी आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया हैं। इनमें से कई तो ऐसे हैं जो प्रथम किस्त लेने के बाद निर्माण कार्य शुरू भी नहीं कराया है। प्रखंड कार्यालय द्वारा निर्माण कार्य शुरू करने के लिए इन लाभुकों को कई बार नोटिस भी निर्गत किया गया। बावजूद किसी ने अब तक आवास निर्माण कार्य न तो प्रारंभ किया और न ही अग्रिम ली हुई राशि ही वापस की। प्रखंड प्रशासन अब ऐसे लाभुकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में जुट गई है। बीडीओ राजीव सिंह ने बताया कि राशि लेकर आवास निर्माण नहीं कराने वाले लाभुकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी। राशि रिकवरी के लिए भी कड़ी कार्रवाई शुरू की जायेगी। इसके अलावा इस मामले में पंचायत सचिवों की भूमिका की भी जांच कराते हुए उनकी जिम्मेवारी तय की जायेगी।

### राजद कार्यकर्ताओं ने सिगसिगी पंचायत में निकाला विजय जुलूस



**विश्रामपुर।** प्रखंड अंतर्गत सिगसिगी पंचायत के सुलूमदाग में राजद कार्यकर्ताओं ने विधायक नरेश प्रसाद सिंह के जीत के खुशी में शुक्रवार को विजय जुलूस निकाला। जुलूस का नेतृत्व पूर्व मुखिया मुद्रिका यादव उर्फ मुलायम सिंह यादव खुद कर रहे थे। जुलूस की शुरूआत देवी धाम से हुआ। इसके बाद जुलूस तीन मुहान, जावा खाड़ होते हुए पुनः देवी धाम में वापस आ गया। इस दौरान राजद कार्यकर्ताओं द्वारा बम पटाखे फोड़े गए। एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर व मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। जुलूस में राजद के युवा नेता विकाश यादव, राजंद नगर अध्यक्ष सिराजुद्दीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, रविन्द्र यादव, महेंद्र यादव, प्रेम चौधरी, डॉ जितेंद्र यादव, उमेश यादव, कामेश यादव, राजेंद्र यादव, रमेश चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, संतोष कुमार यादव, अनिल यादव, दीपेंद्र यादव, मनोज यादव, रामदेव यादव सहित कई लोग शामिल हुए।

# नव निर्वाचित विधायक का विजयी जुलूस आज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद\हैदरनगर।** स्थानीय नव निर्वाचित राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव का विजय जुलूस शनिवार को 11 बजे सुबह पुरंदर विगहा स्थित आवास से निकलेगा। वह समर्थकों के साथ जेपी चौक, पटेल चौक, अंबेडकर चौक व गांधी चौक पर माल्यार्पण करते हुए पूरे शहर का भ्रमण कर, दाता साहब के मजार पर चादरपोशी करेंगे। दो बजे दोपहर में हैदरनगर देवी धाम पर पूजा अर्चना के बाद पुराना थाना होते हुए हैदरनगर बाजार, नदी शिवाला होते हुए भाई बीघा मजार पर चादर पोशी करेंगे। उन्होंने सभी माताएं-बहने, युवा साथी, अभिभावकों, इंडिया गगठबंधन के सम्मानित नेता व कार्यकर्ताओं को इस विजय जुलूस में आमंत्रित किया है। यह जानकारी राजद के मीडिया प्रभारी मयंक कुमार, प्रदेश सचिव रिजवान खान, अनुमंडलीय अध्यक्ष खुर्शीद अहमद ने दी हैं।

# सड़क पर खड़ी लावारिस गाड़ियां बन रही दुर्घटना का कारण




**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार (पलामू)।** यदि आप हाइवे पर गाड़ी चला रहे हों तो बेहद सावधान रहने की जरूरत है, क्योंकि जरा सी असावधानी बड़े खतरे का कारण बन सकती है। एनएच 75 व एनएच 98 पर सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहन हादसे की मुख्य वजह बन रहे है। इस तरह के हादसों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग तीव्र गति से चलने योग्य बनाने का लाभ तो सभी को मिल रहा है, लेकिन जान का जोखिम भी बढ़ गया है। हाइवे पर चलने वाले माल भरे ट्रक हो या अन्य कोई वाहन। चालक की लापरवाही से दुर्घटना का कारण भी बन रहे हैं। एनएच 98 स्थित पंड़वा मोड़ से तुकबेरा, बाना, कंडा, नावा आदि तक सड़कों के दोनों ओर वाहन ही वाहन खड़े नजर आते हैं। सड़क किनारे चालक अपने वाहन अक्सर रात में बेतरतीब खड़ा कर देते हैं, जो अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिनमें लोगों की जान भी बड़ी संख्या में जा रही है। पीछे से आने वाले तेज रफ्तार वाहन खड़े वाहन में टकरा जा रहे हैं। ऐसी कई घटनाएं हो चुकीं, लेकिन लापरवाह वाहन चालकों पर आज तक लगाम नहीं लग सकी। दुर्घटनाएं अक्सर सड़क किनारे अवस्थित होटलों व लाईन होटलों के आसपास होती हैं। जहां मोटरसाइकिल, चारपहिया, ट्रक आदि बेतरतीब वाहन खड़ा कर देते हैं। खड़े वाहनों में न तो पार्किंग लाइट जलाई जाती है और न ही रेडियम संकेत होते हैं। जो हादसा होने का कारण भी यही है।

### होटल व ढाबों के पास नहीं होती चेकिंग

सड़क किनारे अवस्थित होटलों व ढाबों के पास बेहतरीब ढंग से वाहन खड़े नजर आते हैं। रात व दिन में यहां वाहन एक के पीछे एक खड़े रहते हैं। रात के समय पड़वा मोड़ से नावा पार जाने में डर बना रहता है। नियमित चेकिंग न होने और चालान न होने की वजह से यहां हादसे का डर बना रहता है। छुटपुट मामले तो यहां प्रतिदिन होते रहते हैं।

### सड़क पर खड़ी कर लोग करते हैं बाजार

नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय के एनएच 98 औरंगाबाद-मेदनीनगर मुख्य मार्ग पर साप्ताहिक प्रत्येक बुधवार को लगता है। साप्ताहिक बाजार में मोटरसाइकिलो का अतिक्रमण देखने को सहज ही मिल जाता है। इससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानी होता रहा है। लावारिस सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर बाजार घंटों तक करते हैं। जिसके कारण जाम की स्थिति बन जाती है। जिसके कारण आवागमन में बड़े वाहनों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रायः दुर्घटना होता रहा है। साथ ही प्रायः दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## राहत

### गोलापत्थर के ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात

# सांसद की पहल पर गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण का मार्ग प्रशस्त



**बरसात में तीन ओर से नदियों से घिर जाता था गांव**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पंचायत क्षेत्र के गोलापत्थर गांव के लिए शुक्रवार का दिन बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। जिसमें गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण को लेकर निविदा आमंत्रित करने की खबर मिली है। इसमें करीब 1.74 करोड़ की प्राकल्लित राशि से पुल निर्माण की जानकारी दी गई है। इस कार्य को पूरा करने की अवधि 15 महीने निर्धारित की गई है। इसे लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि इससे गोलापत्थर गांव में सालों भर आवागमन सुगम हो जाएगा। जिसके बरसात में तीन ओर से नदियों से घिर जाने से इसके लिए जोखिम उठाने की नौबत आ जाती है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सांसद वीडी राम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई थी। जिसका प्रतिफल सामने आ गया है। ग्रामीणों सहित मुखिया कमला देवी और पंसस ममता देवी ने इसके लिए सांसद व अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया है। युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने कहा कि गोलापत्थर के लिए चालू वर्ष के अंतिम समय में यह बड़ी सौगात मिल गई है। इससे इस गांव की बड़ी आबादी को लाभ मिलेगा। इसे लेकर उन्होंने भी सांसद का ध्यान आकृष्ट किया था। इसे गंभीरता से लेते हुए सांसद ने कुछ समय पहले भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा के नेतृत्व में टीम भेजकर इसके संबंध में रिपोर्ट मांगी थी। नतीजतन, गोबरदाहा नदी पर पुल निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### प्राचीन काल का गोलापत्थर गांव के नाम की वजह बना

पड़ोसी गांव नदीपर निवासी पंचू रजवार का कहना है कि 1908 के भू-सर्वे से पहले ही वहां प्राचीन काल के गोलपत्थर की वजह से इस गांव को गोलापत्थर नाम से जाना जाता था। जैसा कि बुजुर्गो ने बताया था। गोलपत्थर को पास के लमिया पहाड़ से धूमधाम के साथ मचिया की डोली सजाकर लाया गया था। तभी से महादेव के रूप में इसकी पूजा-अर्चना की जाती आ रही है। समाजसेवी रामजन्म राम का कहना है कि इस पत्थर का जोड़ा आज भी लमिया पहाड़ पर पेड़ की टहनियों के बीच टंगा हुआ है। ऑर्कियोलॉजिस्ट और इतिहास के प्रोफेसर अभिषेक गुप्ता ने इस गोलपत्थर को जीवाश्म अथवा डायनासोर का अंडे होने की संभावना जताई है। ग्रामीणों ने कहा कि पुल के बन जाने से प्रखंड मुख्यालय से इस गांव का सीधा संपर्क स्थापित हो जाएगा। इससे जिस अजूबे गोलपत्थर की वजह से गांव का नाम हुआ है, वहां उसके दर्शन व अवलोकन के लिए भी भीमचूल्हा आए सैलानियों का आकर्षण बढेगा।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के पुलिस लाइन मुख्य मार्ग पर बीती रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मुखराम दुबे (53) की मौत हो गई, जबकि उनके साथी नीरज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर मुआवजे और कार्रवाई की मांग की।



मुखराम दुबे अपने साथी नीरज कुमार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब 12:15 बजे, लौटते समय पुलिस लाइन मुख्य मार्ग पर एमपी सिंह क्लीनिक के पास सड़क पर गिरे बालू में उनकी लूणा फंस गई। इससे दोनों सवार गिर गए। मुखराम दुबे सड़क की ओर और नीरज बालू की ओर गिरे।

इसी बीच साहित्य समाज चौक की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने मुखराम दुबे को टक्कर मार दी और चालक फरार हो गया। टक्कर से मुखराम दुबे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नीरज कुमार को गंभीर चोटें आईं। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया, जहां से परिजनों को सौंप दिया गया।

**मृतक के परिजनों का विरोध और सड़क जाम :** दुर्घटना की सूचना मिलते ही मुखराम दुबे के परिजन और ग्रामीण सुबह से घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। आक्रोशित लोगों ने शव को एंबुलेंस में रखकर पुलिस लाइन मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। वे नगर निगम और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। परिजनों ने तत्काल राहत राशि और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उनकी मांग थी कि पलामू डीसी मौके पर आएं और घटनास्थल पर सभी मांगों को मानें।

घटना की सूचना पर शहर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी अपने दल के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को समझाने की कोशिश की। इसके बाद अंचल पदाधिकारी ने 20,000 रुपये की तत्काल सहायता और 4 लाख रुपये के मुआवजे की घोषणा की। बावजूद इसके, परिजन और ग्रामीण मुआवजे को लेकर संतुष्ट नहीं हुए।

करीब तीन घंटे तक मुख्य मार्ग जाम रहा। अंततः अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा घटनास्थल पर पहुंचीं और परिजनों को आश्वासन दिया कि सड़क पर बालू गिराने वाले दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी, परिजनों को सभी सरकारी लाभ दिए जाएंगे, नगर निगम पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

एसडीओ द्वारा आश्वासन देने के बाद परिजनों ने धरना समाप्त कर दिया और यातायात बहाल हुआ। इस हादसे ने सड़क पर बालू गिराने और उसकी सफाई में लापरवाही को लेकर प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय लोगों ने नगर निगम और सड़क सुरक्षा में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## सड़क पर अवरोध खड़ा करना अपराध, कार्रवाई होनी चाहिए : किशोर कुमार पांडेय

**मेदिनीनगर।** सड़क पर गाड़ियां खड़ी करना या अवरोध उत्पन्न करना कानून के तहत अपराध है। यह बात अभिभावक संघ के अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने 28 नवंबर 2024 को पलामू पुलिस लाइन के पास हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु के बाद कही। उन्होंने कहा कि सड़क पर समान रखना या गाड़ियां खड़ी करना न केवल अपराध है बल्कि इससे गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं। इसके लिए एसडीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी, और पुलिस को कार्रवाई करने का अधिकार है। भारतीय दंड संहिता की धारा 133 के तहत एसडीओ भी कार्रवाई कर सकते हैं। पांडेय ने बताया कि एनएच और अन्य सड़कों पर बड़ी और छोटी गाड़ियों के अवैध रूप से खड़े रहने के कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि हुई है। इससे अब तक पलामू जिले में दर्जनों परिवारों को अपने प्रियजनों को खोना पड़ा है। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी से इस मामले को गंभीरता से लेने, अपराध पंजीबद्ध करने और दोषियों पर जुमार्ना लगाने की मांग की। पांडेय ने जिला प्रशासन से अपील की कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सख्त कार्रवाई से ही ऐसी अप्रिय घटनाओं को रोका जा सकता है।

# एनसीसी कैडेट्स ने किया महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शुक्रवार को एनसीसी 44 झारखंड बटालियन, मेदिनीनगर की छोटी इकाई योद्धा सिंह नामधारी महिला कॉलेज द्वारा महाविद्यालय परिसर में आंवले का पौधा लगाया गया। यह पहल ₹वन कैडेट, वन ट्री₹ अभियान के तहत आयोजित की गई।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या ने कहा कि महाविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ छात्राओं के चतुमुर्खी विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जाते हैं। एनसीसी के अंतर्गत परेड के अलावा कई अन्य गतिविधियों का आयोजन होता है, जिनमें पौधरोपण एक महत्वपूर्ण पहल है। विगत कुछ महीनों से प्रत्येक माह यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आंवले का पेड़ न केवल फल और छाया देता है, बल्कि यह औषधीय गुणों से भरपूर होने के कारण स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

एनसीसी का संचालन कर रहीं डॉ. संगीता कुजूर ने कहा कि यदि हर माह इसी तरह पौधरोपण किया जाता रहे तो पूरा महाविद्यालय परिसर हरा-भरा और स्वच्छ वातावरण वाला बन जाएगा। इससे छात्राओं के मानसिक और बौद्धिक विकास में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थानों पर लगभग 50 एनसीसी छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने कॉलेज की अन्य छात्राओं को भी पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस तरह के आयोजनों से महाविद्यालय न केवल एक हरित परिसर बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि यह भविष्य की पीढ़ियों को प्रकृति से जुड़े रहने और उसे संरक्षित करने की प्रेरणा भी दे रहा है।

# रजवाडीह मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक सम्पन्न



## ‘हर दिन स्कूल जाएं बच्चे, माता-पिता बनें समझदार’

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में 'जनजातीय गौरव पखवाड़ा' और संविधान दिवस के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। बैठक में आठवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रक्रिया, कक्षा 6 और 7 की अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी और आगामी रेल परीक्षा के आयोजन पर चर्चा हुई। बेहतर प्रबंधन और परिणाम के लिए रणनीतियां बनाई गईं। विद्यालय विकास मद के व्यय को भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बैठक में कहा कि बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजना माता-पिता की समझदारी का प्रतीक है। शिक्षा ही प्रगति का सर्वोच्च माध्यम है और इसका कोई विकल्प नहीं।

बैठक में एसएमसी की अध्यक्ष पार्वती देवी, संयोजिका रंजु देवी, उपाध्यक्ष ललिता देवी, और अन्य सदस्यों–सुनीता देवी, सुचिता देवी, हेवन्ती देवी, नीलम देवी के साथ शिक्षक सदस्य प्रियंका कुमारी और बाल संसद सदस्य सत्यम कुमार ने भाग लिया। शिक्षिका पूनम रानी और शिक्षक विजय कुमार ठाकुर ने आयोजन में सहयोग किया।

# पड़वा के लक्ष्मी ज्वेलर्स में लाखों की चोरी, व्यवसायियों में आक्रोश

## पुलिस गश्त पर उठे सवाल, अपराधियों के हौसले बुलंद

नवीन मेल संवाददाता

**पड़वा।** थाना क्षेत्र के पड़वा बाजार स्थित एनएच-75 के किनारे लक्ष्मी ज्वेलर्स में गुरुवार रात अज्ञात अपराधियों ने सटर तोड़कर लगभग चार लाख रुपये के जेवरात और बर्तन सहित 20 हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय व्यवसायियों में आक्रोश फैल गया।



दुकान मालिक सुबोध प्रसाद उर्फ विनोद सोनी ने बताया कि रोज की तरह गुरुवार को दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह स्थानीय लोगों ने फोन पर सूचना दी कि दुकान का सटर उठा हुआ है। जब वह मौके पर पहुंचे तो पाया कि दुकान का सटर और अंदर का शीशा टूटा हुआ था। चोरी की घटना में गल्ले से 20 हजार रुपये नकद और लगभग चार लाख रुपये के जेवरात व बर्तन चोरी हो गए। थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कहा कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

लक्ष्मी ज्वेलर्स में यह चोरी की दूसरी घटना है। इससे पहले इसी साल 8 जनवरी को भी चोरों ने सटर काटकर चोरी की थी। पलामू एसपी ने उस समय मामले का जल्द उद्भेदन करने का आश्वासन दिया था, लेकिन 10 महीने बीत जाने के बावजूद न तो चोर पकड़े गए और न ही मामला सुलझ पाया।

पड़वा बाजार थाना से महज 1-2 किमी की दूरी पर है और रात में पुलिस गश्त भी सक्रिय रहती है। इसके बावजूद चोरी की घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एनएच-75 के किनारे स्थित इस इलाके में रातभर वाहनों का आवागमन रहता है, फिर भी चोरों ने आसानी से घटना को अंजाम दे दिया।

**व्यवसायियों में रोष :** व्यवसायियों का कहना है कि लगातार चोरी की घटनाओं के कारण वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मौके पर मंजीत राम उर्फ गुड्ढ, प्रमोद सोनी, मनोज विश्वकर्मा, रामाकांत मेहता, उदय सोनी, मनोज सोनी, शिवनारायण मेहता, अशोक मेहता, पिंटू मेहता, विजय पाल, साहिल गुप्ता, ओमप्रकाश मेहता, रामपति मेहता समेत कई व्यवसायी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

**साल खत्म होने से पहले दूसरी बड़ी चोरी :** लक्ष्मी ज्वेलर्स के अलावा, इसी बाजार में पिछले साल शिंपी ज्वेलर्स में भी चोरी हुई थी, जिसका अब तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने व्यवसायियों के बीच डर का माहौल बना दिया है।

**व्यवसायियों ने किया विरोध प्रदर्शन : घटना से नाराज**

व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद कर थाना पहुंचकर विरोध जताया। व्यवसायियों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द मामले का उद्भेदन कर अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की।

# सांसद विष्णु दयाल राम ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन से की मुलाकात



## झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस और लो हाइट सबवे और रेल अंडर ब्रिज निर्माण पर की चर्चा

**मेदिनीनगर।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र से जुड़े रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

**झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन रद्द करने का विरोध :** सांसद ने बताया कि झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12873/12874) का ठंड के मौसम में कोहरे का बहाना बनाकर हर वर्ष परिचालन रद्द कर दिया जाता है। इस वर्ष भी रेलवे बोर्ड ने इसे 2 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक बंद करने का निर्णय लिया है। सांसद ने इस निर्णय को रद्द कर ट्रेन का परिचालन जारी रखने की मांग की। चेयरमैन रेलवे बोर्ड ने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस का परिचालन जारी रखने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

**अनमैन्ड रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से जनता की परेशानी :** इसके अलावा, सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र में कई स्थानों पर अनमैन्ड रेलवे क्रॉसिंग (बिना गार्ड वाली रेलवे क्रॉसिंग) बंद होने से उत्पन्न समस्याओं को भी उठाया। उन्होंने बताया कि इन क्रॉसिंग्स के बंद होने से गांव दो भागों में विभाजित हो गए हैं और लोगों को आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद ने इन स्थानों पर लो हाइट सबवे या रेल अंडर ब्रिज का निर्माण कराने की आवश्यकता जताई, जिससे जनता को राहत मिल सके।

**इन स्थानों पर लो हाइट सबवे और रेल अंडर ब्रिज बनाने की मांग :** लहरबंजारी-उंटारी रोड, बेगमपुरा-मोहम्मदगंज,कजरात नावाडीह-हुसैनाबाद, डाली-हैदरनगर, बुढ़वापीपर-डालटनगंज सदर, बखारी, अहिरपुरवा-नगर उंटारी, कुम्भी-मेराल और सोनपुरवा-गढ़वा।

**समस्याओं के समाधान का आश्वासन :** चेयरमैन रेलवे बोर्ड ने इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। यह जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने साझा की।

# बच्चों के हित में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नालसा, नई दिल्ली और झालसा, रांची के निर्देशानुसार, पी.डी.जे. सह अध्यक्ष डालसा नीरज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में नालसा स्कीम चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम 2024 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

दूसरे दिन जेजे बोर्ड के सदस्य शैलेंद्र नाथ चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके हित में कार्य करने से एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण निकाय, और जुबेनाइल जस्टिस बोर्ड की टीम के तालमेल से बेहतर सेवाएं देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पोक्सो एक्ट, बाल विवाह, फॉस्टर केयर, विक्टिम मुआवजा योजना समेत बच्चों से जुड़े कानूनों की जानकारी रखना अनिवार्य है। साथ ही, गुमशुदा, शोषित, ट्रैफिकिंग के शिकार, नशे की चपेट में आए, बाल विवाह और बालश्रम से प्रभावित बच्चों के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।



**स्पॉन्सरशिप योजना पर जोर :** प्रशिक्षण के दौरान बच्चों के लिए स्पॉन्सरशिप योजना पर प्रकाश डाला गया। इसके तहत पात्र बच्चों को 4,000 रुपये मासिक सहायता दी जाती है। यह योजना उन बच्चों के लिए है, जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी हो, जो तलाकशुदा या परित्यक्त हों, गंभीर बीमारी से ग्रसित हों, बेघर हों, या प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हों।

योजना के लिए ग्रामीण क्षेत्र में आय सीमा 72,000 रुपयेऔर शहरी क्षेत्र में 96,000 रुपये तय की गई है।

**दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पर चर्चा :** जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश कुमार ने दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया की जानकारी दी। बच्चों को रखने के लिए तीन प्रकार के गृह–सम्प्रेषण गृह, बाल गृह, और बालिका गृह की व्यवस्था है।

**बच्चों के लिए विशेष विधिक सेवा यूनिट का गठन :** मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना 2024 के तहत बच्चों के कानूनी अधिकार सुनिश्चित करने के लिए विशेष समिति का गठन किया गया है। यह समिति डालसा के सचिव अर्पित श्रीवास्तव के निर्देशन में कार्य करेगी। समिति में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, पैनल अधिवक्ता, और पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) शामिल हैं।

यूनिसेफ के डॉ. तबरेज आलम ने केस स्टडी और चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मैत्रीपूर्ण और सुलभ कानूनी सेवाएं प्रदान कर उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है।

# धनकटनी के बाद खेतों में गेहूं की बुआई में आई तेजी



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** धनकटनी के बाद खेतों की जुताई के साथ गेहूं की बोवाई के काम में किसान जुट गए हैं। मगर युवा पीढ़ी की कृषि के प्रति अरूचि से बुजुर्ग किसानों में इसके भविष्य को लेकर निराशा सताने लगी है। ऐसे किसानों का कहना है कि कृषि में बड़े निवेश और मेहनत के बाद भी पैदावार को लेकर अनिश्चितता के कारण युवाओं की रूचि नहीं रह गई है। वे बाहर निकल कर इस वजह से इससे अधिक मेहनत करते हैं कि बंधी बंधाई पगार तो मिलेगी ही। ऐसी स्थिति में से ही कृषक मजदूरों का भी अभाव होता जा रहा है। गेहूं की फसल के लिए होने वाली मेहनत की जानकारी देते हुए किसान रामजन्म राम, कृष्णा यादव व अन्य का कहना है कि धनकटनी से पहले ही खेतों में नमी बनाए रखने के लिए पटवन कर दिया जाता है। अनुकूल परिस्थिति में भी पखवाड़े के अंतराल में बुआई के बाद गेहूं का पटवन जरूरी होता है। पहली बार के पटवन से खेतों में पड़े बचे हुए बीज के अंकुरित होने का फायदा होता है। वहीं कमोबेश पांच बार पटवन के बाद ही फसल अच्छी होती है। कुल मिलाकर ट्रैक्टर से जुताई से लेकर बीज, खाद और पटवन में बड़े निवेश और कठिन परिश्रम की जरूरत होती है। बावजूद इसके रोजी-रोटी की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण ही कृषि कार्य करने की विवशता है। नई पीढी की कृषि के प्रति अरूचि के वजह से ही क्षेत्र में बड़े भू-भाग परती पड़ी नजर आती है।

# एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के 50 छात्र राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुए रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के 50 छात्र डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए रवाना हुए। इनमें 37 बालक और 13 बालिकाएं शामिल हैं। ये सभी छात्र 14, 17 और 19 वर्ष की आयु वर्ग के विभिन्न खेलों जैसे बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, लॉन टेनिस, स्केटिंग, एथलेटिक्स, ताइक्वांडो, कराटे आदि में हिस्सा लेंगे।

यह प्रतियोगिता दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा के प्रतिष्ठित और सरकारी मान्यता प्राप्त स्टेडियमों में आयोजित होगी, जिनमें यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (नई दिल्ली), महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम (गाजियाबाद) और खेलगांव (दिल्ली) शामिल हैं।




विद्यालय के वरिष्ठ खेल शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि ये प्रतियोगिताएं 2 से 4 दिसंबर के बीच आयोजित होंगी। अलग-अलग आयु वर्ग के खेलों में भाग लेने वाले प्रमुख खिलाड़ियों में 14 वर्ष आयु वर्ग में बास्केटबॉल के लिए ऋतिक कुमार, विकास सिंह, अंश तिवारी और नव्या कुमारी शामिल हैं। 17 वर्ष आयु वर्ग में खो-खो के लिए रानी कच्छप, आरती कुमारी और राखी उरांव, जबकि 19 वर्ष आयु वर्ग में टेबल टेनिस के लिए अनुज प्रभाकर आदि खिलाड़ियों को विद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। ये सभी खिलाड़ी एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, डालटनगंज का ध्वजवाहक बनकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इनका नेतृत्व विद्यालय के वरिष्ठ खेल शिक्षकों मयंक सिंह, ओंकार शरण मिश्रा और अपर्णा पांडे कर रहे हैं। छात्रों का आरक्षण गया-आनंद विहार स्पेशल ट्रेन में दिल्ली तक के लिए किया गया है।

छात्रों को विदा करते समय डीएवी पब्लिक स्कूल, झारखंड क्षेत्र के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य डॉ. जी.एन. खान ने कहा कि ये सभी छात्र राज्य स्तर पर विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों को पराजित कर राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुए हैं। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स को एसजीएफआई (स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया) द्वारा मान्यता प्राप्त है।

डॉ. खान ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना अत्यधिक गर्व और जिम्मेदारी का विषय है। इन छात्रों ने अपने चयन से विद्यालय और संपूर्ण पलामू जिले को गर्वित किया है। डीएवी प्रबंधन छात्रों की शैक्षणिक और खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। विद्यालय में अत्याधुनिक शिक्षण सामग्री, उच्च योग्यताधारी शिक्षक और प्रशिक्षित खेल प्रशिक्षकों की व्यवस्था छात्रों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का कार्य कर रही है।

# रोजगार सेवकों के स्थानांतरण का आदेश जारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने प्रशासनिक दृष्टिकोण और कार्यहित के आधार पर प्रखंड में कार्यरत रोजगार सेवकों का स्थानांतरण किया है। इस आदेश के तहत विभिन्न पंचायतों के रोजगार सेवकों का तबादला करते हुए उन्हें अविलंब नयी जगह पर योगदान देने और प्रभार प्रतिवेदन प्रखंड कार्यालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। आदेश के तहत सुनील कुमार रोजगार सेवक को अरंगी पंचायत से राजी पंचायत, आनंद कुमार गुप्ता को खरौंधी पंचायत से मझिगावां पंचायत, धर्मेंद्र कुमार को मझिगावां पंचायत से कूपा पंचायत, कौशल किशोर विश्वकर्मा को राजी पंचायत से अरंगी पंचायत और चंद्रशेखर चौबे को कूपा पंचायत से खरौंधी पंचायत स्थानांतरित किया गया है। इस स्थानांतरण का उद्देश्य पंचायतों में मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के संचालन को सुचारु और प्रभावी बनाना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी संबंधित रोजगार सेवकों को तत्काल नई पंचायतों में कार्यभार संभालने और इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि योजनाओं के संचालन में कोई बाधा उत्पन्न न हो। यह कदम प्रशासनिक सुधार और पंचायतों में योजनाओं की बेहतर निगरानी के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस स्थानांतरण से पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की गति तेज होने की उम्मीद है।

# देसी कट्टा लहराने वाले चार अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल



**◀◀ तीन अपराधी फरार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** कांडी बाजार में गुरुवार की शाम देशी कट्टा लहराने वाले चार अपराधियों को कांडी पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। कांडी पुलिस ने बताया कि हत्या की नियत से उक्त सभी अपराधी बिहार से कांडी प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र होते कांडी बाजार पहुंचे थे। गुप्त सूचना के आधार पर जब कांडी पुलिस बाजार क्षेत्र में पहुंची तो अपराधी पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस के जवानों ने चारों अपराधियों को धर दबोचा। साथ में अन्य तीन अपराधी भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, एक मिस फायर कारतूस व स्मार्ट फोन बरामद किया है। कांडी पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राथमिकी अभियुक्त बिहार के चुटिया थाना अंतर्गत परछा गांव निवासी नवलखा डोम,निरंजन कुमार मेहता, रवि चौधरी व अखिलेश चौधरी को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया गया है। पूछताछ के क्रम में उक्त चारों अपराधियों ने किसी व्यक्ति की हत्या करने के नियत से बिहार से कांडी पहुंचने की बात स्वीकार किया है। गुरुवार की दोपहर शराब के नशे में सभी युवकों ने टेंपो व बस चालक से बेवजह बहस शुरू कर दिया था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उक्त अपराधियों द्वारा गुरुवार को बाजार क्षेत्र में एक टेंपो व बस चालक से लगातार बहस करते हुए देसी कट्टा लहराया जा रहा था। यदि समय पर कांडी पुलिस नहीं पहुंचती तो उक्त अपराधियों द्वारा बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता था।

## न्यूज | बॉक्स

### जनहित के कार्यों का समर्थन करेंगे: मिथिलेश ठाकुर



**गढ़वा।** पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कि उनका एकमात्र उद्देश्य गढ़वा का विकास है। विकास कार्यों में वह हमेशा सकारात्मक सहयोग करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के अच्छे कार्यों का समर्थन और गलत कार्यों का विरोध करना उनकी प्राथमिकता है। वर्तमान विधायक गढ़वा के विकास और जनहित के लिए जो भी बेहतर कार्य करेंगे, उसका वह पूरा समर्थन करेंगे। अगर कोई कार्य गढ़वा के हित के खिलाफ होगा, तो उसका जोरदार विरोध भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा के विकास के लिए वह हरसंभव सहयोग देने के लिए तैयार हैं। उनकी इच्छा है कि गढ़वा में हर हाल में विकास और जनहित का कार्य हों। अच्छे कार्य चाहे कोई भी करे, उसका समर्थन करेंगे, लेकिन गढ़वा और इसकी जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों का विरोध करना उनका सिद्धांत नहीं है। उनका फोकस गढ़वा को बेहतर बनाने पर है, न कि नकारात्मक राजनीति करने पर।


**विज्ञापन संख्या 01/2024**

**भारत सरकार**

परमाणु ऊर्जा विभाग यूरेनियम कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 08.01.2025 को 17:00 बजे तक है। विवरण के लिए वेबसाइट http://www.dae.gov.in पर लॉगइन करें।

**CBC 48134/12/0069/2425**


# डीहवार बाबा मंदिर का चापानल एक वर्ष से खराब, श्रद्धालुओं को हो रही परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड के मझिगावां गांव स्थित डीहवार बाबा मंदिर परिसर में 10 वर्ष पहले पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही के प्रयास से विधायक निधि के तहत लगाया गया चापाकल पिछले एक वर्ष से खराब है। इस कारण मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पूरन सिंह खरवार ने बताया कि यह चापानल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों के लिए पानी का एकमात्र स्रोत था, लेकिन इसके खराब होने के बाद लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव से चापानल की मरम्मत के लिए हस्तक्षेप करने की अपील की है। उनका कहना है कि विधायक द्वारा संज्ञान लिया जाए तो श्रद्धालुओं और ग्रामीणों की समस्या का समाधान हो सकता है। मंदिर परिसर का यह चापानल न केवल श्रद्धालुओं के लिए, बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण था।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मुद्दा लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा है। अब उम्मीद है कि विधायक अनंत प्रताप देव इस समस्या का समाधान करेंगे और जल्द से जल्द चापाकल की मरम्मत करवाई जाएगी।मौके पर बिंदु चंद्रवंशी, अम्बिका सिंह, गुडू चंद्रवंशी, देवराज सिंह,प्यारी चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।



## थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश के आलोकमें शुक्रवार को लेस्लीगंज थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में चलाया गया। पुलिस ने इस दौरान दर्जनों वाहनों की जांच की। जांच के क्रम में बिना हेलमेट, ट्रिपल लोड, व वाहनों के कागजातों की जांच की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट व बिना कागजात के साथ नहीं चलने वाले लोगों का वाहन जब्त कर कार्रवाई के लिए व्यवहार न्यायालय भेजा जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों को वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, हेलमेट पहन कर चलाने व वाहन का सभी कागजात साथ लेकर चलने की अपील की। वाहन चेकिंग अभियान सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम को लेकर चलाया गया है। जांच अभियान में थाना के एसआई अरुण बाउरी, सच्चिदानंद शर्मा, जितेंद्र कुमार साथ थे।

## 23 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन



**धुरकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को धुरकी प्रखंड के 23 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। प्रभारी रत्नेश कुमार ने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को 40 महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन करने का लक्ष्य रखा गया है। बंध्याकरण ऑपरेशन करने के लिए तैयार दंपति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर पंजीकरण कराये। उन्होंने धुरकी प्रखंड बीडीओ से अपील की है कि बढ़ती जनसंख्या देश के लिए एक खतरा है। जरूरी है कि परिवार नियोजन अपना कर परिवार को सीमित कर सुखद जिंदगी जीने के लिए तथा परिवार को सुरक्षित करने के लिए एक सुरक्षित माध्यम है। इसलिए सभी को परिवार नियोजन अपनाना चाहिए। बंध्याकरण ऑपरेशन में डॉक्टर गौतम कुमार पंकज कुमार रेखा कुमारी सहित कई स्वास्थ्य कर्मी के सहयोग से किया गया।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH, Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the
General Manager, Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj, e-mail : gmtzdal@gmail.com

**E- Tender Notice**

**e-NIT No. 300/PR/ JUSNL/ 2024-25**

E- Tender is invited in two parts i.e. Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work:-

| | |
|---|---|
| Name of Work | Work of replacement of old/damaged jumpers and replacement of damaged insulators in 132kV D/C Rihand – Garhwa road Transmission line under the juridiction of TSD, Garhwa road. |
| Period of Work | 60 days. |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.2,950.00/- Rupees Two thousand nine hundred fifty only (to be paid through online mode only) |
| Earnest Money Deposit | Rs.24,500.00/- Rupees Twenty four Thousand five hundred only. (to be paid through online mode only) |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 03.12.2024 at 02:00 PM to 23.12.2024 upto 3:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 03.12.2024 at 02:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 23.12.2024 upto 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 24.12.2024 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

**NOTE:-** 1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9771850485 for any enquiry.
2. **The bids will be received through electronic tendering mode only.**
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 340821 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D


## एक नजर

### साइबर अपराधियों ने मजदूर के खाते से उड़ाए 10 हजार

**रमना।** सिलिदाग पंचायत के अठनवा टोला निवासी 42 वर्षीय देवनाथ राम के खाता से साइबर अपराधियों ने 10 हजार रुपये उड़ा लिए। जानकारी के अनुसार देवनाथ आघार लिंक कराने गये थे। सीएसपी में अंगूठा लगाया, लेकिन सर्वर डाउन बताया गया। उन्हें रुपए की आवश्यकता होने के कारण रमना के एसबीआई शाखा से 10 हजार रुपये की निकासी किए और कितना खाता में शेष है जाने बगैर ही अपने घर चले आये। दो दिन बाद फिर शाखा में राशि निकासी करने गए तो बैंक कर्मी ने बताया कि खाता में पैसा नहीं है। इसके बाद उक्त खाताधारक का होश उड़ गए। चुकी बैंक से लिंक मोबइल नंबर घर वाले उपयोग करते है जिसमे आये बैंक संदेश को जानकार को दिखाए तो पता चला की 14 नवंबर को 10 बजे खाते से 10 हजार निकासी किया गया है। करीब 2 घंटा बाद रमना एसबीआई शाखा से 10 हजार निकासी हुआ है। जिसके बाद भुक्तभोगी नें बैंक में आवेदन देकर किसके द्वारा निकासी की गयी राशि की जानकारी का गुहार लगाया है।

# मुख्य पथ पर पिकअप वैन पलटने से एक की मौत, चार गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर-खरौंधी मुख्य पथ पर मकरी गांव के पास शुक्रवार को सड़क हादसा में एक की मौत व चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बतायाजाता है कि टेंट डेकोरेशन लदा पिकअप अनियंत्रित होकर पलटने संगबरिया निवासी गौतम कुमार विश्वकर्मा (पिता वशिष्ठ विश्वकर्मा) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के संगबरिया के एस कुमार सिंह, तेनार के इंदल कुमार (पिता सुनील बैठा) समेत अन्य लोग शामिल हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मेराल थाना क्षेत्र के दीनानाथ साह पिकअप वैन पर यूपी के रामगढ़ से टेंट लेकर संगबरिया गांव लौट रहे थे। चालक को नींद आने के कारण मकरी के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गयी। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसा चालक की लापरवाही और थकान के कारण हुआ। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मृतक व घायलों के परिजनों को दी गई है।

# सीओ, थाना प्रभारी समन्वय बनाकर अवैध खनन परिवहन, भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई करें: उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के रोक थाम के लिए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन प्रतिवेदन की समीक्षा क्रमवार की गई। उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक को खनन क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहनों का निरंतर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। अगर किसी वाहन चलकों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है तो वैसे लापरवाह वाहन, वाहन चालकों पर अविलंब कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि वाहनों का अलट्रेशन, फिटनेश, रिफलेक्टीव टेप, प्रदूषण पेपर समेत अन्य कागजातों का भी जांच करें। जिला खनन पदाधिकारी मनोज कुमार टोप्पो ने बताया कि अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के विरूद्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 में 57 प्राथमिकी, 125 वाहन जब्त, अवैध परिवहन में 111 वाहन जब्त किया गया है। कुल 16,71,336 रुपये की जुमार्ना राशि वसूली गई है। अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध शून्य कार्रवाई वाले अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी के प्रति उपायुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा अवैध खनन परिवहन व भंडारण के विरुद्ध लगातार जांच अभियान चलाते हुए अवैध खननकर्ता और वाहन एवं संलिप्त लोगों के ऊपर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में 75 सीट पर होगा नामांकन

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई ।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में आगामी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए वर्ग छठी कक्षा को लेकर सरकार की ओर से सीट आवंटित कर दिया गया है। उक्त आवंटित सीटों में एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी जाति के छात्राओं का नामांकन लेने का निर्देश दिया गया है। चार जाति के छात्राओं के लिए आवंटित कुल 75 सीटों में माइनॉरिटी जाति के छात्राओं को लेकर विशेष फोकस किया गया है। वार्डन तनुजा कुमारी ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जानकारी दी। सभी छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों से 2 से 12 दिसंबर तक आवश्यक दस्तावेज के साथ फॉर्म की मांग की गई है। वार्डन ने कहा कि दस्तावेज के बिना विद्यालय में किसी भी उपजाति के छात्राओं का नामांकन नहीं हो सकेगा। कहा कि कई शैक्षणिक वर्ष से आवंटित लक्ष्य के अनुसार अल्पसंख्यक समाज के छात्राओं का विद्यालय में नामांकन नहीं हो पा रहा है। उन्होंने अल्पसंख्यक समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में लोग विद्यालय पहुंचे और अपने बचियों का नामांकन करने का काम करें।

## परेशानी

# मध्याह्न भोजन बंद, छात्रों की संख्या में कमी

# प्रधानाध्यापक ने बीआरसी कार्यालय को दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड के सोनपुरवा पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय झपही में 20 नवंबर से मध्याह्न भोजन (एमडीएम) बंद होने के कारण बच्चों की उपस्थिति में छात्रों की संख्या में कमी आयी है। स्कूल में नामांकित 104 छात्रों में 29 नवंबर को केवल 55 ही उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एजाज अहमद ने 21 नवंबर को बीआरसी कार्यालय को आवेदन देकर स्थिति की जानकारी दी थी। आवेदन में बताया गया कि विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का कार्यकाल 4 सितंबर 2024 को समाप्त हो गया है। 10 सितंबर को बीआरसी कार्यालय द्वारा पुनर्गठन का निर्देश दिया गया था, लेकिन विवाद के चलते समिति का गठन नहीं हो सका। प्रधानाध्यापक ने उल्लेख किया कि 18 नवंबर को 22,000 रुपये का चेक बनाकर भुगतान के लिए तैयार किया गया था, लेकिन अध्यक्ष की मनमानी के कारण इसे मंजूरी नहीं मिली। परिणामस्वरूप एमडीएम योजना बंद हो गई है।

### आचार संहित के कारण एसएमसी का गठन नहीं: बीपीओ

बीपीओ विभा रानी कुजूर ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता से पहले कई स्कूलों में एसएमसी के पुनर्गठन के निर्देश दिए गए थे। कुछ स्कूलों में यह प्रक्रिया पूरी हुई, लेकिन झपही सहित कई स्कूलों में विवाद के कारण पुनर्गठन लंबित है।

### अन्य प्रभावित विद्यालय

पुनर्गठन से जुड़े विवाद 24 स्कूलों में सामने आए हैं। इनमें यूपीएस झीना, गवरवा निगार, एमपीएस लकड़ही, मुखदेव+2 उच्च विद्यालय मझिआंव, प्रोजेक्ट राधा-कृष्ण बालिका उच्च विद्यालय, और प्राथमिक झपही शामिल हैं। प्रखंड के 72 स्कूलों में 58 का पुनर्गठन पूरा हो चुका है। 24 स्कूलों में पुनर्गठन लंबित है, जिनमें कुछ स्थानों पर विवाद और अन्य में प्रशासनिक कारण बाधा बना हैं। एमडीएम बंद होने से बच्चों की उपस्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रशासन को जल्द समाधान निकालकर बच्चों की शिक्षा और पोषण सुनिश्चित कराने की जरूरत है।

## करोड़ों की लागत से बन रहे आवासीय भवन निर्माण में अनियमितता, जांच की मांग

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड कार्यालय परिसर में करोड़ों की लागत से बना रहे आवासीय भवन में इन दिनों भारी अनिमियता बरती जा रही है। बता दें कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल चतरा द्वारा 4 करोड़ों रुपए के लागत से भवन निर्माण कराया जा रहा है। संवेदक द्वारा भारी लापरवाही बरतने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि जब से आवासीय भवन निर्माण को लेकर चाहरदीवारी का निर्माण शुरू किया गया था, उसी समय से जनप्रतिनिधियों ने संवेदक पर अनिमियता बरतने का आरोप लगाया। आज तक विभागीय कार्रवाई नहीं की गई। पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू ने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा जानकारी मिली है कि प्रखंड परिसर में बन रहे आवासीय भवन में अनियमितता बरती जा रही है। सूचना के आलोक में जांच कर विभाग को रिर्पोट किया जाएगा।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the
General Manager, Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj, e-mail : gmtzdal@gmail.com

**Tender Notice**

Sealed tender is invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/ firms for the following work:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q (Non-refundable) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 301/PR/JUSNL /2024-25 | Electrical wiring of Inspection Bunglow (IB) at colony campus of 132/33kV GSS Garhwa road. | Rs.886.00 (Rs.750+ SGST@9% +CGST@9%) | Rs.6,000.00 |

1. Start date for sale of tender documents :- **30.11.2024 from 02:00 PM**
2. Last date for sale of tender documents :- **20.12.2024 upto 05:00 PM**
3. Last date & time of submission of tender document :- **21.12.2024 upto 05:00 PM**
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- **23.12.2024 at 03:30 PM**
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D drawn in favour of **Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj** payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. For any clarifications, please contact on Mobile No. 9771850485.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 340825 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D

# हाइवा के आमने-सामने की टक्कर में चालक का मौत

**जेसीबी की मदद से हाइवा में फंसे ड्राइवर को बाहर निकाला गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित मगध कोल माइंस के प्रजापति होटल के निकट कांटा नंबर 13 के पास शुक्रवार को दो हाइवा के आमने-सामने की टक्कर में चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हाइवा बालूमाथ से कोयला अनलोड कर वापस माइंस आ रहा था। दौरान विपरीत दिशा से आ रही हाइवा से टक्कर हो गई। इससे एक हाइवा का ड्राइवर गाड़ी में ही दब गया। आसपास के लोगों द्वारा जेसीबी की सहायता से बहुत मुश्किल से बाहर उसे निकला गया। इसके बाद आनन-फानन में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने जांच के बाद ड्राइवर को मृत घोषित कर दिया। युवक की पहचान सुरेंद्र उरांव पिता लाटू उरांव ग्राम इटके थाना बारियातू जिला लातेहार का बताया जा रहा है। युवक के मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे मामले की छानबीन कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है।

### परिजन व ग्रामीणों ने किया विरोध में सड़क जाम

दुर्घटना के विरोध में परिजनों ने उचित मुआवजा की मांग को लेकर शव को सड़क पर रख बालूमाथ रांची चतरा मुख्य मार्ग थाना चौक के पास जाम कर दिया। परिजनों ने कंपनी से मुआवजे का 20 लाख रुपया और इंश्योरेंस का पैसा आदि देने का मांग किया है। जाम लगाए जाने पर भारी वाहनों की सड़क की दोनों ओर लंबे कतारे लग गई थी। वहीं बालूमाथ थाना पुलिस एवं प्रशासन के पहल पर मृतक के परिजनों को तीन लाख कंपनी से दिलवाया गया एवं इंश्योरेंस का पैसा मृतक के परिजनों को नहीं मिलता है तब तक 15 हजार प्रत्येक माह परिजन को कंपनी द्वारा दिए जाने के आश्वासन के बाद जाम हटाई गई।

### हाइवा के धक्के से दो बाइक सवार घायल, एक रिम्स रेफर

**हेरहंज।** बालूमाथ-पांकी मार्ग पर हेरहंज थाना क्षेत्र के हूंबू ग्राम के पास शुक्रवार की दोपहर हाइवा वाहन की चपेट में आने से दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें एक कि पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र के करणदाग ग्राम निवासी संजय भुइंया के पुत्र अजीत भुइंया व बालूमाथ थाना क्षेत्र के हाथडीह ग्राम निवासी विनोद भुइंया के पुत्र फुलदेव भुइंया के रूप में हुई। स्थानीय लोगों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ने घायलों का इलाज किया गया, लेकिन घायल फुलदेव भुइंया की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

### कल्पना सोरेन से मिल झामुमो नेता ने दी बधाई



**चंदवा।** झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति ने झामुमो नेत्री सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से मिलकर उन्हें बधाई दी है। डब्लू प्रजापति ने बताया कि गुरुवार 28 नवंबर को हेमंत सोरेन ने राज्य के 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लिया है। शपथ ग्रहण समारोह में लातेहार से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया था। शपथ ग्रहण के दौरान उन्होंने कल्पना सोरेन से मिलकर गांडेय विधानसभा चुनाव जीतने के साथ नई सरकार की भी बधाई दी। कहा कि प्रदेश में अबुआ सरकार का गठन हो गया है।अब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड का विकास तेजी से होगा।

### शहरी क्षेत्र में भेड़िया की चहलकदमी से दहशत में लोग

**महुआडांड़।** प्रखंड के शहरी क्षेत्र के सटे किता गांव और झुमरी महूआ टोली के आस पास इन दिनों शाम होते भेड़िया के झुंड की चहल कदमी से आस-पास के ग्रामीण डरे सहमे है। ग्रामीणों ने बताया कि भेड़ियों का झुंड घरों से मुर्गी को अपना शिकार बना रहे है। यह कुछ दूर खड़े लोगों को देखकर भी नही भागते हैं, नजदीक आ जाते है। बता दें कि महुआडांड़ भारत का एकमात्र भेड़िया अभयारण्य है। यह इलाक भेड़िया का प्रजनन केंद्र है। भेड़िया गुमला, पलामू, छत्तीसगढ़ जंगल से सितंबर से अक्टूबर माह तक पहुंचते हैं, जो मार्च तक रहते हैं। इस संबंध में वन विभाग के वनपाल कुंवर गंझू ने बताया कि ममाले की जानकारी प्राप्त हुई है। जल्द ही टीम गठित कर ठोस उपाय किया जायगा। वनपाल ने सभी से अपील की है कि शाम में कोई भी व्यक्ति खासकर बच्चे अकेले झाड़ी की तरफ न जाए। शाम के समय तीन-चार लोग समूह बनाकर ही घर से निकले।

## न्यूज बॉक्स

### जोरशीदा तिग्गा ने कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता, लोगों ने दी बधाई

**लातेहार।** तीन दिवसीय 25वीं सीनियर झारखंड पुरुष फ्रीस्टाइल व गिरको रोमन शैली में महिला-पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता पलामू जिला के पीपरा प्रखंड में संपन्न हो गया। प्रतियोगिता में लातेहार की जोरशीदा तिग्गा ने 67 केजी भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया। यह जानकारी लातेहार जिला के सचिव कुश्ती सचिव मुन्ना कुमार सिंह उर्फ अमनदीप सिंह ने दी। लातेहार जिला कुश्ती संघ से अमन प्रेम, अवनीश कुमार, मनोज जायसवाल और सभी कुश्ती के सदस्यों ने बधाई दी।

### उपायुक्त ने ग्रामीणों की शिकायतें सुनी



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की उपायुक्त ने क्रमवार समस्याओं व शिकायतों को सुना। उपायुक्त ने सभी शिकायतों की जांच करा कर शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिया। कहा कि ग्रामीणों की शिकायत व समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होने आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों के पास अग्रसारित किया और शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होने जन शिकायत केंद्र या जनता दरबार में आये शिकायतों को प्राथमिका दे कर समाधान करने की बात कही। जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से नियोजन, जमीन विवाद, मुआवजा आदि से संबंधित आवेदन आया था।

### चेक बाउंस के आरोपी की अपील खारिज

**लातेहार।** प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह की अदालत ने चेक बाउंस के सजायफ्ता मंजू देवी की ओर से दायर अपील शुक्रवार को खारिज कर दिया है। मालूम हो मंजू देवी ने मो. वासाम से वर्ष 2021 में नकद उधार ली थी और उसके बदले में चेक से गत 13-12-2021 को 7 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान किया था, जो राशि के अभाव में बाउंस हो गया था। अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने सुनवाई के उपरांत मंजू देवी के विरुद्ध आरोप सत्य पाते हुए 11 दिसंबर 2023 को 1 साल का साधारण कारावास और क्षतिपूर्ति का भुगतान करने का आदेश दिया था। अपीलार्थी मंजू देवी ने उक्त आदेश को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चुनौती दी थी। अपील की सुनवाई के दौरान मो. वसीम के अधिवक्ता सुनील कुमार ने अदालत के समक्ष तथ्यों को रखते हुए बताया कि मंजू देवी द्वारा भुगतान नहीं किया गया है और जो चेक दिया गया है उस खाता में राशि का अभाव था। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अपीलार्थी के विरुद्ध पारित जजमेंट को सही पाते हुए उन्हें 30 दिनों के अंदर भुगतान करने का आदेश पारित किया है। और अपील खारिज कर दिया है।

### ठंड बढ़ा, अलाव का नहीं इंतजाम

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में सुबह और शाम कड़ाके की ठंड गिरने लगी है। दूसरी ओर बस स्टैंड व सार्वजनिक स्थानों में अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ सकती है। यात्री ठंड की ज्यादा मार झेलते हैं। प्रतिवर्ष ठंड बढ़ते ही महुआडांड़ अंचल कार्यालय द्वारा लोगों को राहत दिलाने के लिए क्षेत्र में बस स्टैंड समेत प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव व्यवस्था की जाती है, लेकिन इस वर्ष अब तक अलाव व्यवस्था नहीं की गई है।

# ओडीएफ घोषित प्रखंड खुले में शौच करने को मजबूर हैं लोग

- **आकांक्षी प्रखंड घोषित होने के बाद भी नहीं सुधर पाया हालात**
- **केवल कागजों पर ही बेहतर प्रदर्शन करने के लिए मिला सम्मान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड को वर्ष 2018 में ही जिला प्रशासन द्वारा खुले में शौच मुक्त ओडीएफ घोषित कर दी गई है। परंतु जमीनी हकीकत है कि आज भी अधिकांश आबादी खुले में शौच करने के लिए मजबूर हैं। जिला प्रशासन कागजों पर प्रखंड को ओडीएफ घोषित कर खुश है। भुगतना आम आवाम गरीब लोगों को पड़ रहा है। जब गरीब के घरों में शौचालय नहीं है तो सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय निर्माण होना मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने के बराबर होगी। प्रखंड मुख्यालय में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक व करमा चौक में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा स्थापित है। वहां नित्य दिन प्रखंड क्षेत्र से बुजुर्ग व महिला-पुरुष बैंक के कार्यो से पहुंचते है। उक्त दोनों स्थानों पर सार्वजनिक शौचालय नहीं रहने से खासकर महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय निर्माण की मांग प्रखंड वासियों द्वारा लगतार की जा रही है। बावजूद जिला प्रशासन के साथ प्रखंड प्रशासन एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान आकर्षित नही होना उनकी कथनी व करनी को दशार्ता है। इतना ही नहीं मयूरहंड को आकांक्षी प्रखंड चयनित की गई है, जिसमें कई तरह के कार्यक्रम चलाया गया,जो फोटो खींचवाने व कागजों में ही सिमट कर गया। बावजूद नीति आयोग द्वारा सम्पूर्णता अभियान के तहत मयूरहंड प्रखंड में चलाए जा रहे छः थीम जिसमें स्वास्थ्य व अन्य क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित भी किया गया है।

## लैंपस में धान बिक्री नहीं होने से किसान परेशान

**प्रखंड क्षेत्र में औने-पौने दामों पर किसान धान बेचने को विवश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में औने-पौने दामों पर किसान धान बेचने को विवश हैं। लैंपस में धान की खरीद शुरू नहीं होने से किसान व्यापारियों के पास औने-पौने पर धान बेच रहे हैं। किसानों का कहना है कि लैंपस में धान की खरीद समय से शुरू होने से व उचित मूल्य दिये जाने से किसानों को फायदा होता, परंतु किसानों को पैसा की आवश्यकता होती है। साथ ही लैंपस में धान खरीद समय पर शुरू नहीं होता है। इस कारण किसान व्यापारियों के पास धान बेचने को विवश है। जब तक लैंपस में धान की खरीद शुरू होगी, तब तक लगभग किसान धान बेच चुके होंगे। किसानों द्वारा धान की बिक्री 18 रुपये तक कि जा रही है। किसानों का मानना है कि धान का उचित मूल्य नही मिलने से काफी परेशानी होती है। वही लैंपस में मूल्य तो मिलता है। परंतु सही समय में पैसा नहीं मिलता एवं पैसा के लिए किसान चक्कर काटते रहते हैं। जिस कारण नुकसान सह कर भी व्यापारियों के समक्ष धान को बेच देते हैं। पिछले वर्ष लैंपस के माध्यम से लगभग 22 रुपये धान की खरीद की गयी थी। जिसका पेमेंट के लिए किसानों को कई माह चक्कर काटना पड़ा था।

**15 से खरीदी शुरू होगी : सहकारिता पदाधिकारी**

जिला सहकारिता पदाधिकारी लातेहार जगमनी टोप्पो ने बताया कि 15 दिसंबर से लैंपस में धान की खरीदारी शुरू हो जाएगा।

### गठबंधन की सरकार बनने पर जुलूस निकला

**बालूमाथ।** झारखंड में एक बार फिर हेमंत सोरेन केअगुवाई में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाए जाने पर इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाया है। इस दौरान बैंड बाजे के साथ हजारों महिला पुरुष इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने बालूमाथ ब्लॉक के पास से मुख्य मार्ग होते हुए टमटम टोला तक जुलूस निकाला। एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी व बम पटाखा जलाकर आतिशबाजी किया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर उरांव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आमिर हयात, राजद युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नागदेव उरांव, रवि रजक, हरि साव ,झामुमो नेत्री रीना उरांव, सुरेश राम, श्यामसुंदर यादव, मो. मुनाजिर, मनोज यादव ,संदीप उरांव,संजीत लाल सहित लगभग एक हजार महिला पुरुष इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हेमंत सरकार बनने पर झामुमो ने मनाया जश्न



**खूब उड़े अबीर-गुलाल, जमकर की आतिशबाजी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रदेश में हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। शुक्रवार को प्रखंड के चंदवा शहर समेत सासंग, ब्रह्मणि में जुलूस निकाला गया। प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू के नेतृत्व में झामुमो कार्यकर्ताओं ने शिबाटोली से इंदिरा गांधी चौक,मेन रोड होते हुए सुभाष चौक तक जुलूस निकाल कर जश्न मनाया। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता अबीर गुलाल उड़ाकर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी भी की। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता नारा लगा रहे थे। झामुमो नेता इश्तियाक खान,सुरेश गंझू, मो. इजहार, शितमोहन मुंडा, रंजीत उरांव ने प्रदेश में अबुआ सरकार बनने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने हेमंत सोरेन पर भरोसा पुनः भरोसा जताया है। यहां की जनता ने विपक्ष के नापाक मंसूबों पर पानी फेर दिया है। जनता ने विपक्ष को साफ संदेश देने का काम किया है कि झारखंड में बाहरी नहीं चलेगा यहां सिर्फ हेमंत सोरेन ही चलेगा। नेताओं ने भरोसा जताते हुए कहा कि अब राज्य का विकास तेज गति से होगा। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। जुलूस में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य इस्तियाक खान,जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा, प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रखंड सचिव मो इजहार, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति, जतरु कुमार मुंडा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति, सुमन सुनील सोरेंग, मो. सरफराज, बबलू राही धन्नू खान, बबलू राय, धनराज यादव,रतनु गंझू, छोटू कुमार, जियाउल राय, सुधीर गंझू समेत बड़ी संख्या लोग शामिल थे।

### हेमंत के मुख्यमंत्री पद के शपथ लेने का खुशी में जुलूस निकला



**लातेहार।** राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार का गठन होने व हेमंत सोरेन के चौथी बार मुख्यमंत्री पद पर शपथ लेने की खुशी में शुक्रवार को झामुमो जिला सचिव समशूल होदा के नेतृत्व में विजय जुलूस निकाली गई। विजय जुलूस शहर के थाना चौक से शुरू हुई, जो मेन रोड होते हुए समाहरणालय के मुख्य द्वार तक गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डीजे के धुन पर थिरके। जुलूस में शामिल झामुमो कार्यकता नारा लगा रहे थे। जुलूस में शामिल कार्यकर्ता अबीर-गुलाल लगा कर शहर के लोगो को मिठाई भी खिलाया। जिला सचिव समशूल होदा ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार राज्य में बनी है। पिछले कार्यकाल को देखते हुए इस बार जनता ने पूरी बहुमत दी है। मौके पर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दूबे, जिप सदस्य विनोद उरांव, अशोक पांडेय, गोपाल सिंह, आर्सेन तिर्की, श्याम बिहारी यादव, पॉल एक्का, मो असगर, मानिक गंझू, अरशद अंसारी, सुरेंद्र कुमार, सुरेंद्र उरांव व सीमा देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मनिका विधायक रामचंद्र सिंह का विजय जुलूस आज, तैयारी पूरी

**महुआडांड़।** प्रखंड में शनिवार को महागठबंधन से विजयी मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के जीत की खुशी में महुआडांड़ में पूरे धूमधाम से विजय जुलूस निकाला जाएगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह के लगातार दूसरी बार जीत हासिल किए हैं। सुबह 10 बजे से भव्य विजय जुलूस निकाला जाएगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। महुआडांड़ क्षेत्र के हजारों की संख्या में पहुंच कर विजय जुलूस में शामिल होने का आग्रह किया गया है। विजय जुलूस का शुभारंभ डालटनगंज रोड नया पेट्रोल पंप से बिरसा मुंडा चौक, फिर बिरसा चौक से होते हुए रामपुर चौक, रामपुर चौक से डिपाटोली होते हुए शास्त्री चौक, शास्त्री चौक से होते हुए अंबेडकर चौक होते हुए शहीद चौक वही शहीद चौक से कांग्रेस कार्यालय होते हुए दुगार्बाड़ी प्रांगण से शास्त्री चौक होते हुए फिर वहा से बिरसा चौक पहुंच समाप्त होगा।

### महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने निकाला विजयी जुलुस

**बारियातू।** झारखंड मे हेमंत सोरेन के नेतृत्व मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनने की खुशी मे शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओ ने विजयी जुलूस निकाल कर खूब आतिशबाजी की। जेएमएम, कांग्रेस व राजद के भारी संख्या मे कार्यकर्ता और समर्थकों ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला। एक दूसरे को अबीर लगाकर व मिठाई खिलाकर खुशियां जाहीर किया। जुलूस जेएएमएम कार्यालय से फूलसु मोड़ होते हुए बारियातू बस स्टैंड से टीवीएस शो रूम तक गई। पुनः जुलूस जेएमएम कार्यालय पहुंच कर सभा मे तब्दील हो गई। मौके पर राजेंद्र, लाखो, सुरेश, विश्वासनाथ गंझु, महेंद्र उरांव, महेंद्र उरांव, भुनेश्वर यादव, पुनु प्रजापति, राजेश सिंह, आशीष लाल नाथ शाहदेव, बिनय उरांव, नरेश उरांव, संतोष यादव, पपू भोगता, सतावन गंझु सहित कई लोग मौजूद थे।

# कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण के लिए 72 प्रशिक्षार्थी रवाना

**3 से 9 माह तक निःशुल्क प्रशिक्षण मिलेगा**




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पलाश (जेएसएलपीएस) के तत्वावधान में (डीडीयू-जीकेवाई) दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत समाहरणालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने 72 युवक-युवतियों को सिलाई मशीन संचालक, सहायक नर्सिंग, सहायक इलेक्ट्रीशियन, होटल मैनेजमेंट, टू व्हीलर टेक्नीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, वेयरहाउस पैकर में निशुल्क कौशल प्रशिक्षण में भाग लेने की लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 3 से 9 माह के प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें संगठित क्षेत्र में रोजगार से जोड़ा जाएगा। जिससे उन्हे हर माह एक सुनिश्चित आय हो सके। डीडीयू-जीकेवाई योजना के अंतर्गत युवक-युवतियों को निः शुल्क आवासीय प्रशिक्षण, निःशुल्क पठन-पाठन सामग्री, पोशाक, रहने खाने की व्यवस्था है। इसके अलावा निःशुल्क एक साल तक के लिए पीएमजेजेवाई और पीएमएसबीवाई, अभ्यर्थियो का बैंक खाता खोलवाना, पोस्ट प्लेसमेंट सपोर्ट राशि के तहत अधिकतम 6 माह तक 1270 रुपया के दर से आर्थिक सहायता इत्यादि उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार, जिला कौशल समन्वयक सहित विभिन्न प्रखंड से आए युवक युवतियों के अभिभावक और प्रखंड के कर्मचारी उपस्थित थे।

### पुलिस ने डेढ़ एकड़ में लगे गांजा की खेती को नष्ट किया

**बारियातू।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी की मिली गुप्त सुचना के आधार पर बारियातू थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठन कर थाना क्षेत्र के ग्राम नवाडीह में अवैध तरीके से लगे करीब एक से डेढ़ एकड़ गांजा की खेती को नष्ट किया गया। साथ में सभी ग्रामीणों को भविष्य में इस प्रकार के मादक पदार्थों की खेती नही करने की चेतावनी दी गई। साथ ही जागरूकता अभियान चलाते हुए इससे होने वाली दुष्प्रभाव की जानकारी भी दी गई। मौके पर थाना के शस्त्र बल के जवान शामिल थे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/14/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 09.12.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 11.12.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 11.12.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Estimate For Tiles Flooring, Aluminum Partition/Window, Wooden Cupboard and Miscellaneous Works in Registrar Office, Account Office, Library & Nazarat Office in Civil Court, Palamu. | 2166300.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Repair/Painting of Boundary Wall and Electrical Works of Executive Engineer, BCD, Palamu Residence at Daltonganj. | 556200.00 | 12000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 3. | Renovation of E-01 S.D.P.O, Daltonganj Residence at Daltonganj, Palamu. | 1186800.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 4. | Construction of Guard Wall, Paver Block, Railing Work and partition Wall at Campus of Fishery Office Building Daltonganj, Palamu. | 1538700.00 | 31000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5. | Renovation of SDPO Chattarpur Chamber Meeting Hall and Office at Chattarpur Palamu. | 2075500.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 6. | Land Scaping and Laying of Paver Blocks in D.C Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 1850000.00 | 38000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 7. | Renovation Of IG, Palamu Residence and Construction Of Vehicle Shed in Residential Campus at Daltonganj, Palamu. | 2355400.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 8. | Renovation Of DIG, Palamu Chamber and Office Room at Daltonganj, Palamu. | 2070850.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 9. | E/R Of the Quarter- A-02 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 369500.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 10. | E/R Of the Quarter- B-01 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 370500.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 11. | E/R Of the Quarter- A-04 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 352000.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 12. | E/R Of the Quarter- A-03 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 346900.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 13. | E/R Of the Quarter- B-02 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 361500.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 14. | E/R Of the Quarter- D-01 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 352100.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 15. | Renovation of D.D.C Palamu, Residence (Inner) and Rest Boundary Wall Construction and Repair at Daltonganj. | 1689100.00 | 34000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 16. | Installation of View Blocker in Boundary Wall of Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 2062100.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 17. | Repair of All Bathroom and Changing Sanitary Fittings in Commissioners, Palamu Office at Daltonganj. | 523500.00 | 11000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 18. | Renovation Work of DSP Residence, Garrage, Guard Room in the Campus of DSP Residence, Hussainabad, Palamu. | 2124800.00 | 42500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 19. | Renovation of the RWD Office at Daltonganj, Palamu. | 2448000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 20. | Construction of Boundary Wall in Sadar Thana at Daltonganj, Palamu. | 2325300.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 21. | Renovation of the Quarter No- D02 and Construction of GCI Vehicle Shed in Front of Quarter No D-02 in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 710300.00 | 14500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 22. | Renovation of Executive Magistrate Quarter NTN/C-03 and NTN/C-05 in Officer Colony at Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 996700.00 | 20000.00 | 1250.00 | 01 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र क्रय हेतु निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

**PR 340789 Building(24-25)#D**

### केंद्रीय राज्यमंत्री सुरेश गोपी ने की टीएडीपी की समीक्षा

# किसानों को ऑर्गेनिक खेती के लिए प्रोत्साहित व प्रशिक्षित करने का निर्देश

- *छात्र-छात्राओं को हाइड्रोकार्बन स्किलिंग का प्रशिक्षण दिया जाय*
- *रसायनिक उर्वरकों से होनेवाले नुकसान के बारे में राज्यमंत्री ने जानकारी दी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला परिषद कार्यालय स्थित सभाकक्ष में शुक्रवार को आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम (टीएडीपी) की समीक्षा हुई। समीक्षा बैठक केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा पर्यटन राज्यमंत्री सुरेश गोपी की अगुवाई में हुई। समीक्षा बैठक में आकांक्षी जिला अंतर्गत निर्धारित इंडीकेटर्स की समीक्षा की गई और सौ प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निदेश सभी संबंधित विभागों को दिये। स्वास्थ्य व पोषण के विषय अंतर्गत प्रसव पूर्व जांच, एनीमिया, सिकल सेल जांच, साफ-सफाई, स्वच्छ पीने के पानी आदि बिंदुओं पर गहनता से चर्चा की गई। स्वस्थ रहने के लिए साफ पानी का उपयोग बहुत आवश्यक है। चाहे वह पीने का पानी हो या नहाने का पानी इस्तेमाल किया जाना हो, साफ पानी बहुत आवश्यक है जिसका ध्यान रखा जाना चाहिए। घरों में प्रसव की स्थिति में उसे स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट की देखरेख में कराये जाने का निर्देश दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर व्यवस्था और समय से मरीजों को वहां तक पहुंचाने के लिए व्यवस्था रखे जाने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य व पोषण अंतर्गत लिंगानुपात, संस्थागत प्रसव, हीमोग्लोबिन जांच, नवजात द्वारा स्तनपान, टीबी रोगियों की पहचान आदि विषय पर चर्चा की गई व निर्देश दिये गये। शिक्षा के विषय पर प्राइमरी से पर प्राइमरी, अपर प्राइमरी से सेकेंडरी तक छात्र-छात्राओं के ट्रांजिशन पर चर्चा की गई और इसके लिए बेहतर पहल किये जाने का निदेश दिया गया ताकि कोई अपनी पढ़ाई अधूरी नहीं छोड़े। शिक्षा अंतर्गत विद्यालयों में गर्ल्स टॉयलेट, पीने का पानी, रनिंग वाटर, बिजली की व्यवस्था, सत्र प्रारंभ होने पर पाठ्यपुस्तकों की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। बच्चों को विद्यालयों में रागी के लड्डू मे चीनी का कम उपयोग करने का निदेश दिया गया।

कृषि व जल संसाधन विषय अंतर्गत माइक्रो इरिगेशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, जिला में एफपीओ की स्थिति की समीक्षा की गई। किसानों को केसीसी ऋण से अच्छादित किये जाने का निर्देश एलडीएम, लोहरदगा व जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। जिला के अमृत सरोवरों में मत्स्य पालन हेतु स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहित करने का निदेश डीपीएम जेएसएलपीएस को दिया गया। साथ ही साथ केज फिश कल्टीवेशन की भी जानकारी दी गई। किसानों को ऑर्गेनिक खेती हेतु प्रोत्साहित करने, प्रशिक्षित करने व उन्हें आवश्यक जरूरतों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑर्गेनिक फार्मिंग के लक्ष्य से संबंधित कैबिनेट के निर्णय से भी सभी को अवगत कराया। रसायनिक उर्वरकों से होनेवाले नुकसान के बारे राज्यमंत्री ने जानकारी दी। मूलभूत संरचना विषय अंतर्गत ग्राम पंचायतों में इंटरनेट कनेक्शन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत जिला में बने पथों, ग्राम पंचायतों में कॉमन सर्विस सेंटर की स्थिति की समीक्षा की गई। वित्तीय समावेशन अंतर्गत प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग आदि की समीक्षा की गई। कौशल विकास अंतर्गत जिला में आइटीआइ प्रशिक्षण संस्थानों की जानकारी ली और निर्देश दिया गया कि यहां के छात्र-छात्राओं को हाइड्रोकार्बन स्किलिंग का प्रशिक्षण दिया जाय ताकि वेल्डिंग व रूफ वेल्डिंग के साथ-साथ वे गैस पाईप वेल्डिंग का भी गुर सीख सकें। पेट्रोलियम इंडस्ट्रीज में इसकी अपार संभावनाओं से मंत्री ने सभी को अवगत कराया।

बैठक में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जिला के अनुसूचित जाति-जनजाति के बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। मंत्री द्वारा लोहरदगा जिला में बच्चों को तीरंदाजी, एथलेटिक्स, तैराकी, जैबलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो के लिए भी प्रशिक्षित किये जाने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया।कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक नीलम सुषमा सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, आकांक्षी प्रखंड किस्को के प्रखंड विकास पदाधिकारी अरूण उरांव, पीपीआइए फेलो समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



### औद्योगिक सिलाई केंद्र का भी किया निरीक्षण

राज्यमंत्री ने बैठक के उपरांत किस्को प्रखंड में स्थापित औद्योगिक सिलाई केंद्र का भी निरीक्षण किया। औद्योगिक सिलाई केंद्र के निरीक्षण के बाद राज्यमंत्री ने संवाद कार्यक्रम अंतर्गत सिलाई केंद्र में लगे सक्षम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और विभिन्न कृषि उत्पाद समूहों द्वारा बनाये उत्पादों का अवलोकन किया। जिला प्रशासन की ओर से राज्यमंत्री को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया और स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार उत्पाद भेंट किया गया। माननीय राज्यमंत्री द्वारा मोबाइल मिनी हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया गया। समस्त कार्य के लिए राज्यमंत्री द्वारा उपायुक्त, लोहरदगा की सराहना की गई।

## धान अधिप्राप्ति शुरू नहीं होने से किसान परेशान

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में अबतक सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति शुरू नहीं होने से किसान परेशान है। लैंपस कार्यालय में सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर अब तक धान का क्रय शुरू नहीं होने से स्थानीय किसान बिचौलियों के हाथों धान बेचने को मजबूर हैं। प्रखंड के किसानों को अपने धान औने-पौने दाम में बिचौलियों को बेचना पड़ रहा है। जबकि सरकार द्वारा किसानों से धान अधिप्राप्ति को लेकर सभी लैंपस कार्यालयों में धान क्रय हर वर्ष 15 नवंबर से शुरू हो जाता था। भंडरा में अब तक धान क्रय शुरू नहीं होने से किसानों को साप्ताहिक बाजार जाकर धान बिक्री करना पड़ रहा है। सरकार की इस व्यवस्था से लाचार होकर स्थानीय किसान खुले बाजार में औने-पौने दाम में धान बेचने को विवश हैं। गांव-गांव में बिचौलिए घूम-घूमकर औने-पौने दाम में किसानों से धान की खरीदारी कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने को लेकर लैंपस के माध्यम से धान क्रय करने की योजना विफल साबित होती नजर आ रही है।

## रोहित उरांव के प्रयास से मरीज का रिम्स में हो रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के ग्राम हाटी कुम्बा टोली निवासी छोटू उरांव कुछ दिनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। उसके परिवार वालों के द्वारा इलाज रांची रिम्स में किया जा रहा था। मरीज काफी अस्वस्थ था। उसके बेहतर इलाज एवं सहयोग के लिए परिजनों ने लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव से संपर्क किया। मौके पर रोहित उरांव ने मरीज को बेहतर इलाज के लिए अपने प्रभारी खान को अस्पताल भेज रिम्स प्रबंधन एवं डॉक्टरों से बात कर मरीज के बेहतर एवं उचित इलाज के लिए बात किए। साथ ही कहा की लोहरदगा विधानसभा के लोगों को हर क्षेत्र में उनका विकास का कार्य किया जाएगा। लोहरदगा की जनता ने सेवा के लिए हमारे पिता को चुना है। इसके लिए हम सेवा के लिए हमेशा खड़े है। इस कार्य से परिजनों में हर्ष है ।मरीज के स्वस्थ में काफी सुधार हो रहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/16/2024-25(3rd CALL)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Gr_3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत चेताग ग्राम सेमरसोत में चरकी डोकी बांध के पास पुल निर्माण। | 9948644 | 199000 | 10000 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.12.2024 से दिनांक 12.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –14.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 340725 Rural Development(24-25).D



**e-Procurement Cell**
**Office of the Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,**

**e-Procurement Notice**
**(Short Notice)**

**Tender Ref. No.-13/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 28.11.2024**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Estimate For Construction Of HSC Building At Andharibagh, Block- Pipra, Dist - Palamu | Rs. 5632500.00 | 06 Months |
| 2. | Estimate For Construction Of HSC Building At Mahuganwa Block- Chainpur, Dist - Palamu | Rs. 5632500.00 | 06 Months |
| 3. | Construction of Forest Protection/Anti-depredation Camp at Palamu | Rs. 9993300.00 | 09 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 05-12-2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 14-12-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 16-12-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders .gov.in पर किया जा सकता है।

*Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.*

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR.NO.340791 Building(24-25):D


## धान की खरीद पर 880रु क्विंटल बोनस निर्धारित करे सरकार : जितेंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जितेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है। वहीं कहा है कि हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। उन्होंने बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा की झारखंड सरकार अपनी चुनावी घोषणा पत्र का पालन करे। झारखंड के अन्नदाता किसानों से 3200 रुपए सरकारी दर पर धान की अधिप्राप्ति करे। किसानों से धान क्रय के समय ही सरकार की ओर से समर्थन मूल्य का 75%राशि किसानों को तत्काल भुगतान करने का प्रावधान किया जाय। उन्होंने कहा कि विश्वस्त सूत्रों से पता चल रहा है कि हेमंत सरकार अपने चुनावी घोषणा पत्र को झांसे में रखकर 15 दिसंबर से 2400 रुपए क्विंटल की दर पर धान अधिप्राप्ति करने की तैयारी कर रही है।

### एजेंडा पर विद्यालय, संकुल और प्रखंड वार होगी समीक्षा

## छात्रों के आपार आईडी पंजीकरण कराने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नीलम आइलीन टोप्पो एवं जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर के संयुक्त अध्यक्षता में जिले के सभी बीईईओ, बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, अकॉउंटेंन्ट, एमआईएस की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की गई। जिसमें एजेंडा वार विभिन्न बिंदुओं की विद्यालय, संकुल और प्रखंड वार समीक्षा की गई। विद्यालय के शिक्षकों के बेस्ट प्रैक्टिस और केश स्टडी से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया। आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन से संबंधित विद्यालयवार टोला टैगिंग करते हुए 2 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उक्त प्रपत्र विद्यालयों को उपलब्ध कराया गया है।

शिशु पंजी अद्यतन कर 4 दिसंबर 2024 से 4 जनवरी 2025 तक प्रबंध पोर्टल पर विद्यालय द्वारा शिशुपंजी अद्यतन कर उपलब्ध कराने और 4 से 8 जनवरी 2025 तक प्रबंध पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति ग्रेडिंग और पुनर्गठन जिन विद्यालयों का अद्यावधि तक पूर्ण नहीं हुआ है, अगले सप्ताह तक पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। मौके पर विनय बंधु कच्छप, प्रभारी अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, जयनाथ महतो, बीईईओ, भंडरा, सेन्हा, अरविंदा कुमारी, बीईईओ,कूड़ु, कैरो, एमलीन सुरीन, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, आकाश कुमार, क्षेत्र प्रबंधक, अनिल सिंह, प्रभारी जिला अकॉउंटेन्ट, प्रशान्त कुमार सहित सभी बीपीओ, बीआरपी, सीआरपी, एमआइएस और अकॉउंटेन्ट उपस्थित थे।

### कमल सिंह थापा को मिला व्हीलचेयर, परिजनों में हर्ष

## मेडिकेयर इवारमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने उपलब्ध कराया व्हीलचेयर

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** मेडिकेयर इवारमेन्ट प्राइवेट लिमिटेड रियाडा लोहरदगा के सौजन्य से शुक्रवार को सदर प्रखंड अस्थित कूटमू निवासी 60 वर्षीय कमल सिंह थापा को व्हीलचेयर उपलब्ध कराया गया। विदित हो कि डाईबिटीज रोग से ग्रसित कमल सिंह थापा की बायीं पैर में घाव होने के पश्चात इलाज के दौरान लगभग दो माह पूर्व उनका पैर काटना पड़ा था। जिसके बाद से चलने फिरने में असमर्थ थे। इधर व्हीलचेयर मिलने के बाद कमल सिंह थापा एवं उनके परिजनों के बीच हर्ष व्याप्त हैं। इस मौके पर मेडिकेयर इनवायरनमेंट प्राइवेट लिमिटेड रियाडा लोहरदगा के अनिल कुमार, तनीषा राज, सिंपी देवी, रोहित सिंह देव, नपेंद्र सिंह चौहान, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार, सीडब्ल्यूसी के पूर्व चेयरमैन राजकुमार वर्मा, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## 18 बाइक सवारों से वसूला गया 25 हजार जुर्माना

**लोहरदगा।** बरवाटोली चौक में शुक्रवार को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के क्रम मे दो पहिया वाहनों की जांच करते हुए कागजात की कमी पाए जाने, हेलमेट, इन्श्योरेंस और ड्राइविंग लाइसेंस नही दिखाने पर 18 वाहन चालकों से 25 हजार रुपये जुर्माना वसूली गई। मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज शिव शंकर मरांडी ने कहा कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाते हुए बिना कागजात और हेलमेट के चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध करवाई की जाएगी।

## पत्नी ने जहर खाकर की आत्महत्या का प्रयास

**लोहरदगा।** जिला के भंडरा प्रखंड क्षेत्र के छपरा टोली टोटो गांव में शुक्रवार को पति- पत्नी के आपसी विवाद के कारण पत्नी ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। परिवार सदस्यों को जहर खाने की भनक लगते ही महिला को लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार चल रहा है। महिला की पहचान भंडरा छपरा टोली टोटो गांव निवासी सोमरा उरांव के 35 वर्षीय पत्नी संतोषी उरांव के रूप में हुई है, वही सदर अस्पताल के डॉक्टर ने बताया कि इलाज के बाद संतोषी उरांव की स्थिति ठीक है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि संतोषी उरांव व उसके पति सोमरा उरांव के बीच कुछ बातों को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद संतोषी उरांव ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

### लोहरदगा में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित

# लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता जरूरी : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान जो 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलने वाली है। समाज कल्याण विभाग लोहरदगा के तत्वाधान में लोहरदगा के बड़ा तालाब परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रचार प्रसार एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हिंसा पर सभी जगह परिचर्चा एवं चिंतन होना चाहिए तथा इसके उन्मूलन के लिए सामाजिक संगठनों के साथ योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को लागू करने की सामाजिक जिम्मेदारी है। महिलाओं के महानता के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि वह पूरे भारत देश की माता है उनकी सम्मान एवं पूजा होनी चाहिए। इस अवसर पर जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही हिंसा के खिलाफ जागरूकता के लिए शपथ लिया गया। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रिंवादा कुमारी, एवं सखी मंडल के दीदी एवं अन्य उपस्थित थी।

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक दंडनीय अपराध : डीएसडब्ल्यूओ



जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक दंडनीय अपराध है। समाज के सभी लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील किया कि हिंसा के खिलाफ चुप रह कर इसका सहभागी न बनें। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ साथ दे। उन्होंने हिंसा के खिलाफ शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 एवं साइबर सेल 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक बताई।

### महिलाएं अपनी समस्याओं को निःसंकोच पुलिस प्रशासन के समक्ष रखें : एसडीपीओ

जिले की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने मौके पर मौजूद महिलाओं और युवतियों को कहा कि आप अपने साथ होने वाली प्रताड़ना या फिर किसी प्रकार की समस्याओं को निःसंकोच होकर पुलिस प्रशासन के समक्ष रखें। निश्चित रूप से त्वरित कार्रवाई किया जाएगा। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि आप अपने हक अधिकार को लेकर एकजुटता दिखाते हुए आगे बढ़ें और हर चुनौतियों का सामना करें। पुलिस प्रशासन आपके साथ हमेशा खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज भी लोगों में जेंडर को लेकर भेद-भाव कहीं-कहीं है उसे दूर करने में हम सभी को आगे आने की जरूरत है। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि पुलिस प्रशासन महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उनका शत-प्रतिशत हक अधिकार दिलाने हेतु हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाने का कार्य करते आ रही है। उन्होंने कहा कि आप बेझिझक होकर पुलिस के समक्ष अपनी परेशानियों को रखें ताकि शीघ्र कार्रवाई किया जा सके। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि लोहरदगा पुलिस महिलाओं की रक्षा हेतु हर वक्त तत्पर है। साथ ही जिले में अनेकों सामाजिक संगठन संचालित है, जो महिलाओं के हित में काफी सकारात्मक और बेहतर कार्य कर रही है आप उनके साथ जुड़कर भी अपनी परेशानियों को रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें ताकि आपके साथ किसी भी तरह की समस्या को लेकर लड़ने की इच्छा शक्ति का निर्माण हो सके।

## कैरो जेएमएम कमेटी ने मुख्यमंत्री को दी बधाई

**कैरो।** हेमन्त सोरेन के लगातार दूसरी बार सरकार बनाने व चौथी बार मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण लेने पर प्रखंड जेएमएम कमिटी व कायकताओं ने बधाई दी है। मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा कि झारखंड में जेएमएम का जनाधार बढा है, जिसका परिणाम है कि सिर्फ 43 सीटों पर चुनाव लड़कर 34 सीट पर जीत दर्ज किया है जो पार्टी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। झारखण्ड में जिस तरह से हेमंत सरकार ने काम किया और भाजपा जिस तरह से एक आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान करने का काम किया, उन्हें जेल तक जाना पड़ा जिसका ही नतीजा है कि झामुमो अपनी सीट बढा पाई। शपथ ग्रहण के तुंरत बाद ही मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत दिसम्बर से 2500 रु देने, अग्निबीर में शहीद हुए परिवार को नौकरी देने आदि काम किये। बधाई देने वालों में केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मो सजाद, प्रखंड सचिव धनपत उरांव, अख्तर अंसारी, मंजुल अंसारी, बुदीया उरांव, बजरंग साहू, परवीन साहू, रिजवान अंसारी, रेयाज अंसारी, सुधीर उरांव, तौहीद अंसारी, मो अख्तर, कमला भगताईन, रूपा उरांव, अशोक पहान आदि शामिल हैं।


**कार्यालय, नगर पंचायत, हुसैनाबाद, पलामू**

**पार्किंग बन्दोबस्ती की सूचना सं0:–01/2024–25**

| क्रम सं0 | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि | अग्रधन की राशि | निविदा की राशि | डाक खुलने का स्थान एवं तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पार्किंग की व्यवस्था (कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद से विजय पेट्रोलियम फ्लाई ओवर के नीचे तक) | 2,50,000.00 दिनांक–01.01.2025 से 31.12.2025 हेतू | 25,000.00 | 500.00 | स्थानः– कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद। दिनांक– 06.12.2024 समयः– 11:00 बजे पूर्वाहन् |

**शर्तें**

1. अधिक्तम डाकवक्ता को पार्क किये गये वाहनों से निम्नवत् राशि वसूली करना सुनिश्चित करेंगे। बाईक – 5.00रु/ प्रतिदिन, कार – 10.00 रु प्रति 2 घंटे के लिए
2. अग्रधन राशि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, हुसैनाबाद के पदनाम से बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक द्वारा दिनांक–05.12.2024 समयः–05:00 बजे अपराहण् तक आवश्यक रुप से जमा करना होगा, अन्यथा डाक में भाग लेने की योग्यता नहीं होगी।
3. आवेदन पत्र के साथ डाकवक्ता का अध्तन चरित्र प्रमाण पत्र (उपायुक्त द्वारा निर्गत), PAN Card, आधार कार्ड तथा अधतन् आई0 टी0 आर0 फाईल की प्रति समर्पित करना होगा।
4. डाकवक्ताओं की बोली में न्युनतम 5000.00(पॉच हजार रुपये) का अंतर अनिवार्य होगा।
5. अधिकतम डाकवक्ता को ही सैरात आवंटित किया जायेगा।
6. अधिकतम डाकवक्ता की बोली गयी डाक की पूर्ण राशि 10 (तीन) दिनों के अंदर बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जो "कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद" के पदनाम से देय होगा, जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी परिस्थिति में चेक स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। 10 दिनों की अवधि बीत जाने के बाद पूर्ण राशि जमा नहीं करने पर डाकवक्ता की अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी एवं ऐसी स्थिति में द्वितीय डाकवक्ता की बोली की राशि को सैरात आवंटित किया जायेगा, जिस पर प्रथम डाकवक्ता का दावा मान्य नहीं होगा। द्वितीय डाकवक्ता को भी 10 दिनों के अंदर बोली गयी डाक की पुर्ण राशि जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनकी भी राशि जब्त कर लिया जायेगा एवं कभी भी वापस नहीं किया जायेगा।
7. बन्दोबस्ती लेने वाले व्यक्ति को शर्तों के अनुरुप एकरारनामा 7 दिनों के अन्दर करना होगा इसके बाद ही वसूली हेतु प्राधिकार निर्गत किया जायेगा। एकरारनामा का व्यय बन्दोबस्तधारी को ही करना होगा।
8. जिन व्यक्तियों को पूर्व में नगर पंचायत, हुसैनाबाद की डाक की बन्दोबस्ती प्राप्त हो चुकी है एवं उनके द्वारा डाक की राशि पूर्णतः जमा नहीं की गयी है, वे डाक में भाग लेने हेतु अयोग्य होंगे।
9. विभाग से पार्किंग बन्दोबस्ती के संबंध में यदि कोई निर्देश प्राप्त होता है, तो डाक प्राप्तकर्ता को उन निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से करना होगा। पालन नहीं करने की स्थिति में नगर पंचायत, हुसैनाबाद को डाक की राशि लौटाये बगैर डाक को रद्द करने का पुर्ण अधिकार होगा।
10. सभी शर्तों का पालन अनिवार्य रुप से करना होगा।
11. डाक स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत हुसैनाबाद के पास सुरक्षित होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 340760 District (24-25)_D

## एक नजर

### भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर जयसवाल ने दिया इस्तीफा



**घाघरा।** भाजपा के किशोर जयसवाल ने जिला अध्यक्ष को पत्र लिखकर घाघरा मंडल अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने की बात कही। अपने लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि वार्ता के अनुसार विशुनपुर विस चुनाव 2024 को देखते हुए घाघरा मंडल के संगठन कार्य के लिए मुझे घाघरा मंडल अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया था। आगे उन्होंने लिखा कि मैं अपने कार्यकाल में पूरे निष्ठा और लगन के साथ अपने दायित्व का

### तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से युवक घायल, भर्ती

**गुमला।** पालकोट थाना क्षेत्र के उमड़ा स्कूल के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने सूरज लोहरा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, सूरज उमड़ा स्कूल के पास घूमने गया था और घर लौटते समय पैदल सड़क पर जा रहा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सूरज सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके सिर, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बताया कि बाइक सवार नशे की हालत में था। टक्कर के बाद वह मामूली चोट लगने के बावजूद तुरंत बाइक लेकर घटनास्थल से फरार हो गया।

### छात्र की साइकिल चोरी, सीसीटीवी फुटेज वायरल

**गुमला।** गुमला शहर के जवाहर नगर में ट्यूशन पढ़ने आए एक छात्र की साइकिल चोरी हो गई। यह घटना पूर्व विधायक आवास के पीछे स्थित चौराहा के पास की है, जहां दो नाबालिग लड़कों ने साइकिल चोरी कर वॉटरवेज कॉलोनी की ओर फरार हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों चोरों को साइकिल चुराते और भागते हुए देखा जा सकता है। जानकारी के अनुसार, गुमला में साइकिल चोरी की यह दूसरी घटना है।

### होमगार्ड जवान का पर्स हुआ गुम


**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के कुम्हरिया हड़वा टोली निवासी सुखदेव लकड़ा, जो होमगार्ड के जवान है। उसका पर्स बांसडीह से गुमला आते समय कहीं गिर गया है। पर्स में तीन एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी, झारखंड होमगार्ड का आईडी कार्ड, पैन कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज और 1000 नकद थे। सुखदेव लकड़ा पालकोट रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक में गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को उनका पर्स मिले, तो वे तुरंत मोबाइल नंबर 7856802234 पर संपर्क करें।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के महिला कॉलेज पुग्गू के पास गुरुवार रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बरिसा निवासी लक्ष्मण उरांव को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही परिजन घायल लक्ष्मण को गुमला सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया। परिजन उसे रिम्स ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को वापस गुमला सदर अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# गुमला के सुदूरवर्ती गांव सौर ऊर्जा की रोशनी से होंगे जगमग

*3000 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने का काम जारी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए सुदूरवर्ती और विशेष पिछड़ी जनजातीय ग्रामों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य जिले के सभी क्षेत्रों को रोशनी से रोशन करना और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। इस पहल के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग 700 स्थानों पर अब तक सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा चुकी हैं। शेष स्थानों पर कार्य तेजी से जारी है। पहले चरण में गुमला जिले के 387 ग्रामों में 2015 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना की जाएगी। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला योजना विभाग द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य चौक-चौराहों पर लगभग 1200 से अधिक स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। इस पहल से सड़कों, मोहल्लों और ग्रामों में सुरक्षा और जीवन स्तर में सुधार होगा। उपायुक्त ने नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से अपने क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए स्थान सुझाने का आग्रह किया था। प्राप्त आवेदनों के आधार पर चयनित स्थानों पर प्राथमिकता के साथ सोलर लाइट्स का अधिष्ठापन किया जा रहा है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि प्रथम चरण में 3000 स्थानों पर सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाई जाएंगी। इसके बाद प्राप्त आवेदनों के आधार पर अगले चरण में अन्य स्थानों पर कार्य किया जाएगा। यह पहल जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सौर ऊर्जा से रोशनी फैलाने, सुरक्षा, शिक्षा और सामुदायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## बीडीओ ने की मनरेगा और अबुआ आवास योजना की समीक्षा

# कार्य में तेजी लाने का निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** शुक्रवार को गुमला के भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में मनरेगा कर्मियों की बैठक हुई। बैठक में मनरेगा और अबुआ आवास योजना की प्रगति और कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने उपस्थित कर्मियों को सूचित किया कि आदर्श आचार संहिता समाप्त हो चुका है। अब सभी पंचायतों में संचालित मनरेगा योजनाओं और अबुआ आवास योजनाओं को गति देने की आवश्यकता है। उन्होंने कर्मियों से यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कार्यों में कोई विलंब न हो और योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन किया जाए।

**मजदूरों की संख्या बढ़ाने और पुराने कार्यों को बंद करने की आवश्यकता**

बीडीओ ने विशेष रूप से मनरेगा योजना पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना में मजदूरों की संख्या बढ़ाने की दिशा में प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि जो पुराने कार्य अब तक पूरे नहीं हो पाए हैं, उन्हें जल्द से जल्द बंद कर दिया जाए, ताकि नए कार्यों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। बैठक में बीडीओ के अलावा बीपीओ रेणुका किंडो, प्रखंड समन्वयक जितेंद्र मिश्रा, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सेवक, स्वयंसेवक, जेई और अन्य अधिकारी व कर्मी भी मौजूद थे।

### बीडीओ ने पंचायत कर्मियों और मुखिया के साथ की समीक्षा बैठक, लापरवाही पर फटकार



**गुमला।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ दिनेश कुमार ने पंचायत कर्मियों और मुखियाओं के साथ विभिन्न योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में योजनाओं के धीमी प्रगति और लापरवाही को लेकर बीडीओ ने कई कर्मियों को फटकार लगाई और कार्यशैली में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए।

**मनरेगा और आवास योजनाओं पर जोर :** बैठक में बीडीओ ने मनरेगा योजनाओं के तहत मेंडेज क्रिएट करने, मजदूरों को समय पर काम देने और मजदूरी भुगतान में देरी न होने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने अबुआ आवास और कूप निर्माण कार्यों में तेजी लाने के साथ अधूरे कूप निर्माण को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।

**पुरानी योजनाओं का सत्यापन :** बीडीओ ने पुरानी और बंद पड़ी योजनाओं का भौतिक सत्यापन करते हुए उन्हें बंद करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया। साथ ही योग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ शीघ्र देने की बात कही।

**लापरवाही पर चेतावनी :** बीडीओ दिनेश कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्मी अपने कार्यों में लापरवाही बरतते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बीपीओ बेबी कुमारी, मुखिया विनीता कुमारी, लोदो एक्का, रानी उरांव सहित कई पंचायत कर्मी और मुखिया मौजूद रहे। सभी ने योजनाओं की प्रगति और उनके क्रियान्वयन पर अपने विचार साझा किए। यह बैठक क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और योजनाओं के लाभ को समय पर जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई।

*गुमला में बिजली लाइन हादसा*

### मजदूर का हाथ-पैर कटने से परिवार की स्थिति गंभीर

**गुमला।** जिले के कामडरा प्रखंड स्थित पंचायत रामपुर के गांव टाटी सागर लोहारा में 4 अक्टूबर 2024 को बिजली लाइन के काम के दौरान एक गंभीर हादसा हुआ। घटना उस समय हुई जब सागर लोहारा नामक मजदूर बिजली लाइन के काम में जुटा हुआ था, और अचानक एक दुर्घटना के कारण उसका हाथ और पैर कट गए। यह हादसा मोरला टोली स्कूल के पास हुआ था, जब सागर लोहारा काम कर रहा था। मजदूर नेता राजेश सिंह ने शुक्रवार को घटना का जायजा लिया और इस पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस हादसे के तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक कामडरा के क्षेत्रीय अधिकारी, जाई कंचन टुडू और एसडीओ के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हादसा लापरवाही के कारण हुआ, जिससे सागर लोहारा का जीवन बर्बाद हो गया है। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति भी पूरी तरह से बिगड़ गई है क्योंकि सागर लोहारा के चार छोटे बच्चे हैं, और अब उनके पास जीने का कोई सहारा नहीं बचा है। मजदूर नेता राजेश सिंह ने गुमला जिला के उपायुक्त को फोन पर घटना की जानकारी दी और परिवार को राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि सागर लोहारा के परिवार को अबुआ आवास और एक सरकारी नौकरी मिलनी चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### गोवंशीय पशु से लदे ट्रक और पिकअप वाहन जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**गुमला।** रायडीह पुलिस ने गुरुवार रात गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ से लोहरदगा जा रहे एक ट्रक में लदे 35 अवैध गोवंशीय पशुओं को जब्त किया। इस दौरान ट्रक को स्कॉर्ट कर रही एक पिकअप वाहन को भी पकड़ा गया, और पिकअप चालक को गिरफ्तार किया गया। अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ से एक ट्रक में अवैध गोवंशीय पशु बूचड़खाने ले जाए जा रहे हैं। ट्रक के साथ एक पिकअप वाहन भी स्कॉटिंग कर रही थी। पुलिस ने रायडीह क्षेत्र में चेक नाका लगाकर जांच शुरू की। रात्रि में संदिग्ध पिकअप और ट्रक को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन चालक गाड़ी लेकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर जंगल के पास दोनों वाहनों को रोका। ट्रक चालक और अन्य तस्कर भागने में सफल रहे, जबकि पिकअप चालक इरसाद आलम (45 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी रांची जिले के नगड़ी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। ट्रक की तलाशी में 35 गोवंशीय पशु मिले, जिन्हें ग्रामीणों की जिम्मेदारी में सौंप दिया गया। दोनों वाहन जब्त कर थाने लाए गए। पुलिस ने तस्करी में शामिल फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### चलंत पशु चिकित्सालय घर पर दे रहा है निशुल्क इलाज

**डुमरी (गुमला)।** चलंत पशु चिकित्सालय के माध्यम से अब डुमरी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। मोबाईल पशु चिकित्सालय की इस सेवा से ग्रामीणों को बहुत राहत मिली है, खासकर जब उनके पशु बीमार होते हैं और दूर-दूर के चिकित्सालयों तक जाने में परेशानी होती है। ग्रामीणों को किसी भी तरह की पशु स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए अब हेल्पलाइन नंबर 1962 पर कॉल करना होता है, जिसके बाद चिकित्सक तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर पशुओं का इलाज करते हैं। चिकित्सा कर्मी रामावतार साहू और प्रवीण तिर्की ने बताया कि वे डुमरी प्रखंड मुख्यालय में रहते हैं और प्रखंड के किसी भी क्षेत्र से प्राप्त सूचना के आधार पर निर्धारित स्थान पर पहुंचकर पशुओं का इलाज करते हैं। उनका यह प्रयास ग्रामीणों के बीच बेहद सराहा जा रहा है। यह पहल पशुपालन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है, जो ग्रामीणों को उनकी पशुधन की देखभाल में सहारा दे रही है। उन्हें यह महसूस करवा रही है कि उनकी समस्याओं का समाधान अब उनके दरवाजे तक पहुंच रहा है।

### संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी और झारखंड नवनिर्माण दल की बैठक कल

**गुमला।** झारखंड विधानसभा चुनाव संबंधी समीक्षा और आगामी रणनीति तैयार करने के लिए संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी और झारखंड नवनिर्माण दल के संयुक्त तत्वावधान में 1 दिसंबर को बैठक होगी। बैठक रांची के रातु प्रखंड स्थित तिलता बगीचा में रखी। इस महत्वपूर्ण बैठक में गुमला जिला सहित दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमुख नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने बताया कि बैठक में विधानसभा चुनाव के अनुभवों की समीक्षा की जाएगी और भविष्य की रणनीति पर चर्चा होगी। खासतौर पर जनमुद्दों को लेकर पार्टी के विस्तार और सांगठनिक मजबूती पर जोर दिया जाएगा। बैठक के बाद दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के विभिन्न जिलों और प्रखंडों में पार्टी के विस्तार की योजना बनाई गई है। संगठन की ओर से जनमुद्दों को प्राथमिकता देकर क्षेत्रीय स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने की तैयारी की जा रही है।

### लायंस क्लब ने 157 सेनेटरी पैड का किया वितरण

**गुमला।** वन जिला, वन एक्टिविटी के तहत शुक्रवार को लायन्स क्लब ऑफ गुमला ने करौन्दी ग्राम के फसिया गांव में महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया। इस पहल के अंतर्गत कुल 157 सेनेटरी पैड वितरित किए गए, ताकि महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान लायन्स क्लब के सदस्यों ने महिलाओं को सेनेटरी पैड के महत्व के बारे में जानकारी दी और इस प्रकार के जागरूकता अभियानों की आवश्यकता पर बल दिया। यह आयोजन स्थानीय महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति उनकी जागरूकता को बढ़ाने में अहम साबित हुआ। लायन्स क्लब के इस कदम से फसिया गांव की महिलाओं को स्वच्छता के महत्व को समझने और अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की प्रेरणा मिली।

*सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक अघोरेश्वर की पुण्यतिथि पर सेवा कार्य आयोजित*

### सदर अस्पताल में मरीजों के बीच किया फल का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक परमपूज्य अघोरेश्वर जी की पुण्यतिथि पर एक विशेष सेवा कार्य का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम समूह की गुमला शाखा के द्वारा आयोजित किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अघोरेश्वर भगवान श्री राम की स्मृति को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस अवसर पर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल और अघोरेश्वर की अमृत वाणी से संबंधित साहित्य का वितरण किया गया। समूह के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से इस कार्यक्रम के दौरान न केवल अस्पताल में भर्ती मरीजों से कुशलक्षेम की जानकारी ली गई बल्कि उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना भी की गई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में समूह की महिला शाखा के द्वारा सैकड़ों जरुरतमंदों के बीच गर्म वस्त्रों का वितरण शाखा परिसर में किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए समूह के सदस्यों ने बताया कि अघोरेश्वर स्वामी ने आजीवन समाज के हर वर्ग के प्रति सेवा और समर्पण का भाव रखते हुए विश्व स्तर पर एक उदाहरण सामने रखने का काम किया है। ऐसे में इस प्रकार के सेवाकार्य के माध्यम से उनके विचारों को आगे बढ़ाने का एक प्रयास किया गया है। मरीजों ने समूह के इस पहल की सराहना करते हुए इसे मानवीय संवेदनाओं का एक अनुकरणीय उदाहरण बताया। कार्यक्रम के दौरान समूह के से संबंधित विपिन सिन्हा, अजय प्रसाद, कृष्णा गुप्ता, संजय महापात्र, सुबोध कुमार दास, सुरेन्द्र सिंह, विजय केसरी, मोहन गोप, अभय कुमार, पंकज कुमार, नीता हरितिमा, गायत्री महापात्र, मीठू सिन्हा, मधु सिन्हा आदि कई लोगों ने अपना विचार साझा किया जबकि समूह से जुड़े तमाम लोगों ने भविष्य में इस प्रकार की सेवाओं को जारी रखने का संकल्प लिया।

### योग गुरु ने छात्राओं का कराया योगाभ्यास

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई।** राजकीय कृत माघी बालिका उच्च विद्यालय सिसई परिसर में योग गुरु गजराज महतो ने छात्राओं के योग, आसन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। सर्वप्रथम देशभक्ति के निमित्त सामूहिक गीत गाकर तन- मन को राष्ट्र सेवा के भाव से जागृत किया। तदुपरांत शरीर के सभी अंगों की आरोग्यता हेतु योगिक- जॉगिंग का 12 आसन कराया। फिर हाथ व पैरों की सुदृढ़ता के लिए सूक्ष्म व्यायाम कराया। तीन जीवन दायिनी प्राणायाम को कराते हुए योग गुरु ने कहा कि, शरीर के सात आंतरिक अंगों को 100 वर्षों तक हमे निरोग रखना है तो प्रतिदिन सुबह दैनिक क्रिया से निवृत्त होकर आज्ञा चक्र में ध्यान केंद्रित कर भस्त्रिका प्राणायाम पांच मिनट करना है। इसके अभ्यास से शरीर के अंदर की 72 हजार नस - नाड़ियां खुल कर सक्रिय हो जाती है। जिससे शुद्ध प्राण वायु के साथ रक्त का एक- एक कतरा हृदय के द्वारा मष्तिक से लेकर पैरों की उंगलियों तक हर पल गतिशील रहता है। जिससे जीवन भर ब्रेन हेम्रेज, पैरालाईसिस (लकवा) जैसे असाध्य रोग नही होंगे। वहीं फेफड़ा, यकृत, हृदय, पेंकरियाज, पवन अंग व दोनों गुर्दे सदा स्वस्थ व दीघार्यु रहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि,आप सभी छात्राऐं अपने साथ परिवार, समाज व राष्ट्र के लिए सर्मपित रहें। आप सभी परिवार की कुशल नेतृत्व कर्ता हैं। अतः आपको तन- मन से स्वस्थ रहना परम आवश्यक है। आप गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ग्रहण कर किताबों की ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान से भी परिपूर्ण हों। आप शक्ति स्वरुपा, देवी दुर्गा, सरस्वती, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फूले, फुलो- झानो बनकर परिवार, समाज, देश का नाम रौशन करने में सक्षम हो।

समापन से पूर्व 24 घंटा आनंदमय व हंसमुख रहने के लिए हास्यासन का अभ्यास कराया गया। आज के योगाभ्यास में प्रधानाध्यापिका- कुंती कुमारी, नेपोलियन महली, नीरज कुमार पांडेय, उषा किरण कुमार, बुसरा परवीन, एकता त्रिपाठी। छात्राएं- खुन्दुश फातमा, बिमला कुमारी, शबनम परवीन, कशिश कुमारी, उर्मिला कुमारी, नैना कुमारी, प्रतिमा कुमारी, जूही कुमारी, उषा कुमारी, फरहिना शम्स, सहित सभी छात्राएं शामिल हुई।

## हिंडालको का सीएसआर पहल

# ग्रामीण विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं का हो रहा सुधार



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के बिशुनपुर प्रखंड के कुंजाम वॉक्साइट खनन क्षेत्र में हिंडालको कंपनी के तहत ग्रामीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। कंपनी द्वारा संचालित इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना है, ताकि स्थानीय समुदाय का समग्र विकास हो सके।

**आवासीय विद्यालय में बिजली कनेक्शन की सुविधा :** हिंडालको सीएसआर के तहत नरमा पंचायत के जोभिपाठ स्थित आवासीय विद्यालय के छात्रावास का जीवनोद्धार कर उसमें बिजली वायरिंग का कार्य पूरा किया गया है। इस पहल के तहत छात्रावास के 30 कमरों, रसोईघर, बाथरूम, शौचालय और हॉल में पंखे और बल्ब जैसे बिजली के उपकरण लगाए गए हैं। इससे अब छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उनकी पढ़ाई में कोई विघ्न नहीं आएगा। यह पहल छात्रों के लिए एक नई ऊर्जा का स्रोत बनी है, जिससे वे अब आरामदायक वातावरण में अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। इसके अलावा, हिंडालको द्वारा जवाडी मध्य विद्यालय में भी जीर्णोद्धार कार्य करवाए गए हैं, जिसमें विद्यालय की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण शामिल है। इस बाउंड्री वॉल से विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है, जिससे बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

**सीएसआर अधिकारी की प्रतिक्रिया :** हिंडालको के सीएसआर अधिकारी मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य स्थानीय समुदायों को बेहतर शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हिंडालको कंपनी का उद्देश्य क्षेत्र में समग्र विकास के लिए कार्य करना है, ताकि ग्रामीणों और छात्रों को उनके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का अवसर मिल सके।

**स्थानीय समुदाय की सराहना :** हिंडालको की इस पहल की स्थानीय ग्रामीणों और छात्रों ने सराहना की और इसके लिए कंपनी का धन्यवाद व्यक्त किया। यह कदम न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देगा, बल्कि छात्रों को भविष्य में एक बेहतर और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर भी प्रदान करेगा। हिंडालको के द्वारा किए गए इस सीएसआर कार्य से न केवल स्कूलों की सुविधाओं में सुधार हुआ है, बल्कि बच्चों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

### छात्रों के बीच साइकिल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड के बालक मध्य विद्यालय, बालिका मध्य विद्यालय, प्लस टू हाई स्कूल, अपग्रेड हाई स्कूल पबेया समेत विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के बीच पहिया योजना के तहत निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-2024 और 2024-2025 के तहत कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्रों को यह साइकिल दी गई। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी विद्यालय तक पहुंच को सुगम बनाना है।

**आचार संहिता के कारण रुका था वितरण :** साइकिल वितरण कार्यक्रम को चुनाव आचार संहिता के चलते अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद इस योजना के तहत साइकिल वितरण का कार्य फिर से शुरू किया गया है।

साइकिल पाकर छात्र-छात्राओं में उत्साह देखा गया। छात्रों ने कहा कि इससे अब उनके स्कूल आने-जाने में सहूलियत होगी, और वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

इस अवसर पर स्कूल प्रशासन ने झारखंड सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण बच्चों के लिए शिक्षा में बड़ी मददगार साबित हो रही है। योजनाओं का क्रियान्वयन सुचारू रूप से जारी रखने का भरोसा भी व्यक्त किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार**
**Email- rdsd.latehar@rediffmail.com**

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– EE/RDSD /LATEHAR/16/2024-25(2ND CALL) Gr_2 जिसका PR NO- 337887 Rural Development (24&25):D है तथा यह दिनांक–03.10.2024 को प्रकाशित हुई थी। इस निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार

PR 340721 Rural Development(24-25).D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम–खुशी परवीन, उम्र–17 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फीट 04 ईंच, पहनावा–उजला रंग का कुर्ती एवं हरा रंग का प्लाजो पहनी हुई है।**

उपरोक्त लापता लड़की खुशी परवीन, उम्र–करीब 17 वर्ष, पिता–शमशाद, सा0–इलाही नगर, जाकिर कॉलोनी रोड नं0–01, थाना– पुन्दाग ओ0पी0, जिला–रॉची, जो दिनांक–13.11.2024 को इरगु टोली किशोरगंज, थाना–सुखदेवनगर, जिला–रॉची से लेक रोड डेली मार्केट स्थित अपने दादी घर के लिए निकली जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में सुखदेवनगर थाना काण्ड संख्या–567/2024, दिनांक–16.11.2024 धारा–137(2)/140 बी0एन0एस0 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**
पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली, रॉची। –9431770077
थाना प्रभारी सुखदेवनगर, रॉची। –9431788800

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR 340826 Police(24-25).D

सुप्रभात

बाहर से ढूंसने से ज्ञान प्राप्त नहीं होता। आपकी 'अंतर्ग्रहणशीलता की शक्ति एवं क्षमता यह निर्धारित करती है कि आप सच्चे ज्ञान की कितनी मात्रा में और कितनी जल्दी ग्रहण कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानन्द, एक "पैरा-ग्राम" में

## संपादकीय

# झारखंड और महाराष्ट्र में जनता के विश्वास की असली कसौटी अब

पिछले पांच साल में महाराष्ट्र में जिस प्रकार की राजनीतिक उठापटक हुई थी, उसके केंद्र में कौन था, यह ठीक ठीक नहीं कहा जा सकता, लेकिन इंडी गठबंधन की मानें तो उसने इसका सारा ठीकरा भाजपा के मत्थे मढ़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। देश के दो राज्यों के साथ कुछ राज्यों के उपचुनाव के परिणाम ने सत्ता पक्ष के प्रति अपना जनादेश दिया है। हर चुनाव में सत्ता के प्रति जनता में किसी न किसी बात पर आक्रोश रहता है, लेकिन महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव में ऐसा कुछ भी दिखाई नहीं दिया। जनता ने फिर से उन्हीं सरकारों को फिर से सत्ता संभालने की जिम्मेदारी दी है, जो सत्ता में थी। खास बात यह है कि महाराष्ट्र और झारखंड में सत्ता धारी गठबंधन को पहले से ज्यादा सीटें मिली हैं। यह जनादेश न तो किसी के उछलने का मार्ग तैयार करता है और न ही किसी को नकारने की स्थिति पैदा करता है। जहां तक खुशियां मनाने की बात है तो महाराष्ट्र में भाजपा नीत गठबंधन जीत की खुशी मना रहा है तो झारखण्ड में इंडी गठबंधन के गले में विजयी माला पहनाई गई है। वहीं उपचुनाव में सबको खुशी और सबक दोनों ही दिए हैं। महाराष्ट्र और झारखंड में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद अपने हिसाब से राजनीतिक विश्लेषण किए जा रहे हैं। राजनीतिक दलों के लिए इन चुनावों में प्रादेशिक रूप से जय और पराजय दोनों ही सन्देश प्रवाहित हो रहे हैं। किसी के लिए खुशी तो किसी के लिए गम की स्थिति पैदा करने वाले परिणाम ने यह तो साबित कर दिया है कि देश में किसी एक राजनीतिक दल का न तो व्यापक प्रभाव है और न ही कम सीट प्राप्त करने वाले को कमतर आंका जा सकता है। इस चुनाव की सबसे खास बात यह मानी जा सकती है कि कोई भी पार्टी अकेले दम पर बहुमत का आंकड़ा प्राप्त नहीं कर सकी, जिससे यह सन्देश निकल रहा है कि अब भविष्य की राजनीति की दिशा और दशा गठबंधन के सहारे ही तय होगी। वर्तमान में राजनीति दो विचार धाराओं के बीच है, जिसमें एक तरफ भाजपा के साथ समन्वय बनाकर चलने वाले राजनीतिक दलों का विचार है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के विचारों से तालमेल रखने वाले दलों की बानगी है। इतना ही नहीं इन चुनावों एक दूसरे के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया गया, वह राजनीतिक हिसाब से भले ही जायज ठहराया जा सकता है, लेकिन आम नागरिकों के समक्ष भ्रम जैसी स्थिति को ही दिखाती हैं। महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम भाजपा के लिए निश्चित ही अच्छे कहे जा सकते हैं, लेकिन झारखंड में सरकार बनाने का सपना लेकर मैदान में उतरी भाजपा को फिर से तैयारी करनी होगी। झारखंड के परिणाम को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति उपजी सहानुभूति को आधार बताया जा रहा है जबकि कल्पना सोरेन द्वारा मइंयां सम्मान योजना का प्रचार किया जाना बड़ा कारण भी था। पिछले दिनों झारखंड में हुए भ्रष्टाचार के आरोप में हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद से अलग होना पड़ा था। जिसके बाद हेमंत सोरेन ने चुनाव में इसी को अपना राजनीतिक हथियार बनाया था और चुनाव में अपने पक्ष में वातावरण बनाया। ऐसा लगता है कि झारखंड में भाजपा अपनी ताकत और कमजोरी को भाँपने में विफल हो गई। झारखंड में भाजपा इतनी अप्रभावी नहीं कही जा सकती, जैसा उसका इस चुनाव में प्रदर्शन रहा है। पिछले विधानसभा के चुनाव में भाजपा के प्रादेशिक नेताओं की तनातनी जगजाहिर थी, जिसका परिणाम भाजपा के लिए ठीक नहीं था। हालांकि इस चुनाव में भाजपा ने पिछली गलती को सुधारने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वह सत्ता की सीढ़ी का निर्माण कर पाने में असफल रही।

# इस बार खास होगा दिल्ली विधानसभा चुनाव


मनोज कुमार मिश्र

देश में होने वाला हर चुनाव खास ही होता है लेकिन महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के करीब दो महीने बाद होने वाला दिल्ली विधानसभा का चुनाव ज्यादा ही खास होने वाला है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे ने देश और खास कर दिल्ली का राजनीतिक समीकरण काफी बदल दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भले भाजपा नंबर एक पार्टी बनी और लगातार तीसरी बार केन्द्र में भाजपा की अगुवाई में राजग सरकार बनी लेकिन भाजपा की सीटें कम होने से विपक्षी गठबंधन के हौसले बुलंद हुए। उसके बाद हुए जम्मू-कश्मीर और हरियाणा के चुनाव में मान लिया गया था कि भाजपा को जीत नहीं मिलेगी। जम्मू एवं कश्मीर में भी भाजपा का प्रदर्शन बेहतर हुआ और हरियाणा में अप्रत्याशित ढंग से भाजपा सारे चुनावी विश्लेषकों के दावों की धज्जियां उड़ा कर पहले से ज्यादा सीटें लेकर सत्ता में आई। सत्ता की दावेदार मानी जा रही कांग्रेस को तो भारी सदमा लगा ही हरियाणा में चमत्कार करने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी (आआपा) को भी भारी झटका लगा। आआपा के संयोजक और सर्वमान्य नेता अरविंद केजरीवाल समेत पार्टी के कई नेताओं को शराब घोटाले के आरोप में जेल जाना पड़ा और वे काफी प्रयास करके सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर आ पाए। कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाली पार्टी के सामने अपने वजूद को बचाने की चुनौती है। यह चुनौती इसलिए भी बढ़ गई है कि हरियाणा के मूल निवासी केजरीवाल यहां अपनी पार्टी के किसी उम्मीदवार को जीत दिलाना तो दूर पार्टी को दो फीसदी वोट भी नहीं दिलवा पाए।

दिल्ली पर जिन राज्यों का सर्वाधिक प्रभाव है उसमें एक हरियाणा है। वहां भाजपा के तीसरी बार सरकार बनने के मायने गंभीर हैं। इससे दिल्ली में कांग्रेस की उपस्थिति की उम्मीद पर पानी फिरता दिख रहा है, आआपा को भी 2015 और 2020 के नतीजे दुहराने के लिए कठिन मेहनत करनी होगी। भाजपा दिल्ली की लोक सभा की सभी सीटें लगातार तीसरी बार जीत गई। भले केजरीवाल के मुकाबले उसके पास स्थानीय स्तर पर कोई दमदार नाम न हो लेकिन माहौल भाजपा के अभी खिलाफ भी नहीं लग रहा है। लगातार दो बार दिल्ली विधान सभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने वाली आआपा ने दिल्ली के बाद पंजाब और दिल्ली नगर निगम चुनाव जीतने के बाद न केवल राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा पाया बल्कि अपने को भाजपा के वैकल्पिक दलों में शामिल करवा लिया। पिछले तीन सालों में आआपा के कट्टर ईमानदार होने के दावे को शराब घोटाले में




संलिप्तता के आरोपों से भारी नुकसान पहुंचा है। केजरीवाल समेत आआपा के सभी नेता केन्द्र की भाजपा सरकार पर केन्द्रीय जांच एजेंसियों से प्रताड़ित कराने का आरोप लगाते रहे हैं। इसे उन्होंने लोक सभा से लेकर हरियाणा विधान सभा चुनाव में मुद्दा बनाया। इसका लाभ उन्हें दोनों चुनावों में नहीं मिला। जेल से बाहर आकर केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद छोड़ कर अपने सहयोगी आतिशी को मुख्यमंत्री बनाया। वे फिर से दिल्ली जीतने की रणनीति में जुट गए हैं। हरियाणा के चुनाव से पहले जो वातावरण बना था, उसे हरियाणा विधानसभा चुनाव नतीजों ने बदल दिया। इस मई में हुए लोक सभा चुनाव में भाजपा की सीटें कम आई। भले उसकी केन्द्र में सरकार बन गई लेकिन भाजपा नेताओं के हौसले पस्त दिखने लगे थे। उसी तरह दिल्ली में कोई सीट न जीतने के बावजूद कांग्रेस और आआपा के हौसले बढ़ गए थे। चुनाव पूवार्नुमानों के उत्साह में कांग्रेस और आआपा अकेले चुनाव लड़े। कांग्रेस को तो भाजपा के 48 के मुकाबले 37 सीटें मिल गई लेकिन आआपा को दो फीसदी से भी कम उसे वोट मिले।

दिल्ली का राजनीतिक समीकरण लगातार बदलता रहा है। 1483 वर्ग किलोमीटर की दिल्ली आजादी से पहले तीन सौ से ज्यादा गांवों और मुगल बादशाह शाहजहां के बसाए शाहजहांनाबाद (पुरानी दिल्ली) के लोगों की थी। देश के विभाजन के बाद बड़ी तादाद में पाकिस्तान से हिंदू और सिख शरणार्थी आए। देश की राजधानी होने के चलते बड़ी तादाद में केन्द्र सरकार के कर्मचारी देशभर से आए। उसी तरह बेहतर शिक्षा के लिए देश के पिछड़े राज्यों से विद्यार्थी आए। उत्तराखंड और पड़ोस के राज्यों से पलायान भी तभी शुरू हो गया था लेकिन बड़े पैमाने पर पलायन 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के लिए हुए निर्माण कार्यों में मजदूरों की जरूरत से हुआ।

कुछ सालों तक बाहर से आने वाले केवल दिल्ली में काम के लिए आते थे और उनका स्थायी निवास अपने मूल स्थान पर होता था। वे वहीं के मतदाता थे। दूसरी पीढ़ी आने के बाद वे दिल्ली और आसपास के इलाकों (एनसीआर) के मतदाता बने और तीसरी पीढ़ी आने के बाद तो वे सत्ता को प्रभावित करने लगे। पहले हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान आदि प्रदेशों के मूल निवासी दिल्ली में चुनाव लड़ने और जीतने लगे और फिर वह दौर आ गया जब बिहार मूल के महाबल मिश्र और मनोज तिवारी दिल्ली के सांसद बन गए। मनोज तिवारी को तो एक खास वर्ग की पार्टी कही जाने वाली भाजपा ने अपना प्रदेश अध्यक्ष बनाया। यह संख्या और अनुपात लगातार बढ़ता जा रहा है। जो हाल अभी दिल्ली का दिख रहा है यही हरियाणा और पंजाब का भी हो गया है। इसे राजनीतिक कारणों से भले अभी नहीं स्वीकारा जा रहा है लेकिन अगले कुछ सालों में इसे सभी स्वीकारेंगे। अभी हरियाणा विधान सभा चुनाव में कांग्रेस एक जाति विशेष का दबदबा मान कर उसी को साथ लेने में लगी रही और बाकी जातियों ने प्रतिक्रिया में भाजपा को जिता दिया।

दिल्ली में भी आआपा के ताकतवर होने का एक कारण तो फ्री बिजली-पानी देना है लेकिन दूसरा बड़ा कारण खुले मन से प्रवासियों को साथ लाना है। यह काम पहले कांग्रेस करती थी। उसे लगातार दिल्ली में जीत मिलने के बाद लगा कि अब तो प्रवासी उनके स्थाई मतदाता बन गए। उन्होंने उनको महत्व देना कम किया तो उनकी जगह आआपा ने ले लिया। दिल्ली का हर पांचवां मतदाता पूर्वांचल (बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर मूल) का प्रवासी है। उनके समर्थन के बिना दिल्ली नहीं जीती जा सकती। राजनीति के खेल में कई रिकार्ड बनाने वाले आआपा संयोजक और अब दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री बन गए अरविंद केजरीवाल के सामने अपनी और अपनी पार्टी की साख (यूएसपी) बचाने का संकट है। कट्टर ईमानदार होने का दावा करने वाले केजरीवाल और उनकी पार्टी पर भ्रष्टाचार का केवल आरोप नहीं लगा है बल्कि शराब घोटाले के आरोप में केजरीवाल समेत अनेक बड़े नेता जेल भी गए। केजरीवाल को करीब छह महीने जेल में रहने के बाद इसी 13 सितंबर को सशर्त जमानत मिली। उन्होंने शहीदाना अंदाज में अपने पद से इस्तीफा देकर अपनी सहयोगी आतिशी मार्लेन (मार्क्स और लेनिन का संक्षेप) सिंह को मुख्यमंत्री बनाया। घोषणा कर दी कि लोगों की नजरों में आरोप मुक्त होने के बाद ही वे और उनसे पहले उसी तरह की शर्तों के साथ जमानत पाए उप मुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया कोई सरकारी पद नहीं लेंगे। मुख्यमंत्री बनने के साथ ही आतिशी ने कहा कि वे तो दिल्ली विधान सभा चुनाव तक यानी केवल चार महीने के लिए मुख्यमंत्री हैं। उसके बाद फिर से अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बनेंगे। वे तो मुख्यमंत्री दफ्तर में केजरीवाल की कुर्सी के बजाए बगल में दूसरी कुर्सी पर बैठ रही हैं। जिसे भाजपा और विपक्षी दल राजनीतिक नाटक कह रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा चुनाव फरवरी, 2025 में होने वाले हैं। केजरीवाल इस बात को छुपा रहे हैं कि सुप्रीम कोर्ट के शर्तों में एक शर्त यह भी है कि वे न तो सचिवालय जा सकते हैं और न ही कोई सरकारी फाइल देख सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लोक की बात

# लोक प्रेरक के रूप में लोक संचारी नारद की आवश्यकता


संजय गोस्वामी

वर्तमान में नारद मुनि के संदेश की आवश्यकता है नारद (नार का अर्थ है ज्ञान और दा का अर्थ है दाता या प्रदाता) एक लोक संचारी या एक सार्वभौमिक पर्यटक के रूप में लोकप्रिय हैं। वे या एक प्रेरक के रूप में भी लोकप्रिय हैं, लेकिन उनका अंतिम उद्देश्य हमेशा लोक कल्याण या सार्वभौमिक लाभ के लिए होता है। ब्रह्मा के मानस पुत्र या मन से जन्मे पुत्र के रूप में जन्म लेने के समय भी नारद माया से ग्रसित थे, क्योंकि ब्रह्मा ने पुत्र से गृहस्थ बनने और संतान उत्पन्न करने के लिए कहा, लेकिन नारद ने स्पष्ट रूप से मना कर दिया; उन्होंने कहा: क्या कोई मूर्ख होगा जो कृष्ण की सेवा के उत्कृष्ट अमृत को छोड़कर संसार नामक विष का पान करे! ब्रह्मा बहुत निराश हुए और स्पष्ट रूप से क्रोधित हुए, खासकर तब जब नारद के पहले के भाई अर्थात सनक-सनन्दन-सनातन और सनत कुमारों ने भी विनम्रतापूर्वक गृहस्थ बनने से इनकार कर दिया और नारद की प्रतिक्रिया पिता के प्रति उनके सम्मान की अधिक मुखर उपेक्षा थी! तब ब्रह्मा ने नारद को एक योगी बनने का श्राप दिया; एक चंचल, चंचल और स्वप्निल व्यक्ति जो तुच्छ स्वभाव का हो; श्रृंगार (रोमांस) और संगीत में लिप्त हो; एक वीणा वादक, एक बातूनी घुमक्कड़; एक दासी का पुत्र, और बार-बार जन्म लेने के बाद अंततः वह ब्रह्मा के पास लौटेगा और एक परम ज्ञानी बन जाएगा! ब्रह्मा के इस तरह के शापों से नारद अचंभित रह गए और पिता से जतिस्मरा अर्थात पिछले जन्मों की स्मृति रखने और नारायण के कट्टर भक्त होने का आशीर्वाद देने के बाद उन्होंने ब्रह्मा को भी शाप दिया कि अगले तीन कल्पों तक पूरे ब्रह्मांड में उनकी पूजा स्त्रोत, कवच, मंत्र, पूजा, व्रत या अग्नि होमा के माध्यम से नहीं की जाएगी! नारद का पुनर्जन्म गंधर्व राजकुमार के रूप में हुआ जिसका नाम उपबर्हण था - जिसका शाब्दिक अर्थ है भक्ति वाला। उनका विवाह एक अन्य गंधर्व राजा की पचास बेटियों से हुआ और उनकी पत्नियों में सबसे बड़ी मालवती एक प्रख्यात पतिव्रता थीं। हालाँकि उन्हें रंभा से एक तुच्छ प्रेम था और इस अविवेक के लिए ब्रह्मा ने उन्हें मृत्यु के योग से अपना जीवन समाप्त करने का शाप दिया; इस प्रकार उन्होंने छह चक्रों को तोड़कर योग का अभ्यास किया (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत, विशुद्ध और आज्ञा) और सोलह नाड़ियाँ (इडा, सुषुम्ना,मेधा, पिंगला, प्राणहारिणी, सर्व ज्ञानप्रदा, मनः संयमनी, विशुद्ध, निरुद्ध, वयसंचारिणी, ज्ञान जृम्भारण कारिणी, सर्व प्राणाहार और पुनर्जीवनकारिणी) और योग की मृत्यु हो गई। नारद के जीवन का एक प्रसंग दक्ष प्रजापति द्वारा उन्हें गृहस्थ बनने के श्राप से संबंधित है, क्योंकि नारद ने प्रजापति की संतान हर्यस्व को संसार या पारिवारिक जीवन से दूर रहने का निर्देश दिया था। नारद और देवर्षि पर्वत एक बार भूलोक की यात्रा पर गए और वर्षा ऋतु के चातुर्मास के कारण राजा संजय के यहां उनके मूल्यवान अतिथि के रूप में रुके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# भारत की पहली लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल


डॉ सत्यवान सौरभ

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 12 नवंबर 2024 को अपनी लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया। पहली उड़ान ओडिशा के तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से एक मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर से हुई। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट, बेंगलुरु द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल आधुनिक सैन्य शस्त्रागार में अत्यंत महत्वपूर्ण है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल को मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल का उपयोग करता है, जो इसके परिचालन लचीलेपन को और बढ़ाता है। इसे मोबाइल ग्राउंड-आधारित सिस्टम और फ्रंटलाइन जहाजों दोनों से लॉन्च करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह मिसाइल की बहुमुखी प्रतिभा और सटीकता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न गति और ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए जटिल युद्धाभ्यास करने में भी सक्षम है। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल अत्याधुनिक एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से लैस है जो इसे और विश्वसनीयता बनाता है। ये मिसाइलें आमतौर पर सबसोनिक होती हैं और इलाके से सटे उड़ान पथों का अनुसरण कर सकती हैं, जिससे उनका पता लगाना और उसे रोकना मुश्किल हो जाता है, इस प्रकार दुश्मन की सुरक्षा भेदने में इससे रणनीतिक लाभ मिलता है। इसे बेंगलुरु में डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वारा विकसित किया गया है, लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल विभिन्न डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के बीच सहयोग का परिणाम है। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने पहले एलआरएलएसीएम को एक मिशन मोड प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी थी, जिसे स्वीकृति की आवश्यकता (एओएन) प्रक्रिया के तहत मंजूरी दी गई थी। मिसाइल के सफल परीक्षण को भारत की रक्षा क्षमताओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर माना जाता है, विशेष रूप से लंबी दूरी के सटीक हमलों के क्षेत्र में। लॉन्ग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल के अन्य उदाहरणों में यूएस टॉमहॉक और रूस की कैलिबर शामिल हैं, दोनों ही सटीक, लंबी दूरी के हमलों में अपने उपयोग के लिए जाने जाते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**मानव का मन प्रसारण की मशीनों में से सबसे अधिक शक्तिशाली है। यदि आप सकारात्मक विचारों का प्रेम के साथ निरंतर प्रसारण करते हैं, तो वे विचार दूसरों पर प्रभाव डालेंगे।**

# नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना


श्री श्री परमहंस योगानंद

एक ग्रहणशील व्यक्ति को सुधारने के लिए प्यार से एक दृष्टि का या संकेत का प्रयोग करें, परन्तु सुधरने के लिए उसे बाध्य न करें, और चाहे आप चुप रहें, तो भी आलोचनात्मक विचारों को निरन्तर न बनाए रखें। कभी-कभी विचार शब्दों से अधिक प्रभावशाली हो सकते हैं। मानव का मन प्रसारण की मशीनों में से सबसे अधिक शक्तिशाली है। यदि आप सकारात्मक विचारों का प्रेम के साथ निरन्तर प्रसारण करते हैं, तो वे विचार दूसरों पर प्रभाव डालेंगे। (इसी प्रकार, यदि आप ईर्ष्या या घृणा का प्रसारण करते हैं, तो दूसरे लोग उन विचारों को प्राप्त करते हैं और उनके अनुसार प्रतिक्रिया करते हैं।) अपने प्रयासों के पीछे ईश्वर को अपनी शक्ति लगाने के लिए प्रार्थना करें। उदाहरण के लिए, यदि, पति रास्ते से भटका हुआ है, तो पत्नी को ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए: प्रभो! मेरे पति की सहायता करने में मेरी सहायता करें। ईर्ष्या और द्वेष के सभी धब्बों को मेरे हृदय से बाहर रखें। मेरी प्रार्थना केवल इतनी है कि वे अपनी गलती का अनुभव करें और बदल जाएँ। प्रभो! उनके साथ रहें; और मुझे अपनी भूमिका निभाने के लिए आशीर्वाद दें। यदि ईश्वर के साथ आपका सम्पर्क गहरा है तो आप उस व्यक्ति को बदलता हुआ देखेंगे। प्रत्युत्तर में प्रहार करना आसान है, परन्तु प्रेम देना अपने शत्रु को निरस्त्र करने का उच्चतम तरीका है।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**तुम तो वो थे, जो कभी हुए न होंगे लोग।**
**सच तो यह, इतिहास का, यह भी एक प्रयोग।।**

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## आपकी बात

# हमारी टोंगरियां अब परिवार से बाहर होने लगी हैं


केदार नाथ दास
बसिया।

हिमालय की गोद में बसे कई गांवों एवं कस्बों में भवन निर्माण, भवनों के विस्तारीकरण व जीर्णोद्धार पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इनमें से ख्यातिप्राप्त पर्यटन स्थल के तौर पर अपनी पहचान करनेवाले कसौली गांव के एक बड़े भूभाग पर तो लाउडस्पीकर, टेपरिकार्डर, रेडियो बजाने व किसी भी माध्यम से संगीतों के प्रसारण तक को प्रतिबंधित श्रेणी में रखा गया है। इसका उद्देश्य साफ है कि किसी भी प्रकार से प्रकृति की नैसर्गिकता को कोई नुकसान न पहुंचे। यह कस्बा हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में है और इस कस्बे का यह निर्णय प्रकृति के प्रति संजीदगी का आभास कराते हुए अपनी खामोशी में बहुत कुछ कह जाता है। ऐसा इसलिए कि कस्बे के इस एक निर्णय में उनके अर्थतंत्र के साथ साथ तमाम तरह के सामाजिक सांस्कृतिक सरोकार तक समाये हुए हैं। हमारे पठार के आलोक में देखें तो निसंदेह यह एक अनुकरणीय पहल है क्योंकि प्रकृति के अनवरत आशीर्वाद से अपना झारखंड भी नैसर्गिक सौंदर्य के पर्याय रहा है। कल तक हमारे यहाँ भी उंचे, घने और बड़े बड़े जंगल हुआ करते थे। हमने इनकी अंधाधुंध कटाई की और अपनी माटी को कंक्रीट के जंगलों में परिवर्तित करने में जुटते चले गए। इतने से भी मन नहीं भरा तो नतीजों की परवाह किए बगैर इन महलों के लिए अपने चट्टानों को भी चट करने का संकल्प ले लिया। शायद हमारे नीति नियंताओं को भी यह मालूम नहीं है कि इन चट्टानों के साथ झारखंड सदियों से आम लोगों का पारिवारिक संबंध रहा है और ऐसा सदियों से रहा है। यदि ऐसा कुछ नहीं होता तो वृक्षों के साथ साथ गांव की सीमा से लगे इन पहाड़ियों या टोंगरी का हम नामकरण ही क्यों करते? इतना ही नहीं, इन टोंगरियों को साक्षी मानकर डाईर, इंद व मेला आदि सांस्कृतिक-सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन ही क्यों करते और क्यों गांव में पहाड़ पूजा का कार्यक्रम रखते? ऐसे कई सवाल हैं जिनका उत्तर आज किसी के पास नहीं है। आज इस खौफनाक तथ्य का हमारे पास नहीं कोई जवाब नहीं है कि क्यों हम निरंतर अपने इन धरोहरों की नृशंस हत्या किये चले जा रहे हैं? उल्लेखनीय है कि हमने जंगलों को ठूंठ बना दिया है फिर भी संभावना बची हुई है कि इसे लगाकर पुनः अपनी गांव की सीमाओं को हरा भरा कर लेंगे। सबकुछ लुटने के बाद इस संभावना के समाधान को लेकर एक जागरूक समाज का उदय भी हो रहा है परन्तु क्या यह संभव है कि बेतरतीब पत्थरों की कटाई छंटाई के बाद हम पुनः अपने आराध्य टोंगरियों की पुनर्स्थापना कर पाएंगे? ऐसा कतई संभव नहीं है फिर भी अपने खुद के टोंगरियों के बेतरतीब दोहन लगे हुए हैं। इसके परिणाम सामने आ भी रहे हैं और हमारे देखते देखते अब कई पहाडियों या टोंगरियों का नामोनिशान तक मिट चुका है। इनके अवसान के साथ अब माघ मेला, इंद, डाईर, पहाड़ पूजा आदि कई आयोजन विरल हो चले हैं। अब आप टोंगरियों से जुड़े अपनी स्मरणशक्ति व गुदगुदाते मन को दिलासा देते रहें और मन को ढाढस देते रहें परन्तु सच तो यही है कि आज की हकीकत बदल चुकी है। वस्तुतः हमारी टोंगरियों का आकर्षण और तत्संबंधी परंपरा अब अंतिम सांसे गिन रहा है। छिटपुट कहीं यह जीवित भी है तो इसका स्वरूप बदल चुका है और आत्मीयता का आत्मविश्वास पूर्णतः व्यावसायिक हो चला है।

**(ये लेखक के नीजी विचार हैं)**



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : **news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com**
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


# संभल हिंसा के बाद जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

एजेंसी। लखनऊ




उत्तर प्रदेश संभल में शाही जामा मस्जिद में पिछले दिनों हुई हिंसा के बाद जुमे की नमाज को लेकर पूरे राज्य में हई अलर्ट था। संभल की शाही मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज से पहले मस्जिद और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। हालांकि यहां पर नमाज शांतिपूर्ण ढंग से निपट गई। राज्य के हर जिले में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए फ्लैग मार्च किया और पूरे इलाके में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने कि सभी जगह शांति है और सुरक्षा बैठकें हो चुकी हैं। कोई समस्या नहीं है, आराम से जुमे की नमाज अदा करवाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी लोग सहयोग कर रहे हैं और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से मजबूत है। शुक्रवार की नमाज को लेकर किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने के लिए पुलिस और प्रशासन ने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। उधर वाराणसी के यूपी कॉलेज में शुक्रवार को काफी संख्या में लोग नमाज पढ़ने आए। कड़ी सुरक्षा के बीच नमाजी अन्दर गए फिर बाहर आए। मस्जिद के इमाम गुलाम रसूल ने बताया कि हर बार की तरह यहां भीड़ को लेकर किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हुई। मैं 17 वर्ष से नमाज पढ़ा रहा हूं। जुमे के दिन काफी भीड़ होती है। वक्फ बोर्ड के मामले की कोई जानकारी नहीं है। एक अन्य नमाजी ने बताया कि यह रेवेन्यू रिकॉर्ड और सरकारी दस्तावेज का मामला है। उन्होंने बताया कि यूपी कॉलेज और वक्फ बोर्ड का मामला आया है। जिसमें हमारे मजार और मस्जिद हैं। यह मस्जिद नवाब टोक के जमाने से है। उसके बाद 1291 बदोबस्त कोई देख लें। इस मस्जिद के सारे कागज हैं। हम वक्फ बोर्ड के साथ हैं। यह नवाबों की जमीन है। इसके पूरे कागज हैं। यह मस्जिद पुराने समय से है। वक्फ बोर्ड में सारे कागज को लेकर जाएंगे। उधर अमरोहा में हिंसा के बाद अलर्ट रहा। यहां पर मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात रही। सिविल ड्रेस में पुलिस बल तैनात रहे। ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी की जा रही थी। संभल में हुई घटना के बाद जनपद बहराइच में भी बड़े पैमाने पर पुलिस फोर्स के द्वारा पूरे शहर में रूट मार्च किया गया।

## यूपी सरकार संभल में शांति- सद्भाव बनाए रखे : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हाल ही में हुए विवाद को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से शांति और सद्भाव सुनिश्चित करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह किसी भी तरह के उत्पात और हिंसा के खिलाफ है। अदालत ने कहा कि राज्य सरकार को शांति बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने होंगे। साथ ही, कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि विवाद से उत्पन्न तनाव को जल्द सुलझाया जाए और इलाके में सामाजिक सौहार्द बनाए रखा जाए। संभल मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश जारी करते हुए कहा कि सर्वे रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की जाए और इसे सील बंद लिफाफे में रखा जाए। कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को यह भी अवसर दिया कि वह निचली अदालत के आदेश को उच्च अदालत में चुनौती दे सकते हैं। अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसमें अदालत ने शांति बनाए रखने के प्रति अपनी चिंता जताई। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि जब तक इलाहाबाद हाई कोर्ट का निर्देश नहीं आता, तब तक ट्रायल कोर्ट की प्रक्रिया को रोक दिया जाए।

## देश को आगजनी से बचाने के लिए लोगों को तुरंत जेल में डालें : अबरार जमाल



सहारनपुर। जमीयत हिमायतुल इस्लाम के राष्ट्रीय अध्यक्ष कारी अबरार जमाल ने संभल हिंसा पर कहा कि देश को अगर आगजनी से बचाना है तौकीर रजा जैसे लोगों को तुरंत जेल में डाला जाए। कारी अबरार जमाल ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में संभल हिंसा पर कहा कि यह घटना निंदनीय है। इसकी भरपाई नहीं की जा सकती। यह घटना एक दिन की नहीं है। यह रामलीला मैदान और गांधी स्टेडियम का गुस्सा है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने पुलिस प्रशासन, सरकार और सिस्टम को लेकर नौजवानों के भीतर नफरत फैलाई है। नौजवानों का यह गुस्सा बाहर आ रहा है। उन्होंने कहा कि नौजवानों को धर्म के नाम पर भड़काया जा रहा है। ओवैसी, तौकीर रजा और मौलाना अरशद मदनी जैसे लोग नौजवानों को भड़का रहे हैं। मौलाना ने कहा कि सरकार अगर देश को आगजनी से बचाना चाहती है तो तौकीर रजा जैसे लोगों पर तुरंत एफआईआर कर जेल में डाले। तब देश में शांति का माहौल हो सकता है।

## अभिनंदन

### जशोदा बेन पहुंचीं उज्जैन, किए भगवान महाकाल के दर्शन



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पत्नी जशोदा बेन शुक्रवार को उज्जैन पहुंचीं। यहां उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजन अर्चन किया। उन्होंने भोग आरती के बाद मंदिर के गर्भगृह की देहरी से पूजन कर दर्शन किए। बाद में उन्होंने कुछ देर नंदी हॉल में बैठकर ध्यान भी लगाया। उनके साथ परिवार के अन्य लोग भी थे। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित अर्पित गुरु ने बताया कि जशोदा बेन शुक्रवार को महाकालेश्वर मंदिर आई थीं। उन्होंने जल द्वार से प्रवेश कर देहरी से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां बाबा महाकाल के चांदी द्वार पर माथा टेककर पूजन-अर्चन और जलाभिषेक किया। पुजारियों ने आशीर्वाद स्वरूप जशोदा बेन को भगवान महाकाल पर चढ़ा हुआ वस्त्र और पुष्प माला दी। इसके बाद उन्होंने नंदी हॉल में जाकर नंदीजी के कानों में अपनी मनोकामनाएं कहीं और ध्यान लगाया। यहां मंदिर समिति ने उनका सम्मान भी किया। जशोदा बेन इसके पहले भी कई बार बाबा के दर्शन करने आ चुकी हैं। इस बार उनकी धार्मिक यात्रा में परिवार के कुछ सदस्य भी थे।

## 2027 में इससे भी बड़ी होगी भाजपा की विजय : सीएम योगी

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में उपचुनाव में विजयी नवनिर्वाचित विधायकों के अभिनंदन समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों, पार्टी कार्यकतार्ओं, मंत्रियों और पदाधिकारियों को उपचुनाव के दौरान मिले दायित्वों को लेकर की गई कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहा। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि टीम भावना और एकजुटता के साथ कार्य करने से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। सीएम योगी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि उपचुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से विपक्षी दल भयभीत हो गए हैं। वो अब बस आरोप ही लगा सकते हैं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इससे भी बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन और नेतृत्व में एनडीए ने हरियाणा में हैट्रिक लगाई, महाराष्ट्र में भारी बहुमत हासिल किया और उत्तर प्रदेश उपचुनाव में 9 में से 7 सीटों पर विजय प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने कहा, हमने चुनाव से पहले ही सात सीटें जीतने की रणनीति बनाई थी, जिसे संगठन और कार्यकतार्ओं ने जमीन पर उतरकर सफल बनाया। योगी ने कुंदरकी और कटेहरी जैसी कठिन सीटों पर जीत को पार्टी की रणनीति और कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जहां लोग जीत की संभावना पर सवाल उठाते थे, वहां भाजपा ने न केवल जीत हासिल की, बल्कि अपनी स्थिति और मजबूत की। कुंदरकी में 1.45 लाख वोटों से रिकॉर्ड तोड़ जीत इसका उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने पार्टी की विचारधारा और कार्यकतार्ओं के प्रति समर्पण पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा हर चुनौती को अवसर में बदलने का माद्दा रखती है। उन्होंने सातों विधानसभा में मिली जीत को कार्यकतार्ओं और नेताओं के मजबूत प्रयास का नतीजा बताया।



## नालंदा में पराली जलाने के आरोप में किसान पर एफआईआर

**बिहारशरीफ।** बिहार में पराली जलाने को लेकर अब एक्शन शुरू है। इसके तहत नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में पराली जलाने के मामले में एक किसान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। हरनौत प्रखंड के चखमिंद पंचायत के बिरजू मिल्की गांव निवासी रामजी सिंह ने चखमिंद गांव के खेत में धान की कटाई के बाद एक बीघा जमीन पर पराली जलाई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बिहार शरीफ ने रामजी सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह कार्रवाई पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान को रोकने और किसानों को जागरूक करने के लिए की गई है।

## बिहार विधानसभा में स्मार्ट मीटर को लेकर जोरदार हंगामा

एजेंसी। पटना



बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन (शुक्रवार) स्मार्ट मीटर को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। इस बीच, प्रश्न काल में कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने पूछा, 18 लाख स्मार्ट मीटर में से कितने की जांच की गई। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि आप हमें बताइए कि कितने मीटर खराब हैं। जब इंसान बीमार पड़ सकते हैं, तो मीटर क्यों नहीं? वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के विधायक पोस्टर बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे। इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों ने राबड़ी देवी की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया। राबड़ी देवी ने पत्रकारों से कहा, इस सरकार में बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। अगर यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में पूरी तरह से असमर्थ है, तो फिर सरकार का क्या मतलब रह जाता है। उन्होंने आगे कहा, जनता मतदान करके सरकार का चयन करती है, ताकि उनके हितों में कदम उठाने वाला कोई हो।

## उद्धव ठाकरे की अगुवाई में अकेले लड़ते तो बेहतर परिणाम आता : आनंद दुबे



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता आनंद दुबे ने शुक्रवार को कहा कि विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद चिंतन मंथन का सिलसिला जारी है। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर कहां पर चूक हुई है? जहां कहीं भी चूक हुई है, उसे हम सुधारने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ कार्यकतार्ओं का यह दावा है कि अगर हम अकेले लड़ते या उद्धव ठाकरे का नाम पहले ही मुख्यमंत्री पद के लिए आगे कर दिया जाता, तो आज हम निश्चित तौर पर चुनाव में बेहतर परिणाम प्राप्त कर पाते। मुझे लगता है कि यह कार्यकर्ता बिल्कुल ठीक कर रहे हैं। उन्होंने महाविकास अघाड़ी में खटपट की बातों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, कि हम एकजुट हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## ईडी ने डेयरी कंपनी के पूर्व प्रमोटरों के 1.3 करोड़ रुपये किए जब्त

एजेंसी। नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने डेयरी कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रमोटरों के ठिकानों पर छापेमारी के बाद 1.3 करोड़ रुपये की नकदी और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साक्ष्य जब्त किए हैं। ईडी ने यह कार्रवाई 1400.62 करोड़ रुपये के कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की है। ईडी ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि उसने डेयरी कंपनी क्वालिटी लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों के ठिकानों पर छापेमारी के बाद 1.3 करोड़ रुपये की नकदी और मुखौटा कंपनियों से जुड़े साक्ष्य जब्त किए हैं। एजेंसी ने इस मामले में 27 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें तत्कालीन निदेशक संजय ढींगरा और सिद्धांत गुप्ता और उनसे संबंधित अन्य फर्जी कंपनियों से जुड़े 15 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान 1.3 करोड़ रुपये की नकदी और विभिन्न अपराध-संकेती साक्ष्य बरामद कर जब्त किए गए हैं। कार्रवाई के दौरान लगभग 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की लग्जरी कारें और डीमैट खाते भी मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत फ्रीज किए गए हैं। दरअसल क्वालिटी लिमिटेड का परिसमापन (लिक्विडेशन) हो चुका है। ये कंपनी अब नए मालिकों के पास है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने ये कार्रवाई सितंबर 2020 में सीबीआई की ओर से उक्त प्रमोटरों और क्वालिटी लिमिटेड के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर की गई है, जो दूध, आइस्क्रीम और अन्य डेयरी उत्पादों के प्रसंस्करण एवं व्यापार में लगी हुई थी।

## महाकुंभ 2025 विशेष : श्रद्धालुओं के स्वागत में महकेगी प्रयाग की गली-गली

एजेंसी। प्रयागराज



महाकुंभ शुरू होने से पहले ही प्रयागराज आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर योगी सरकार ने जमीनी स्तर पर इंतजाम शुरू कर दिए हैं। इसके लिए 24 घंटे काम जारी है। इसी क्रम में यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पहली बार एक खास इंतजाम किया जा रहा है, जिसे देख पर्यटक खासे रोमांचित नजर आएंगे। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए इस बार पूरे प्रयागराज को फूलों की खुशबू से महकाने की योजना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार महाकुंभ में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बड़े पैमाने पर पुष्प वाटिकाएं और रंग-बिरंगे पौधे क्यारियों और गमलों में लगाए जाने हैं। इसके लिए 7 करोड़ 55 लाख 18 हजार रुपये का बजट रखा गया है। इसके अंतर्गत 26,225 गमलों में मौसमी फूल सजाए जाएंगे। इसके अलावा बड़े पैमाने पर फ्लावर बेड तैयार कर उनकी प्रदर्शनी लगाई जाने की योजना है। मेला क्षेत्र में गंगा किनारे विशेष सजावटी पौधे लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं। यहां फूलों के पौधों की बड़ी मांग है। महाकुंभ को लेकर पूरे प्रयागराज को सुंदर और सुगंधित बनाने के लिए अयोध्या और काशी की नर्सरियों को बड़े पैमाने पर फूलों और सजावटी पौधों के ऑर्डर दिए गए हैं। इस समय मेला के अलावा शहर के प्रमुख स्थलों, पार्कों, सड़कों, चौराहों, एयरपोर्ट और हाईकोर्ट की सजावट में इन पौधों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके साथ ही महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले सैलानियों के आकर्षण के लिए प्रयागराज की गली-गली में सजावट के लिए फूलों के गमले रखने का काम भी शुरू हो गया है। इस वर्ष महाकुंभ के लिए खासतौर पर गुलाब, डहेलिया, जूही, मेरीगोल्ड, कामिनी, चांदनी, गुलदावरी, नेरियम और गेंदा के विभिन्न किस्मों की मांग है। साथ ही, सजावटी पौधों में एरिका पॉम, स्पाइंडल लिली, पीस लिली, बम्बू, धन लक्ष्मी, विष्णु कमल, और रेड मंचीरा शामिल हैं।

कार्यालय:-जिला पशुपालन पदाधिकारी, गढ़वा।

-: कार्यालय आदेश :-

विभागीय आदेश सं० SAWBJ (Pet Shop & Dog Breeding Reg.) 03/2023-129 दिनांक:-30/08/24 के आदेश के आलोक में गढ़वा जिलान्तर्गत निबंधित/गैर निबंधित Pet Shop एवं Dog Breeding Center को सूचित करना है कि अपने संस्था का पंजीकरण/Renewal "राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची" से करना अनिवार्य है।

अतः सभी Pet Shop एवं Dog Breeding Center, गढ़वा को आदेशित करना है कि अगले एक सप्ताह के अन्दर अपने संस्था का पंजीकरण कराते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सूचित करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा नियमानुसार उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 340773 Animal Husbandry(24-25)D

कार्यालय: अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी
पलामू-सह-गढ़वा-सह-लातेहार, पलामू

प्रेस विज्ञप्ति

श्री छोटेलाल बाबु, लिपिक, कार्यालय अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, पलामू सह गढ़वा सह लातेहार वर्तमान पता पिता-स्व0 परिबल राम, ग्राम-सैदाबाद वार्ड न0-01 पोस्ट-जपला, थाना-हुसैनाबाद, अंचल-हुसैनाबाद, पलामू पिन कोड-822116 को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 11.02.2024 से अबतक आप बिना सूचना के स्वेच्छापूर्वक कार्यालय से अनुपस्थित हैं। बिना सूचना अनुपस्थित रहने के कारण इस कार्यालय एवं क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर के विभिन्न पत्रों के माध्यम से आपसे स्पष्टीकरण मांग की गई। आपके द्वारा आजतक कोई भी स्पष्टीकरण कार्यालय को नहीं दिया गया है और ना ही आप कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कियें। इस संबंध में पूर्व में कार्यालय पत्रांक 11 दिनांक 11.09.2024 के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया था।

पुनः आपको सूचित किया जाता है कि विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से 10 (दस) दिनों के अन्दर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण/पक्ष रखना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर आपके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई/दण्डात्क कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा/प्रतिवेदित कर दी जाएगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मवार होंगे।

अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,
पलामू सह गढ़वा सह लातेहार

PR 340785 District (24-25)_D

## कैनबरा में प्रैक्टिस करने उतरे शुभमन गिल

# पिंक बॉल टेस्ट से पहले टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर



**पर्थ में खेलने की है उत्सुकता**
गिल ने कहा, "अभ्यास सत्र के दौरान जब मुझे चोट लगी थी, तो मैं काफी निराश था। पर्थ एकमात्र ऐसा मैदान है, जहां पिछली बार आने पर मैंने नहीं खेला था। मैं वहां खेलने के लिए उत्सुक था, क्योंकि यह एक प्रतिष्ठित मैदान है। लेकिन जिस तरह से हमने वह मैच खेला और मैच के अंत तक पकड़ बनाई रखी।

एजेंसी

कैनबरा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज अब तक भारतीय टीम के लिए अच्छी रही है। पर्थ टेस्ट जीतने के बाद टीम इंडिया का काफिला एडिलेड की ओर रवाना हो चुका है। भारतीय फैंस के लिए राहत की खबर यह है कि कप्तान रोहित शर्मा की वापसी हो चुकी है, जबकि चोटिल शुभमन गिल की वापसी के संकेत सामने आए हैं। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल ने शुक्रवार को कैनबरा में टीम के अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी में वापसी की।

बाएं अंगूठे की चोट के कारण वह पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले से बाहर रहे थे। भारत के शनिवार और रविवार को मनुका ओवल में प्रधानमंत्री इलेवन के खिलाफ खेले जाने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले गिल ने बल्लेबाजी सत्र में थ्रोडाउन का सामना लिया। 30 मिनट तक इसका सामना करने के बाद, उन्होंने थोड़ी देर के लिए प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और यश दयाल का सामना भी किया, जिससे गिल के 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू होने वाले दूसरे गुलाबी गेंद टेस्ट में संभावित वापसी के पहले संकेत मिले। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया है, इसमें गिल ने कहा, "चोट के बाद अभ्यास का यह मेरा पहला दिन था। मैं बस यह जानने की कोशिश कर रहा था कि चोट कितनी ठीक हुई है, क्या खेलने पर मुझे किसी तरह की तकलीफ या दर्द हो रहा है। लेकिन यह वास्तव में मेरी और कमलेश भाई (जैन, भारतीय टीम के फिजियो) की उम्मीद से कहीं बेहतर रहा और मैं इससे बहुत खुश हूं। उनकी अनुपस्थिति में देवदत्त पडिक्कल को भारत 'ए' की ओर से टीम में शामिल किया गया। उन्होंने 0 और 25 रन बनाए, जिससे भारत ने 295 रनों से जीत हासिल की और पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल की।

## धाकड़ गेंदबाज मो. शमी को क्यों ऑस्ट्रेलिया नहीं भेज रहा बीसीसीआई



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) धाकड़ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आखिर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर क्यों नहीं भेज रहा? भारतीय क्रिकेट फैंस के मन में यह सवाल लगातार चल रहा है। 34 वर्षीय शमी फिट हो चुके हैं। उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी के जरिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। वह इन दिनों सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 में बंगाल के लिए खेल रहे हैं। वह एक साल से भारतीय टीम से बाहर हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 फाइनल उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच था। उसके बाद एड़ी की चोट ने लंबे समय के लिए मैदान से दूर कर दिया। उन्हें एड़ी की सर्जरी करानी पड़ी थी। अनेक क्रिकेट एक्सपर्ट का मानना है कि शमी जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज को फिटनेस हासिल करने के बाद फौरन ऑस्ट्रेलिया भेजा जाना चाहिए। हालांकि, बीसीसीआई शमी को लेकर हड़बड़ी नहीं दिखाना चाहता। पर्थ टेस्ट ने भी शमी के जाने के समीकरण बदले है। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ में 295 रनों से रौंदा। पेसर हर्षित राणा और तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी ने अपने डेब्यू टेस्ट में काफी प्रभावित किया। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सिलेक्शन कमेटी ने अभी तक शमी पर कोई फैसला नहीं किया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, फैसला आज

- आईसीसी की मीटिंग पोस्टपोन; सरकार ने कहा- टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी

एजेंसी । दिल्ली



अगले साल फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी पाकिस्तान में होगी या नहीं, इसका फैसला कल होगा। इसके लिए दुबई में आईसीसी ने सभी बोर्ड मेंबर्स की मीटिंग बुलाई थी, लेकिन फैसला नहीं निकल पाने के कारण मीटिंग को पोस्टपोन कर दिया। सूत्रों ने बताया, अब मीटिंग शनिवार को होगी। पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलने के बाद भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर वहां जाने से मना कर दिया था। तब यह माना जा रहा था कि एशिया कप की तरह चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट भी हाइब्रिड मॉडल पर होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पहले भारत के सभी मैच लाहौर में कराने और मैच के बाद खिलाड़ियों को भारत भेजने का प्रस्ताव रखा था। भारत ने इसे नहीं माना तो (पीसीबी) ने हाइब्रिड मॉडल के लिए भी मना कर दिया।

आईसीसी के सूत्रों ने बताया, आज बोर्ड मेंबर्स की कुछ देर मीटिंग हुई थी। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सभी बोर्ड मिलकर सॉल्यूशन निकालना चाह रहे हैं। कुछ दिनों बाद बोर्ड की मीटिंग होगी, जिसमें वेन्यू पर फाइनल फैसला ले लिया जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी द्विपक्षीय सीरीज जनवरी 2013 में हुई थी। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में ही भिड़ी हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी द्विपक्षीय सीरीज जनवरी 2013 में हुई थी। तब से दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में ही भिड़ी हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी भी हाल में पाकिस्तान नहीं जाएगा।

बीसीसीआई को सरकार से पाकिस्तान नहीं जाने के आदेश मिले हैं। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर पाकिस्तान जाने से मना किया है। टीम इंडिया किसी भी हाल में चैंपियंस ट्रॉफी खेलने के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगी। अगर आईसीसी भारत के बिना टूर्नामेंट खेलना चाहता है तो टीम उसके लिए भी तैयार है।

## साक्षी होंगी वसई विरार नगर निगम मैराथन की इवेंट एंबेसडर



**विरार।** राष्ट्रीय स्तर की वसई विरार नगर निगम मैराथन एक बार फिर 8 दिसंबर, 2024 को 12 वें संस्करण के साथ आयोजित की जाएगी। लगभग 58.93 लाख रुपये की बढ़ी हुई पुरस्कार राशि और बैटल रन को फिर से शुरू करने के साथ, यह आयोजन देश में दौड़ में सबसे अधिक पुरस्कार राशि की पेशकश कर रहा है, खासकर भारतीय खिलाड़ियों के लिए। वसई-विरार बेल्ट में शौकिया धावकों को प्रोत्साहित करने के लिए एक अलग पुरस्कार राशि भी बढ़ाई गई है। वसई विरार शहर नगर निगम के आयुक्त अनिल कुमार पवार सहित मैराथन के आयोजन से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने शुक्रवार को विरार में एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। भारत के शीर्ष खिलाड़ियों को उनकी मौजूदगी में इस प्रतियोगिता में आमंत्रित करने की परंपरा को जारी रखते हुए 2016 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक 12वें संस्करण के लिए इवेंट एंबेसडर के रूप में आ रही हैं।

## महिला प्रीमियर लीग 2025 सीजन की छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगा



एजेंसी । नई दिल्ली

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 सीज़न की छोटी नीलामी 15 दिसंबर को बेंगलुरु में होगी। छोटी नीलामी में इंग्लैंड की कप्तान हीदर नाइट, न्यूज़ीलैंड की तेज़ गेंदबाज़ लिया ताहुहु, वेस्टइंडीज़ की ऑलराउंडर ड्रिएंड्रा डॉटिन कुछ बड़े अंतर्राष्ट्रीय नाम होंगे। वहीं भारतीयों में स्नेह राणा, लेग स्पिनर पूनम यादव और बल्लेबाज़ वेदा कृष्णमूर्ति होंगी। टीम बनाने के लिए पांचों फ्रैंचाइज़ी के पास होगा 15 करोड़ का बजट, पिछली बार 13.5 करोड़ था बजट। 2023 और 2024 सीज़न की रनरअप दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी मेग लैनिंग के पास है और इनके पास सबसे छोटा 2.5 करोड़ का बजट है। वहीं पिछले दो सीज़न में सबसे नीचे रहने वाली गुजरात जायंट्स के पास सबसे अधिक 4.4 करोड़ का पर्स है। उन्होंने अपनी टीम से सात खिलाड़ी बाहर किए हैं और वे नई टीम बनाने को देख रहे हैं।

## फेलिक्स, पाओलिनी नवारो एडिलेड में खचाखच भरे मैदान में उतरेंगे

**एडिलेड।** फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, जैस्मीन पाओलिनी उन सितारों में शामिल हैं जो एटीपी 250 इवेंट एडिलेड इंटरनेशनल में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, क्योंकि टूर्नामेंट निदेशक एलिसिया मोलिक 6 से 11 जनवरी 2025 तक द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुष्टि किए गए खिलाड़ियों की क्षमता को लेकर उत्साहित हैं। फेलिक्स (पूर्व विश्व नंबर 6) और डब्ल्यूटीए की शीर्ष 10 रैंकिंग वाली दो खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी, एम्मा नवारो, साथ ही विश्व नंबर 13 डायना श्नाइडर अगले साल की शुरुआत में एडिलेड में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ये खिलाड़ी अपने गृहनगर के पसंदीदा और 2022 के चैंपियन थानासी कोकिनाकिस, दुनिया के 12वें नंबर के टॉमी पॉल, दुनिया के 22वें नंबर के सेबेस्टियन कोर्डा और शीर्ष-10 सितारों जेसिका पेगुला और बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ शामिल होंगे - क्रेजिकोवा मौजूदा विंबलडन चैंपियन हैं।

## हालैंड, एमबाप्पे, बेलिंगहैम फीफा पुरुष पुरस्कार के लिए नामांकितों में शामिल

**ज्यूरिख।** मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड, रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंगहैम सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी श्रेणी में नामांकितों में शामिल हैं, क्योंकि फीफा ने सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2024 के लिए नामांकितों की शॉर्टलिस्ट की घोषणा की है, जो क्लब और राष्ट्रीय-टीम दोनों स्तरों पर महिला और पुरुष फुटबॉल के एक और रोमांचक वर्ष में अग्रणी खिलाड़ियों को पहचान देगा। हालैंड, एमबाप्पे और बेलिंगहैम के अलावा, दानी कार्वाजल (स्पेन), रियल मैड्रिड, फेडेरिको वाल्वरडे (उरुग्वे), रियल मैड्रिड, फ्लोरियन विट्ज़ (जर्मनी), बेयर लीवरकुसेन, पेरिस सेंट-जर्मेन/रियल मैड्रिड, लैमिन यामल (स्पेन), बार्सिलोना, लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना), इंटर मियामी, रोड्री (स्पेन), मैनचेस्टर सिटी, टोनी क्रूस (जर्मनी), रियल मैड्रिड (अब सेवानिवृत्त) और विनीसियस जूनियर (ब्राजील), रियल मैड्रिड।

**पुरस्कार की कई श्रेणियां हैं :** सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर। विजेता का फैसला प्रशंसकों, सभी महिला/पुरुष राष्ट्रीय टीमों के मौजूदा कप्तानों और कोचों और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच समान रूप से पारित होकर किया जाएगा।

### पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी

## अरिजीत सिंह हुंदल के गोल ने भारत को जापान पर 3-2 से जीत दिलाई

एजेंसी



**मस्कट (ओमान)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने गुरुवार को मस्कट, ओमान में पुरुष जूनियर एशिया कप 2024 में अपने दूसरे मैच में जापान के खिलाफ कड़ी टक्कर देते हुए 3-2 से जीत दर्ज की, जिसने दो बार गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की। थोकचोम किंगसन सिंह (12') ने भारत के लिए खाता खोला, लेकिन जापान के नियो सातो (15', 38') ने जल्द ही गोल करके बराबरी हासिल कर ली। दूसरे हाफ में दोनों टीमों के बीच पेनल्टी कॉर्नर पर जोर-आजमाइश हुई। रोहित (36') ने भारत को बढ़त दिलाई, लेकिन नियो सातो ने फिर से गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। अरिजीत सिंह हुंदल (39') ने तीसरे क्वार्टर के अंत में फिर से भारत के लिए बढ़त हासिल की और भारत ने एक गोल की बढ़त को बरकरार रखते हुए अपनी जीत सुनिश्चित की। ोनों टीमें शुरुआती सीटी से ही क्षेत्र के लिए आगे-पीछे की लड़ाई में लगी रहीं, जिसके कारण खेल के तीन मिनट बाद जापान को पेनल्टी कॉर्नर मिला।

बिक्रमजीत सिंह सतर्क रहे और अपने गोल पर किसी भी तरह के खतरे को टालते रहे। जापान द्वारा हाई प्रेस का इस्तेमाल करने के बावजूद, भारत ने चतुर हवाई गेंदों और शानदार कौशल से इसे आसानी से पार कर लिया। दोनों टीमों ने सार्थक कब्जे के लिए संघर्ष किया और दिलराज सिंह ने पहले क्वार्टर में तीन मिनट शेष रहते भारत के लिए पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। थोकचोम किंगसन सिंह ने कॉर्नर से एक भटकी हुई गेंद को उठाया और कम और शक्तिशाली रिवर्स शॉट के साथ भारत को बढ़त दिलाई। हालांकि, अंतिम मिनट में जापान ने अपना खुद का पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया और नियो सातो ने भारतीय डिफेंस को पीछे छोड़ते हुए ड्रैग फ्लिक के साथ बराबरी हासिल की।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## 21 नवंबर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेनों का हो रहा परिचालन : अश्विनी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि 21 नवंबर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ परिचालन में थीं। एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी वंदे भारत ट्रेन ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच, तेज गति, पूरी तरह से सील गैंगवे, ऑटोमैटिक प्लग दरवाजे, मिनी पैंट्री, बोटल कूलर, डीप फ्रिजर और गर्म पानी बॉयलर जैसी सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए मौजूद थी। केंद्रीय मंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के पीछे के औचित्य, सेवाओं-सुविधाएं और यात्री प्रतिक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नौ सांसदों के सवालों के जवाब में जानकारी दे रहे थे। दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर में तीन जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएं मौजूद हैं। इनमें 2039/40 काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल है। इसके अलावा, नई रेल सेवाओं, जिसमें वंदे भारत सर्विस भी शामिल है, की शुरुआत भारतीय रेलवे की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में प्रारंभ और समाप्ति आधार पर महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद हैं। रेल मंत्री ने कहा, "भारतीय रेलवे में, आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे साल एक जैसा नहीं रहता है। यह पैटर्न कम भीड़ और व्यस्त दिनों के दौरान बदलता है। इसके अलावा, कम रुकने वाली और कम समय के साथ सुविधाजनक समय पर चलने वाली ट्रेनों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है। रेल मंत्री ने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल क्षमता 100 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि रेल मदद पोर्टल के जरिए यात्री ट्रेन सर्विस को लेकर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं। 3 सितंबर से 20 नवंबर 2024 के दौरान रेल अनुभव के जरिए वंदे भारत ट्रेनों पर कुल 51,346 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई।

## भारतीय शेयर बाजार शानदार तेजी के साथ हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 759 अंक उछला




एजेंसी

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को हरे निशान में बंद हुआ। इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में ही शानदार तेजी रही। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 759.05 अंक या 0.96 प्रतिशत की तेजी के बाद 79,802.79 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 216.95 अंक या 0.91 प्रतिशत की तेजी के बाद 24,131.10 पर बंद हुआ। निवेशकों की बेहतर धारणा और स्टॉक-विशिष्ट गतिविधियों के कारण घरेलू शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। कारोबारी सत्र की इस तेजी का नेतृत्व फार्मा शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 148.75 अंक या 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 52,055.60 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 91.90 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,392.65 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 139.40 अंक या 0.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,650.95 पर बंद हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, "घरेलू बाजार में लार्ज-कैप द्वारा संचालित रैली जारी रही। त्योहारी सीजन का लाभ उठाते हुए कुछ सेक्टर ने अच्छा प्रदर्शन किया। फार्मा और हेल्थकेयर क्षेत्रों में मजबूत आय और हाल के सुधारों के बाद मूल्यांकन में नरमी के कारण नए सिरे से वृद्धि देखी गई।

## 'विकसित भारत' की यात्रा का हिस्सा बनने के लिए खनन क्षेत्र तैयार : जी. किशन रेड्डी

एजेंसी । नई दिल्ली



केंद्रीय खान मंत्रालय ने देश के अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पहला चरण शुरू कर दिया है। सरकार का यह कदम समुद्र के नीचे खनिज संसाधनों की खोज और विकास में भारत के प्रवेश की एक ऐतिहासिक पहल के रूप में खास है। इस नीलामी का शुभारंभ खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और मंत्रालय के अन्य अधिकारियों ने किया। भारत के अपतटीय क्षेत्र में टेरिटोरियल वॉटर, कॉन्टिनेंटल शेल्फ, एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन और दूसरे समुद्री क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण के तहत कुल 13 ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी, जिसमें रेत के निर्माण और चूना मिट्टी के लिए तीन-तीन ब्लॉक शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 में से सात ब्लॉक पॉलिमेटेलिक नोड्यूल होंगे। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने नीलामी की शुरुआत की सराहना करते हुए इस कदम को "अपतटीय एक्सप्लोरेशन में एक नए युग की शुरुआत" बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी जैसे सेक्टर के लिए संसाधनों को जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो भारत के आत्मनिर्भर बनने की राह में एक अहम कदम होगा। उन्होंने पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करते हुए सरकार के सस्टेनेबल खनन से जुड़े उद्देश्यों पर जोर दिया।

## क्रिसिल ने अदाणी ग्रुप की कंपनियों की मजबूत क्रेडिट रेटिंग्स रखी बरकरार

एजेंसी । नई दिल्ली




क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से अदाणी ग्रुप की कंपनियों की मजबूत रेटिंग्स को बरकरार रखा गया है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया, "अदाणी ग्रुप के पास मध्यम अवधि में अपने कर्ज को चुकाने और पूंजीगत व्यय की योजना को पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्वीडिटी है। अमेरिका में अदाणी ग्रुप के अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र और उसकी गलत कवरेज के बाद भी एजेंसी द्वारा ग्रुप की सभी कंपनियों को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया हुआ है। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि यह रेटिंग्स कारोबार की मजबूती और वित्तीय जोखिम प्रोफाइल पर आधारित हैं। क्रिसिल ने कहा कि उसने अदाणी ग्रुप की 28 कंपनियों को रेटिंग दी हुई है। वित्त वर्ष 2024 में अदाणी ग्रुप का एबिटा 82,917 करोड़ रुपये रहा था। ग्रुप का नेट डेट-टू-एबिटा रेश्यो 2.19 है। सितंबर 2024 तक आठ सूचीबद्ध परिचालन संस्थाओं में समूह का नकद शेष 53,000 करोड़ रुपये से अधिक था। एनर्जी से लेकर पोर्ट तक फैले ग्रुप के इन्फ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो पर जोर देते हुए रिपोर्ट में कहा गया कि ग्रुप की मजबूत बाजार स्थिति और पूंजीगत व्यय समायोजित करने की क्षमता उसकी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाती है।

## बढ़ती वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए नितिन कामत ने दी सलाह

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ती वित्तीय धोखाधड़ी को देखते हुए ऑनलाइन ब्रोकरेज फर्म जिरोधा के सह-संस्थापक और सीईओ नितिन कामत द्वारा शुक्रवार को लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कामत ने बेंगलुरु के एक शख्स द्वारा स्टॉक मार्केट स्कैम में 91 लाख रुपये गंवाने की खबर शेयर करते हुए लिखा कि पिछले 9 महीने में देश में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक के स्कैम हुए हैं। इसके अलावा कामत ने धोखाधड़ी को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण सलाह देते है हुए कहा कि लोगों को टेलीग्राम और व्हाट्सअप में प्राइवेसी सेटिंग में बदलाव करना चाहिए। कामत ने लिखा,"अपनेआप को सुरक्षित रखने के लिए आप टेलीग्राम और व्हाट्सअप की सेटिंग में बदलाव कर सकते हैं, जिससे कि अनजान व्यक्ति आपको किसी ग्रुप में न जोड़ सके।

## देश के वर्कफोर्स में तेजी से बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी

**नई दिल्ली।** बीते कुछ वर्षों में भारत में वर्कफोर्स को लेकर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। यह जानकारी केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने हाल ही में दी। उन्होंने बताया कि देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी में पिछले छह वर्षों में तेजी आई है। महिला रोजगार पर राज्यसभा सांसद सागरिका घोष के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, करंदलाजे ने उच्च सदन को बताया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) में लगातार वृद्धि देखी गई है। 2017-18 में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 22 प्रतिशत और श्रम शक्ति भागीदारी दर 23.3 प्रतिशत थी, जो कि 2023-24 में बढ़कर क्रमशः 40.3 प्रतिशत और 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

कीटनाशक दवा घोटाला मामला

## साक्ष्य के अभाव में आठ आरोपी बरी

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में 1995 में वन विभाग के कीटनाशक दवा घोटाला मामले में सुनवाई हुई। साक्ष्य के अभाव में अदालत ने वन विभाग के अधिकारी, सप्लायर सहित आठ आरोपियों को बरी कर दिया। इस मामले में 14 आरोपी ट्रायल फेस कर रहे थे। इस दौरान छह आरोपियों का निधन हो गया था। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीके सहाय तथा बचाव पक्ष की ओर से प्रकाश चंद्रा, दीपक कुमार ने बहस की। अधिवक्ता प्रकाश चंद्रा व दीपक कुमार ने बताया कि मामले में गाड़ोदिया परिवार के ओम, विजय, विमल, अशोक गड़ोदिया, प्रणव कुमार सेन, अंजनी कुमार सिंह, रामवृद्ध ठाकुर, बसंत मिस्त्री सहित अन्य आरोपित ट्रायल फेस कर रहे थे। पौधे में कीटनाशक दवा खरीद का टेंडर निकला था। सप्लायरों ने कीटनाशक दवा की जगह राख सप्लाई कर दिया था।

# गिरिडीह के निमियाघाट थाने को मिला राष्ट्रीय अवार्ड

## देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में चयनित हुआ है यह थाना

- *निमियाघाट के तत्कालीन थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह ने ग्रहण की ट्रॉफी*
- *भुवनेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिया पुरस्कार*




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के जरिये वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रीय स्तर पर देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में चयनित गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाने को राष्ट्रीय अवार्ड से नवाजा गया। शुक्रवार को भुवनेश्वर के कन्वेंशन सेंटर लोक सेवा भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निमियाघाट थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय की टीम प्रत्येक वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में थाना का निरीक्षण करती है। उसमें से उत्कृष्ट थानों का चयन करती है। निरीक्षण के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाती है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार इस दौरान आम लोगों के साथ पुलिस का व्यवहार, साफ सफाई, अतिरिक्त सुविधाओं में जैसे थाना में पेंट्री की सुविधा, पुलिस कर्मियों को फिट रहने के लिए थाना में उपलब्ध सुविधा, विकलांग लोगों के लिए रैंप की सुविधा, थाना में शिकायत पर कृत कार्रवाई आदि देखा जाता है। पुलिस सूत्रों की मानें, तो निमियाघाट थाने को बेहतर कामकाज के लिए राष्ट्रीय स्तर पर देश के उन टॉप तीन थानों की श्रेणी में गृह मंत्रालय ने शामिल किया था। चयन के लिए कई केरेटेरिया को पार करना पड़ता है। इनमें थाना क्षेत्र में अवैध कारोबार पर लगाम लगाना और जनता से बेहतर संबध बनाए रखना भी शामिल है। हालांकि, चयन प्रक्रिया में 10 और प्वॉइंट शामिल हैं। फिलहाल तीन प्वाइंट प्राथमिकता में शामिल है।

सफाई प्रक्रिया को लेकर गिरिडीह के तत्कालीन एसपी दीपक शर्मा के निर्देश पर एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद और तत्कालीन थानेदार राणा जंग बहादुर सिंह ने कड़ी मेहनत की थी। जनता से बेहतर संबध को लेकर दीपक शर्मा और सुमित प्रसाद खुद प्रयासरत थे। दीपक शर्मा के निर्देश पर अवैध कारोबार कोयला, पशु तस्करी के साथ बालू और पत्थरों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की गई थी।

वर्तमान एसपी डॉ विमल कुमार के निर्देश एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में निमियाघाट थाना ने कई और चीजों पर फोकस किया, जिसमें सफलता मिलने के बाद डीजीपी के निर्देश पर निमियाघाट थाना को राष्ट्रीय अवार्ड के लिए अनुशंसित किया गया था। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गिरिडीह के निमियाघाट थाना का चयन राष्ट्रीय अवार्ड के लिए किया।

## न्यूज | बॉक्स

### सीआईआई झारखंड ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दी बधाई

**रांची।** सीआईआई झारखंड ने हेमंत सोरेन को चौथी बार मुख्यमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। सीआईआई ईस्टर्न रीजन के चेयरमैन सह आरएसबी ट्रांसमिशन लिमिटेड के एमडी सुवेंद्र कुमार बेहरा ने हेमंत सोरेन को बधाई देते हुए कहा है कि झारखंड में औद्योगिक विकास की काफी संभावनाएं हैं और हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में यह राज्य अपनी मंजिल जरूर हासिल करेगा। भारत के उद्योग झारखंड की नई सरकार के साथ काम करने के लिए काफी इच्छुक हैं और सीआईआई राज्य सरकार और उद्योगों के बीच प्रभावी पुल का काम करेगा। सीआईआई झारखंड के चेयरमैन रंजोत सिंह ने कहा कि सीआईआई को पूरा विश्वास है कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में हम आर्थिक रूप से समृद्ध यात्रा देखेंगे। सीआईआई अपनी पहलों को तेज करेगा और विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से राज्य के जनसांख्यिकीय लाभांश की क्षमता को अनलॉक करने के लिए नई सरकार के साथ मिलकर काम करेगा।

### झारखंड कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने सीएम हेमंत सोरेन को दी बधाई

**रांची।** झारखंड में हेमंत सरकार की शानदार वापसी पर कांट्रैक्टर्स एसोसिएसन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस संबंध में शुक्रवार को एसोसिएसन के तरफ से हेमंत सोरेन को एक शुभकामना पत्र भेजा गया है। शुभकामना पत्र में लिखा है कि संगठन की ओर से इस प्रचंड जीत के लिए आपको बहुत-बहुत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस प्रकार से आपकी जीत में हमारे संगठन का पूरा सहयोग रहा है, उसी प्रकार हम भी आपसे उम्मीद करते हैं कि आपके दूसरे कार्यकाल में संगठन को आपका पूरा सहयोग मिलेगा एवं हमारे स्थानीय संवेदक भाइयों को उनका उचित हक मिलेगा। मुख्यमंत्री आपकी इस दूसरी पारी के साथ हमारा संगठन भी आपके साथ दूसरी पारी की शुरूआत करने जा रहा है एवं स्थानीय संवेदकों के हक के लिए हमारी लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

### पूजा सिंघल की जमानत पर हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 13 दिसंबर को



**रांची।** निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इस मामले में ट्रायल की क्या स्थिति है, यह बताने का निर्देश दिया। हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट अब पूजा सिंघल की जमानत पर 13 दिसंबर को सुनवाई करेगा। इससे पहले, रांची पीएमएलए के विशेष कोर्ट ने 26 सितंबर को पूजा सिंघल को बेल देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। ज्ञात हो कि ईडी ने 05 मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सीए सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये कैश बरामद हुए थे। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

### हत्या के मामले में दो महिला सहित छह आरोपी दोषी करार

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने शुक्रवार को पुराने विवाद को लेकर हुई राज उरांव की हत्या मामले में दो महिला सहित छह आरोपित दोषी करार दिया है। सजा के बिंदु पर छह दिसंबर को सुनवाई होगी। मामला एक अगस्त 2017 का है। इस संबंध में मृतक की पत्नी उर्मिला देवी ने दो महिला सहित आठ आरोपियों के खिलाफ मांडर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी में उर्मिला देवी ने कहा था कि उसका पति राज उरांव मिस्त्री था। घटना के दिन शाम चार बजे वह फुटबॉल खेलकर बाइक से घर लौटा था। वह बाइक से उतरा भी नहीं था कि पहले से घात लगाए हुए उक्त आरोपी उस पर टूट पड़े। लाठी-डंडा से मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### छेड़छाड़ करने के आरोपी को मिली एक वर्ष की सजा

**रांची।** युवती से छेड़छाड़ करने के आरोपी संजय मुंडा को दोषी पाकर एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी गई है। यह फैसला प्रथम श्रेणी के न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी को अलग से 11,500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर उसे अलग से 52 दिन की सजा काटनी होगी। आरोपी के खिलाफ पीड़ित युवती ने प्राथमिक दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार युवती 23 फरवरी 2022 को पहाड़ी क्षेत्र की तरफ खेत पर गई थी। पीछा करते हुए आरोपी भी वहां पहुंचा और उसके साथ छेड़खानी करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की। युवती के शोरगुल करने पर ग्रामीण पहुंच गए। कोर्ट में मामले की सुनवाई के दौरान छह गवाहों के बयान दर्ज कराए गए थे। पीड़ित युवती के बयान के आधार पर कोर्ट में आरोपित संजय मुंडा को भादवि की धारा 341, 354 और 323 में दोषी पाकर सजा सुनाई गई।

## सीएमपीडीआई परिवार के 3 सेवानिवृत्त सदस्यों को किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआई परिवार के तीन सदस्यों की सेवानिवृत्ति पर संस्थान के कांफ्रेंस हॉल में शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को मान-पत्र, प्रतीक चिह्न व शॉल देकर कंपनी की ओर से सम्मानित किया। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान की प्रशंसा की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी एवं दीघार्यु जीवन की कामना की।

स्वागत भाषण एवं मंच संचालन उप प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) संजय कादंबर ने किया। मौके पर (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार एवं निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, राकेश रंजन-महाप्रबंधक (खनन), धनंजय जैन-वरीय वैज्ञानिक सहायक और राजेंद्र नाथ-वरीय वैज्ञानिक सहायक, यूनियन के प्रतिनिधि सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्यी, टुकलाल और डॉ राजीव डे तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि अभिषेक कुमार मौजूद थे।

## अनुराग गुप्ता ने ग्रहण किया झारखंड डीजीपी का प्रभार, कहा

# पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर होगा जोर

- *पुलिस बहाली, ससमय प्रोन्नति और विशेष प्रशिक्षण पर दिया जाएगा बल*
- *पुलिस आमलोगों के साथ करे अच्छा व्यवहार, यह प्राथमिकता होगी*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचकर झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का प्रभार ग्रहण किया। इस मौके पर पदभार संभालने के बाद डीजीपी ने कहा कि पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर होगा। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाना, विधि व्यवस्था संधारण, आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास जगाना, पुलिस की आंतरिक व्यवस्था सुदृढ़ करने पर जोर होगा। साथ ही, पुलिस बहाली, समय पर प्रोन्नति और विशेष प्रशिक्षण कराने पर बल दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जहां पुलिस फोर्स की जितनी जरूरत होगी, वहां उतनी प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जायेगी। गुप्ता ने कहा कि पुलिस का आमलोगों के साथ अच्छा व्यवहार, उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन, बुजुर्ग, कमजोर एवं महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उनकी पूरी कोशिश होगी कि किसी भी तरह के आपराधिक घटना होने पर पुलिस का क्विक रिस्पॉन्स हो। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुरुवार की रात सरकार ने सीआईडी एवं एसीबी डीजी के पद पर पदस्थापित अनुराग गुप्ता को झारखंड डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार दिया था। आईपीएस अनुराग गुप्ता झारखंड पुलिस में महत्वपूर्ण पदों पर काम कर चुके हैं। वह गढ़वा एवं हजारीबाग एसपी और रांची के एसएसपी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। इसके अलावा वह बोकारो रेंज के डीआईजी के पद पर लंबे समय तक काम कर चुके हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय में उन्हें लंबे समय तक एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद पर काम करने का भी अनुभव है। गुप्ता 1990 बेच के तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी है। पदभार ग्रहण के दौरान आरके मल्लिक, पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, डॉ संजय आनंदराव लाठकर अपर पुलिस महानिदेशक अभियान, सुमन गुप्ता अपर पुलिस महानिदेशक आधुनिकीकरण एवं प्रशिक्षण, अमोल विनुकांत होमकर पुलिस महानिरीक्षक अभियान, पंकज कंबोज पुलिस महानिरीक्षक प्रोविजन, अन्नेपु विजयालक्ष्मी पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण, इंद्रजीत महथा पुलिस उप-महानिरीक्षक झारखंड जगुआर, कार्तिक एस पुलिस उप-महानिरीक्षक विशेष शाखा, नौशाद आलम पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्मिक सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नाबालिग से यौन उत्पीड़न मामले में दोषी को तीन साल की सजा



**रांची।** नाबालिग से यौन उत्पीड़न के एक मामले में विशेष कोर्ट ने शुक्रवार को पोक्सो एक्ट के तहत विनोद लोहरा को दोषी माना और उसे तीन साल कैद की सजा सुनाई। साथ ही, कोर्ट ने उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि न देने पर उसे अतिरिक्त सजा काटनी होगी। पीड़िता के परिजन ने मांडर थाना में अप्रैल 2021 में अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में गवाही के दौरान अभियोजन की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई गई थी।

## डीजीपी से मिला सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल, दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फुलचंद तिर्की के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी को पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं और बधाई दी। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि अनुराग गुप्ता को झारखंड सरकार के जरिये फिर से डीजीपी बनाया जाना खुशी की बात है। उम्मीद करते हैं कि राज्य के आदिवासियों के साथ न्याय होगा। इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की, सचिव विनय उरांव सहाय तिर्की, प्रमोद एक्का, पंचम तिर्की एवं अन्य मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले सांसद विधायक और अधिकारी, दी बधाई





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सांसद, विधायक और अधिकारियों ने उनसे शिष्टाचार भेंट की और उन्हें शुभकामनाएं व बधाई दी। बधाई व शुभकामना देने वालों में मुख्य रूप सें सांसद जोबा मांझी, विधायक प्रदीप यादव, विधायक लुईस मरांडी, विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी एवं विधायक जगत मांझी शामिल रहे। जनप्रतिनिधियों ने झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन से भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव एवं उनके परिजनों ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही, मुख्यमंत्री से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस अधीक्षक देवघर अजीत पीटर डुंगडुंग ने भी शिष्टाचार मुलाकात की।

## एफजेसीसीआई की कार्यकारिणी समिति की बैठक में समस्याओं के समाधान पर हुई चर्चा

# बंगाल बॉर्डर पर गाड़ी रोकने से आलू की आवक ठप हो जाएगी : परेश गट्टानी

**चैंबर ने सरकार से कहा**

- भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी किया जाए
- बालू की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनाई जाए
- कृषि शुल्क विधेयक को स्थायी रूप से समाप्त किया जाए




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की कार्यकारिणी समिति की तीसरी बैठक चैंबर भवन में शुक्रवार को अध्यक्ष परेश गट्टानी की अध्यक्षता में हुई। पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आलू की आवक रोक दिए जाने से भविष्य में होने वाली कठिनाई पर सदस्यों ने चिंता जताई और मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि झारखंड का बाजार आलू की आपूर्ति के लिए पूरी तरह पश्चिम बंगाल पर निर्भर है। बंगाल बॉर्डर पर गाड़ियों को रोकने से झारखंड के बाजार में आलू की आवक पूरी तरह से ठप हो जाएगी, जिससे निकट भविष्य में आमजनों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। राज्य में स्थिर सरकार के गठन पर प्रसन्नता जताते हुए कार्यकारिणी समिति ने झारखंड में भवन नियमितीकरण योजना को जल्द प्रभावी करने, बालू की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य बनाने तथा कृषि शुल्क विधेयक को स्थायी रूप से समाप्त करने की सरकार से अपील की गई। यह भी कहा गया कि सरकार को लैंड रिफॉर्म्स की दिशा में भी ठोस पहल करनी चाहिए। चैंबर अध्यक्ष ने जल्द ही विभागवार समस्याओं से जुड़े मुद्दों पर मुख्य सचिव से मिलकर वार्ता करने की बात कही। बैठक के दौरान 23 अतिरिक्त उप समितियों और उनके चेयरमैन का मनोनयन भी किया गया। इस बैठक से पूर्व भी 45 उप समितियों का गठन किया गया है। नगरउंटारी के पदाधिकारियों के आग्रह पर चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने जल्द ही पलामू जिले का दौरा करने की बात कही। यह भी कहा कि जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक चैंबर को प्रभावी बनाने के लिए वर्तमान सत्र में निरंतर प्रयासों को गति दी जाएगी। बैठक के दौरान क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने संताल परगना प्रमंडल तथा अमित साहू ने नॉर्थ छोटानागपुर प्रमंडल की समस्याओं से सभा को अवगत कराया।

पूर्व के चुनाव कार्यों में संलग्न बसों का भुगतान करने में मिले सहयोग के लिए बस ओनर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने चैंबर अध्यक्ष के प्रति आभार जताया। हाल के दिनों में नए-नए तरीके से साइबर क्राइम की बढ़ती गतिविधियों से होने वाली कठिनाइयों से भी सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया। व्यापारियों की असुविधा को देखते हुए चैंबर द्वारा जल्द ही साइबर क्राइम जागरूकता कार्यशाला के आयोजन का निर्णय लिया गया। यह भी कहा गया कि उच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद प्रायः प्रत्येक चुनाव में प्रशासन द्वारा पंडरा बाजार की दुकानों/गोदामों का अधिग्रहण मतगणना के लिए किया जाता है। जल्द ही इस मामले में रांची उपायुक्त के साथ एक बैठक कर, मतगणना के लिए वैकल्पिक स्थान का चयन करने का निर्णय लिया गया। भगवान बिरसा मुंडा के वंशज मंगल मुंडा के निधन पर दुख प्रकट करते हुए कार्यकारिणी समिति ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना जताई। मौके पर चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अनिल अग्रवाल, आस्था किरण, डॉ अभिषेक रामाधीन, मुकेश अग्रवाल, प्रवीण लोहिया, राम बांगड, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, शैलेष अग्रवाल, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष अरुण बुधिया, मनोज नरेडी, रंजीत टिबड़ेवाल, पवन शर्मा, किशोर मंत्री, उप समिति चेयरमेन आनंद कोठारी, प्रियांक भगत, तेजविंदर सिंह, सुरेश अग्रवाल, सीए जेपी शर्मा, महेंद्र जैन, दीनदयाल बरनवाल, सोनी मेहता, आनंद जालान, किशन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नीहित गाडोदिया, संजय सिंह, अमित किशोर, शषांक भारद्वाज, दिलीप शाह, शैलेंद्र सुमन, हृदयानंद कमलापुरी, शंभूनाथ सौदागर उपस्थित थे।

# आदिवासी मूलवासी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज झामुमो में होंगे शामिल

## मंच के कार्यकर्ता सीएम आवास पहुंच कर सीएम को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विस चुनाव में इंडी गठबंधन को जनादेश मिलने के बाद शुक्रवार को आदिवासी मूलवासी मंच के सैकड़ों कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और उन्हें 51 किलो के फूल से बने माला को पहनाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान आदिवासी मूलवासी मंच के लोगों ने आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा की। आदिवासी मूलवासी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने बताया कि वे एक सप्ताह के बाद झामुमो में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासियों के वोट से बहुमत की सरकार बनी है। झारखंड से पलायन को रोकने के लिए राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए जाने की बात रखी। उन्होंने कहा कि अंचल में कर्मचारी बिना पैसे लिए कोई काम नहीं करते हैं, तो वैसे कर्मचारियों को चिह्नित कर कार्रवाई होनी चाहिए। अध्यक्ष रंजीत टोप्पो ने कहा कि आदिवासियों के लिए उद्योग खोलने का काम किया जाए। सरकार की ओर से सीएनटी एक्ट की जमीन पर लोन उपलब्ध कराए जाएं। इससे पूर्व, आदिवासी मूलवासी मंच के सैकड़ो कार्यकर्ता डॉ रामदयाल फुटबॉल मैदान से मुख्यमंत्री आवास तक जुलूस निकाला। इस दौरान वे पारंपरिक वाद्ययंत्र पर थिरकते रहे। ये कार्यकर्ता सीएम हाउस में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर थिरकते रहे। मुख्यमंत्री हाउस पर पटाखे भी फोड़े गए। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी। उन्हें सरना अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण मुंडा, कुमोद कुमार वर्मा, मोहन तिर्की, मिथलेश कुमार, अमित मुंडा, अजीत लकड़ा, विक्की करमाली, अनिल उरांव, डबलू मुंडा, खुशबू नायक, रोहित कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### लागू हो सरना धर्म कोड : डबलू मुंडा

कांके रोड सरना समिति के अध्यक्ष डबलू मुंडा ने मुख्यमंत्री से झारखंड में जल, जंगल और जमीन के रक्षा की मांग की। राज्य के आदिवासियों के हित में काम करने पर जोर देने की अपील की। सरना धर्म कोड देश में लागू कराने पर भी जोर दिया। डबलू मुंडा ने कहा कि तेजी से आदिवासियों की धार्मिक जमीन का हस्तांतरण हो रहा है। ऐसे में जमीन को चिह्नित कर सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा की मांग, संगठन ने भारत से की खास अपील

**एजेंसी । कोलकाता**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और उनके मंदिरों व संपत्तियों पर बढ़ते हमलों को लेकर बांग्लादेश उत्तराधिकार मंच ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। संगठन ने भारत से भी मदद की गुहार लगाई है।

संगठन के अध्यक्ष रियाज मन्नान ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और उनके मंदिरों व संपत्तियों पर बढ़ते हमलों को लेकर खासी चिंता जताई है। संगठन की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक बांग्लादेश में हिंदुओं की धार्मिक आस्थाओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। मंदिरों पर हमले, मूर्तियों को तोड़ना और हिंदुओं की संपत्तियों को नष्ट करना आम हो गया है। इन घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है, लेकिन सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। संगठन ने बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और धार्मिक स्थलों पर हो रहे हमलों और अल्पसंख्यकों की संपत्तियों पर कब्जा रोकने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है। संगठन ने भारत से अपील करते हुए कहा है कि भारत सरकार इस मामले को गंभीरता से ले और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए। मंच ने कहा कि भारत, बांग्लादेश के एक प्रमुख साझेदार के रूप में, वहां के अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए आवाज उठाए। साथ ही बांग्लादेश उत्तराधिकार मंच ने संयुक्त राष्ट्र से भी अपील की है कि वह बांग्लादेश में हो रहे इन मानवाधिकार उल्लंघनों की जांच करे और अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने के लिए कदम उठाए। संगठन का कहना है कि अगर बांग्लादेश सरकार जल्द कदम नहीं उठाती है तो यह मामला और गंभीर हो सकता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी अपील की कि वे इसे मानवाधिकार उल्लंघन का मुद्दा मानते हुए हस्तक्षेप करें।



फाइल फोटो

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभानी चाहिए: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी निभाने को कहा है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं को केवल मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय की आज साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश सरकार के साथ हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर खतरों और लक्षित हमलों को लगातार और



दृढ़ता से उठाया है। अंतरिम सरकार को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने चरमपंथियों की ओर से अल्पसंख्यकों के खिलाफ बयानबाजी बढ़ने पर भी चिंता जाहिर की है। प्रवक्ता ने कहा कि हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं को केवल मीडिया की अतिशयोक्ति कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। हम बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का आह्वान करते हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में तख्ता पलट के पहले से ही अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। हाल ही में वहां हिन्दू धमार्चार्य की गिरफ्तारी भी बड़ा मुद्दा बनी थी। भारत लगातार बांग्लादेश से अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाता रहा है।

## चिन्मय कृष्ण दास समेत इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते फ्रीज



**ढाका।** बांग्लादेश को चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और जेल में डाले जाने पर दुनिया भर के हिंदुओं से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने कथित तौर पर देश के बैंकों को बांग्लादेश में 'अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ' (इस्कॉन) से जुड़े 17 लोगों के खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया है।

## ड्रग मामले में अभिनेता एजाज खान की पत्नी हुई गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम ) की टीम ने फिल्म अभिनेता एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलीवाला को ड्रग मामले में उनके जोगेश्वरी स्थित आवास से गिरफ्तार किया है। साथ ही कस्टम की टीम ने आवास पर कथित तौर पर विभिन्न नशीले पदार्थ जब्त किए हैं। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। कस्टम सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि उनकी टीम ने 8 अक्टूबर को एजाज खान के अंधेरी स्थित ऑफिस के कर्मचारी सूरज गौड़ को कूरियर के जरिए यूरोपीय देश से 100 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) मंगवाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। कस्टम की टीम तब से इस मामले की गहन छानबीन कर रही थी। इसी दौरान सूरज गौड़ से पूछताछ में पता चला कि ड्रग मामले में एक्टर एजाज खान की पत्नी भी शामिल है। इसके बाद मुंबई कस्टम की टीम ने एजाज खान के जोगेश्वरी स्थित आवास पर छापा मारा था। इस दौरान 130 ग्राम मारिजुआना और अन्य नशीले पदार्थ बरामद मिले। इसके बाद कस्टम विभाग की टीम ने एजाज खान की पत्नी फॉलन गुलिवाला को गिरफ्तार किया है। कस्टम की टीम गुलीवाला से गहन पूछताछ कर रही है।



## महाराष्ट्र के गोंदिया में भीषण बस दुर्घटना में 9 की मौत, 35 घायल

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को दोपहर में एक भीषण सड़क हादसे में बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। यह हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य महामार्ग पर ग्राम खजरी के पास हुआ। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। हादसे में 35 यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।

# सत्ता को जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले देश के खिलाफ साजिश में जुटे

### ओडिशा, हरियाणा और अब महाराष्ट्र, यही है भाजपा की विशेषता और ताकत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा में एक जनसभा में कहा कि महाराष्ट्र, हरियाणा और देश में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में विश्वास भरा है। उन्होंने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि ऐसे में सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले देश के खिलाफ साजिश में जुटे हैं। ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकताओं को संबोधित किया। महाराष्ट्र और हरियाणा में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव तथा देशभर में हुए उपचुनाव के नतीजों ने पूरे देश में जो विश्वास भर दिया है, वो आपकी आंखों में मैं देख रहा हूं। पहले ओडिशा, फिर हरियाणा और अब महाराष्ट्र। यही तो भाजपा की विशेषता है। यही तो भाजपा के कार्यकतार्ओं का सामर्थ्य है। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्षी दल भाजपा सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करते रहते हैं लेकिन जनता भाजपा सरकार के कामों को देखकर उन्हें आशीर्वाद देने खुद मैदान में दौड़ पड़ती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ओडिशा की जनता तक अपने मन के भाव पहुंचाने में भाषा कभी रुकावट नहीं बनी।

### संविधान की भावनाओं को कुचल रहे विपक्षी



विपक्ष को घेरते हुए कहा कि ऐसे में सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले देश के खिलाफ साजिश में जुटे हैं।

राजनीति के रंग और तरीके का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति में नीतिगत विरोध बहुत स्वाभाविक है। किसी भी निर्णय को लेकर अलग-अलग मत हो सकते हैं। राजनीतिक दल अपनी बात जनता के बीच पहुंचाने के लिए आंदोलन भी करते रहते हैं। लोकतंत्र और संविधान की मयार्दा में रहकर अपने विचार भी प्रकट करते हैं लेकिन पिछले कुछ समय से एक बहुत बड़ा बदलाव आप सब महसूस कर रहे होंगे। भारत के संविधान की भावनाओं को कुचल दिया जाता है, लोकतंत्र की सारी मान-मयार्दाओं को अस्वीकार किया जाता है। जो लोग सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उनके पास केंद्र की सत्ता पिछले एक दशक से नहीं है। अब पहले दिन से देश की जनता किसी और को आशीर्वाद दे, इसका गुस्सा उन्हें देश की जनता पर भी है। इस स्थिति ने उनके अंदर इतना गुस्सा भर दिया है कि वो देश के खिलाफ साजिश करने में जुटे हैं। ये लोग अपना गुस्सा जनता पर ही निकालने लगे हैं।

## क्या ट्रेन में एसी बोगी में मिलने वाले कंबल से हो सकती है बीमारी?

**ब्यूरो**



- लगभग 30 दिन में होती है इन कंबल की धुलाई
- तब तक कम से कम 30 लोग इसे ओढ़ चुके होते हैं

**नई दिल्ली।** क्या आपको पता है कि ट्रेन के एसी वाले बोगी में मिलने वाले कंबल को कितने दिन बाद धोया जाता है? उसके पहले इसको कितने लोग ओढ़ चुके होते हैं? ओढ़ने वालों में से कितने को किस -किस तरह की बीमारी होगी ? इस कंबल को ओढ़ने से कितने को उन बीमारी का संक्रमण हुआ होगा? संसद में एक सांसद के पूछने पर रेल मंत्री ने जो दबाव दिया , उसको जानकर आप भी सिर पीठ लेंगे। कांग्रेस सांसद कुलदीप इंदौरा ने ट्रेन के एसी बोगी में दिये जाने वाले कंबल की धुलाई और साफ-सफाई को लेकर रेल मंत्री से सवाल पूछा था। इसके लिखित जवाब में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि महीने में कम से कम एक बार कंबल की धुलाई अवश्य की जाती है।

मालूम हो कि ट्रेन के वातानुकूलित श्रेणी वाले बोगी में रेलवे बेड रोल देता है। इसके बारे में कुछ - कुछ माह पर कहीं न कहीं गंदे चादर व कंबल दिये जाने की खबर दिख ही जाती है। चादर व तकिया कवर की तो हर इस्तेमाल के बाद धुलाई हो जाती है, लेकिन कंबल को समेट कर फिर से अगले पैसेंजर को दे दिया जाता है। अनुमान है कि एक ओवरनाइट ट्रेन में एक महीने के दौरान एक कंबल को लगभग 30 यात्री इस्तेमाल कर लेते हैं रेल मंत्री वैष्णव ने संसद सदस्यों को यह भी बताया कि बेड रोल में कंबल के साथ दो चादरों की सप्लाई की जाती है। एक चादर बर्थ पर बिछाने के लिए होता है जबकि दूसरा चादर कंबल पर कवर के रूप में उपयोग के लिए। रेलवे के अधिकारी बताते हैं दूसरा चादर हमेशा कंबल से चिपका लेना चाहिए और चादर वाली तरफ से ओढ़ना चाहिए। ऐसा इसलिए ताकि दूसरे यात्रियों का उपयोग किया गया कंबल आपके शरीर से सीधे संपर्क में नहीं आए। जवाब के मुताबिक वर्तमान निर्देशों के अनुसार भारतीय रेलवे में प्रयुक्त कंबल हल्के होते हैं। इन्हें धोना आसान होता है तथा ये यात्रियों को अच्छा इन्सुलेशन प्रदान करते हैं, जिससे यात्रा का अनुभव आरामदायक होता है। उनके जवाब में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए अन्य उपायों के बारे में भी बताया गया, जिनमें बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उन्नत बीआईएस विनिर्देशों के साथ नए लिनन सेटों की खरीद, स्वच्छ लिनन सेटों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मशीनीकृत लांड्रियां, लिनन की धुलाई के लिए मानक मशीनों और निर्दिष्ट रसायनों का उपयोग, तथा लिनन धुलाई गतिविधियों की निगरानी शामिल है। रेल मंत्री वैष्णव के जवाब में कहा कि धुले हुए लिनेन की गुणवत्ता की जांच के लिए व्हाइटो-मीटर का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब चादरों का जीवन काल (कम कर दिया गया है। इससे जल्दी ही अब चादरों को चलन से बाहर कर दिया जाता है। इससे नई चादरों को तेजी से शामिल किया जा रहा है।यात्रियों की शिकायतों से परेशान रेलवे ने बीते वर्ष से नई व्यवस्था अमल में लाने का फैसला किया था। यह व्यवस्था थी क्यूआर कोड की। इस व्यवस्था को लाते समय बताया गया था कि कंबलों के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही पैसेंजर जान लेंगे कि आखिरी बार चादर या कंबल कब धुले हैं। जिसके बारे में कई नेता कहते हैं , लेकिन यदि उसमें डाटा सही न भरा गया हो तो?

## भारत की आर्थिक वृद्धि दर जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 % पर आ गई

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.582 अरब डॉलर रह गया

**ब्यूरो । नई दिल्ली**

सरकार की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र का जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 1.7 प्रतिशत था। विनिर्माण क्षेत्र की जीवीए वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 2.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 14.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1% रह गई।2024-25 में अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8.2 प्रतिशत की तुलना में 6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 12.7 प्रतिशत थी।वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं में जीवीए की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व की 10.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। निर्माण क्षेत्र में दूसरी तिमाही में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की 13.6 प्रतिशत से कम है।2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। एनएसओ ने एक बयान में कहा, "2024-25 की दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी 44.10 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2023-24 की दूसरी तिमाही में यह 41.86 लाख करोड़ रुपये होगी, जो 5.4 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है।

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार 2024-25 की दूसरी तिमाही में मौजूदा कीमतों पर नाममात्र जीडीपी या जीडीपी 76.60 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जबकि 2023-24 की दूसरी तिमाही में यह 70.90 लाख करोड़ रुपये होगी, जो 8.0 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है।बयान में कहा गया है कि अर्ध-वार्षिक आधार पर 2024-25 के अप्रैल-सितंबर (वित्त वर्ष 25 की पहली छमाही) में वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी 87.74 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2023-24 की पहली छमाही में यह 82.77 लाख करोड़ रुपये होगी, जो 6 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है।इसमें कहा गया है कि 2024-25 की पहली छमाही में मौजूदा कीमतों पर नाममात्र जीडीपी या जीडीपी 153.91 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जबकि 2023-24 की पहली छमाही में यह 141.40 लाख करोड़ रुपये होगी, जो 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्शाती है।इस दौरान सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों के अंत में केंद्र का राजकोषीय घाटा पूरे वर्ष के लक्ष्य का 46.5 प्रतिशत तक पहुंच गया। महालेखा नियंत्रक (सीजीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वास्तविक रूप से राजकोषीय घाटा - सरकार के व्यय और राजस्व के बीच का अंतर - अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान 7,50,824 करोड़ रुपये था। वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में घाटा बजट अनुमान (बीई) का 45 प्रतिशत रहा।आरबीआई के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.582 अरब डॉलर रह गया।

## सरोगेसी के नाम पर यौन उत्पीड़न, महिला ने की आत्महत्या, एनएचआरसी ने लिया संज्ञान

**ब्यूरो । नई दिल्ली**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तेलंगाना में हैदराबाद के रायदुर्गम क्षेत्र में 27 नवंबर को एक व्यक्ति पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए एक महिला द्वारा आत्महत्या करने से संबंधित मीडिया रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लिया है।

आयोग ने तेलंगाना सरकार से इस संबंध में दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। एनएचआरसी की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि ओडिशा की पीड़िता को कथित तौर पर उसके पति के साथ 10 लाख रुपये के सौदे के तहत सरोगेसी के लिए बिचौलियों के माध्यम से शहर में लाया गया था। उसे शहर में अपने पति से दूर एक अलग फ्लैट में अकेले रहने के लिए मजबूर किया गया था। आयोग ने पाया है कि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री, यदि सत्य है तो पीड़ित महिला के मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाती है। आयोग ने तेलंगाना के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर मामले में दर्ज एफआईआर की स्थिति सहित दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग पुलिस अधिकारियों से यह भी जानना चाहेगा कि क्या राज्य में सरोगेसी के नाम पर महिलाओं के उत्पीड़न के बारे में लोगों की ओर से कोई शिकायत है।

# ईवीएम में तथाकथित धांधली को लेकर सुप्रीम कोर्ट, विभिन्न हाई कोर्ट में 42 याचिकाएं दायर

**ब्यूरो । नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में तथाकथित धांधली को लेकर सर्वोच्च न्यायालय व विभिन्न हाई कोर्ट में लगभग 42 याचिकाएं दायर की गई हैं। ईवीएम से छेड़छाड़ व हैकिंग को रोकने के लिए केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से सवाल किया गया। उन्होंने बताया कि ईवीएम एक स्टैंडअलोन मशीन है। इसमें कोई रेडियो फ्रीक्वेंसी



संचार क्षमता नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "चुनाव आयोग के अनुसार, ईवीएम एक स्टैंडअलोन मशीन है। इसमें कोई रेडियो फ्रीक्वेंसी संचार क्षमता नहीं है। यह वायरलेस, ब्लूटूथ व वाई-फाई के माध्यम से संचार नहीं कर सकती है।" लिखित में जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, "किसी भी हेरफेर को रोकने के लिए मशीन को इलेक्ट्रॉनिक रूप से संरक्षित किया गया है।

इसमें कई तकनीकी सुरक्षा विशेषताएं शामिल हैं।" अपने उत्तर में मेघवाल ने यह भी बताया कि चुनाव आयोग ने ईवीएम के भंडारण और ट्रांसपोर्टेशन के दौरान सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल (24x7 सीसीटीवी, सशस्त्र सुरक्षा, लॉगबुक और जीपीएस आधारित वाहन) जैसी कठोर और सुरक्षित प्रशासनिक प्रक्रियाएं लागू की हैं। इसमें गैर-चुनाव अवधि से मतगणना स्थल ले जाने के लिए ईवीएम गोदाम या स्ट्रांग रूम की वीडियोग्राफी के साथ मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की उपस्थिति में खोलना और बंद करना शामिल है। बता दें कि एक ईवीएम के लिए कम से कम एक मतपत्र इकाई और एक पेपर ट्रेल मशीन बनती है। मालूम हो कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया था। उन्होंने दावा किया था कि ईवीएम की बैटरी में अलग-अलग स्तर की चार्जिंग से अलग-अलग नतीजे मिलते हैं। चुनाव आयोग ने शिकायत खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल संदेह का धुंआ उठा रही है।इधर कांग्रेस कार्य समिति को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ईवीएम ने मतदान प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए।